दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, रविवार 11 फरवरी 2024, वर्ष-9 अंक- 310 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

पहले कर्पुरी ठाकुर को भारत रत्न देकर नीतीश कुमार से पाला बदलवा लिया। अब देश के दो पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिंह राव के साथ ही कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन को भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा कर पीएम मोदी ने पहले से कमजोर विपक्ष को चारों खाने चित कर दिया। राष्ट्रीय लोकदल के नेता जयंत चौधरी ने साफ कह दिया कि अब वे किस मुंह से एनडीए में शामिल होने से इनकार कर सकते हैं? पीवी नरसिंहराव को सम्मान मिलने से कांग्रेस में भी खलबली मच गई है। इसे कहते हैं मास्टर स्ट्रोक।

पक्ष-विपक्ष ने राम नाम के तीर से साधा निशाना

अंतिम सत्र: राममय लोकसभा

- लोकसभा के आखिरी सत्र के अंतिम दिन लोकसभा में सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के सदस्यों ने राम के नाम पर अपनी बात रखी

नयी दिल्ली/(वार्ता) सत्रहवीं लोकसभा के आखिरी सत्र के अंतिम दिन लोकसभा में सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के सदस्यों ने राम के नाम पर आज जमकर राजनीति करते हुए एक-दूसरे पर निशाना साधा और कहा कि राम का नाम ही सत्य एवं सनातन है तथा उसमें ही लोक कल्याण समाहित है।

लोकसभा में भाजपा के सत्यपाल सिंह ने नियम 193 के तहत 'राम मंदिर का निर्माण एव श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा' विषय पर आयोजित चर्चा में हिस्सा लेते हुए शनिवार को कहा कि राम सर्वत्र हैं.. राम सबके हैं.. राम हमारे पूर्वज हैं.. राम घाट घाट वासी हैं.. राम रोम रोम वासी हैं.. राम संप्रदायिक नहीं है.. राम सत्य.. सनातन और शाश्वत हैं।

कांग्रेस ने राम के अस्तित्व को किया था खारिज

कांग्रेस पर राम को नकराने का आरोप लगाया और कहा कि 2007 में राम सेतु को लेकर जब मामला कोर्ट में चला था तो कांग्रेस ने न्यायालय में राम के अस्तित्व को ही खारिज कर दिया था। ऐसा कर कांग्रेस ने तब न सिर्फ राम क नकारा बल्कि राम से जुड़ी अपनी सभ्यता, संस्कृति और विरासत को भी नकार दिया था।

जहां राम हैं वही राष्ट्र है

उन्होंने कहा कि जहां राम हैं वही राष्ट्र है, जहां राम नहीं है वहां राष्ट्र नहीं हो सकता और इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रतीक राम मंदिर का निर्माण करवाया है।

एक लाख 74000 लोगों की जान गई

भाजपा नेता ने कहा कि 500 साल पहले जब राम मंदिर तोड़ा गया था, तब ही राम भक्तों ने दोबारा मंदिर निर्माण का संकल्प ले लिया था। इसके लिए एक लाख 74000 लोगों ने अपनी जान दी। अयोध्या में 50 कार सेवकों पर गोली चलाई गई थी। साल 1854 में जब से राम चबूतरे के निशान मिले थे तब से ही राम मंदिर निर्माण की अलख तेजी से जगने लगी थी।

भाजपा राम के नाम का राजनीतिक लाभ ले रही- गोगोई

कांग्रेस के गौरव गोगोई ने चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि भाजपा राम के नाम का राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करती है। उनका कहना था कि राम सेवा भाव है और सेवा भाव से जनता को अधिकार देने का काम कांग्रेस पार्टी में किया है।

राममंदिर के विरोधी 'हवन में हड्डी न डालें': अमित शाह

नयी दिल्ली (वार्ता)। गृह मंत्री अमित शाह ने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण का विरोध करने वालों को 'नसीहत' दी कि वे 'हवन में हड्डी' न डालें। उन्होंने कहा भारत के बहुसंख्यक समाज की भावनाओं का ख्याल कर इसका स्वागत करें एवं जुड़ें, उसी में देश का भला है।

शाह ने लोकसभा में नियम 193 के तहत श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर चर्चा में भाग लेते हुये ये नसीहत दी और कहा कि भारत में पहली बार एक संन्यासी शासक ने 11 दिन की कठोर तपश्चर्या करके श्री रामलला की प्राण- प्रतिष्ठा की तथा आध्यात्मिक, भक्ति की चेतना जागृत करके भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का शुभारंभ किया है।

ऐतिहासिक बन गया 22 जनवरी

उन्होंने कहा, 22 जनवरी का दिन सहस्त्रों वर्षों के लिये ऐतिहासिक बन गया है, जो इतिहास और ऐतिहासिक पलों को नहीं पहचानते, वह अपने अस्तित्व को खो देते हैं। 22 जनवरी का दिन 1528 में शुरू हुये एक संघर्ष और एक आंदोलन के अंत का दिन है। वर्ष 1528 से शुरू हुई न्याय की लड़ाई इस दिन समाप्त हुयी। 22 जनवरी का दिन करोड़ों भक्तों की आशा, आकांक्षा और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वर्षों अदालत के कागजों में दबी रही

गृह मंत्री ने कहा कि वह आज अपने मन की बात और देश की जनता की आवाज को इस सदन के सामने रखना चाहते हैं। जो वर्षों से अदालत के कागजों में दबी हुई थी। श्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उसे आवाज भी मिली और अभिव्यक्ति भी मिली।

देश के कुछ हिस्सों सहित सीजी में भी हल्की बारिश का अनुमान

नयी दिल्ली (वार्ता)। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को अगले तीन चार दिनों तक मध्य और पूर्वी भारत में हल्की बारिश होने का अनुमान लगाया है। मौसम विभाग ने एक बयान में कहा कि पश्चिमी तट के साथ पूर्वी हवाओं में निचले स्तर के ट्रफ प्रभाव और इसके पूर्व-उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ने की संभावना के कारण 10 से 13 फरवरी के दौरान पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, ओडिशा में छिटपुट स्थानों पर हल्की बारिश होने का अनुमान है। दक्षिण उत्तर प्रदेश, दक्षिण बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल के गंगा वाले इलाकों में भी 12-14 फरवरी को हल्की बारिश होगी। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में 11 और 12 फरवरी के दौरान और बिहार, झारखंड, गंगीय पश्चिम बंगाल में 13 और 14 फरवरी के दौरान बिजली चमकने के साथ बारिश होने का अनुमान है। दस और 11 फरवरी को तेलंगाना में हल्की वर्षा हो सकती है।

ईपीएफओ देगा 8.25 प्रतिशत ब्याज

नयी दिल्ली (वार्ता)। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अंशधारकों को भविष्य निधि की जमा राशि पर 8.25 प्रतिशत की दर से ब्याज देने का निर्णय लिया है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में शनिवार को यहां केन्द्रीय न्यास बोर्ड की 235 वीं बैठक में इस आशय की सिफारिश की गयी। बैठक के दौरान केंद्रीय श्रम एवं रोजगार रामेश्वर तेली, मंत्रालय में सचिव आरती आहूजा और सदस्य सचिव एवं केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त नीलम शमी राव भी मौजूद रहीं। केंद्रीय बोर्ड ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अंशधारकों के खातों में ईपीएफ जमा पर 8.25 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर जमा करने की सिफारिश की।

मंत्री दयाल दास बघेल के बंगले में तैनात गार्ड ने खुद को मारी गोली

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के गंज थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के 3 बजे मंत्री दयाल दास बघेल के स्टेशन रोड के बंगले में गार्ड रूम में तैनात आरक्षक रोहित सलामे ने सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। मृतक एक सप्ताह पहले 25 दिन के अवकाश से वापस आया था। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। कंपनी कमांडर नेहरू राम साहू, डीएसपी लाइन निलेश द्विवेदी, आरआइ वैभव मिश्रा तथा गंज थाना प्रभारी आशीष यादव घटना स्थल पर उपस्थित रहे। आरक्षक के शव को अस?पताल भेजा गया है।

रेलवे स्टेशन में गोली चलने से जवान की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन में आरपीएसएफ के जवान से अचानक गोली चलने से उसकी मौत हो गई। गोली चलने की जानकारी मिलते ही मौके पर आरपीएफ और जीआरपी की टीम पहुंच गई थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक का नाम दिनेश बताया है। जानकारी के मुताबिक दिनेश चांद आरपीएसएफ का जवान था। गोली उसी की रायपल से चली है। फिलहाल यह मालूम नहीं चला है कि जवान ने खुद को गोली मारी है या फिर गलती से गोली चली है। बताया जा रहा है गोली चलने की आवाज़ से स्टेशन में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। इससे मौके पर आरपीएफ के जवानों ने स्थिति को नियंत्रण में कर जवान और घायल यात्री को रामकृष्ण केयर अस्पताल पहुंचाया। यहां जवान दिनेश चांद की मौत हो गई, जबकि एक यात्री कोमा में चला गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

आदतन अपराधी की तरह व्यवहार करने लगे हैं राहुल गांधी: साय

रायपुर/नवप्रेदश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर बड़ा बयान दिया है। साय ने ट्वीट पर कहा है कि राहुल गांधी आदतन अपराधी की तरह व्यवहार करने लगे हैं। बता दें कि जब से पीएम मोदी की जाति पर राहुल गांधी ने टिप्पणी की है, तब से देश की सियासत गरमाई हुई है। वहीं अब इस मामले में गृह मंत्री अमित शाह के ट्वीट पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रीट्वीट किया है। बता दें कि, गृह मंत्री शाह ने अपने ट्वीट में लिखा था कि, पीएम मोदी की जाति पर राहुल गांधी का झूठा बयान शर्मनाक भी है और निंदनीय भी। यह देश के सभी ओबीसी का अपमान है। इस ट्वीट पर रीट्वीट करते हुए सीएम साय ने लिखा कि, आदतन अपराधी की तरह व्यवहार करने लगे हैं राहुल गांधी, जातिगत विद्वेष के कारण कर रहे ऐसा व्यहार।

लोकसभा चुनाव से पहले लागू होगा सीएए

दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव की तैयारी में भारतीय जनता पार्टी जुट गई है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा है कि चुनाव से पहले पूरे देश में नागरिकता संसोधन अधिनियम (CAA) लागू किया जाएगा। उन्होंने ये बातें ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट के दौरान कही हैं। आपको बता दें कि अप्रैल और मई महीने में चुनाव होने की संभावना है। ऐसे में केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा, ÷मैं साफकर देना चाहता हूं कि सीएए किसी भी व्यक्ति की नागरिकता नहीं छीनेगा। इसका उद्देश्य केवल धार्मिक उत्पीड़न का सामना कर रहे पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों को नागरिकता देना है।

नया 'कानून': परीक्षा में नकल पर 10 साल की जेल, जुर्माना भी

- लोकसभा और राज्यसभा दोनों से विधेयक को मिली मंजूरी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। परीक्षा में नकल और पेपर लीक जैसी दिक्कतों से निपटने के लिए सरकार नया विधेयक लेकर आई है। इस विधेयक में परीक्षा के दौरान नकल करने या किसी अन्य तरह का फ्रॉड करने पर 10 साल तक की जेल और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। अब इस विधेयक को कानून बनने में केवल एक कदम बाकी है। लोकसभा और राज्यसभा दोनों से विधेयक को मंजूरी मिल गई है। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद विधेयक कानून की शक्ल ले लेगा। बता दें कि प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में गड़बड़ी से निपटने के लिए सरकार ने लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक 2024 पारित करवाया है।

परीक्षा के लिए होती है बड़ी राशि खर्च

इस कानून के तहत परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्हें 10 साल तक की कैद और एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना चुकाना पड़ सकता है। सरकार का कहना है कि परीक्षा करवाने में काफी पैसा खर्च होता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की प्रदेश में अपराधों पर प्रभावी अंकुश की चेतावनी...

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज पुलिस मुख्यालय में आयोजित पुलिस महानिरीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों के सम्मेलन में भागीदारी दी। इस दौरान अपराधों पर प्रभावी अंकुश नहीं लगने पर सबंधित जिले के पुलिस अधीक्षकों के खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी है। साय ने कहा कि पुलिस को लेकर अपराधियों के मन में डर और आम जनता के मन में सेना की तरह सम्मान होना चाहिए।

एमबीबीएस व बीडीएस के लिए आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस में 1910 सीट है वहीं बीडीएस की 600 सीट है। इसमें प्रवेश के लिए नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेस (नीट) यूजी-2024 की परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसके लिए आवेदन मार्च तक होंगे। वहीं इसकी परीक्षा 5 मई को आयोजित की जाएगी। प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में आवेदन शुरू हो गया है। 9 मार्च तक फार्म भरे जाएंगे। पिछली बार राज्य के करीब 40 हजार से अधिक स्टूडेंट्स ने नीट-यूजी में हिस्सा लिया था।

गरमा-गरम

बड़ा निर्णय... लद्दाख के पास सैन्य एयरबेस पर निर्माण शुरू कर दिया गया

चीन से तनातनी के बीच मोदी सरकार का नया दांव

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और चीन के बीच तनावभरे रिश्तों के बीच नरेंद्र मोदी सरकार ने लद्दाख में चीन से सटी वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) के करीब नुब्रा क्षेत्र में थोइस एयरबेस पर एक नए नागरिक टर्मिनल भवन के निर्माण पर काम शुरू कर दिया है।

माना जा रहा है कि भारत की यह कार्रवाई चीन की आंखों में आंखें डालकर अपने भौगोलिक क्षेत्र में निर्माण कार्य को बढ़ावा देने और उसे जवाब देने की है। पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से इस क्षेत्र में भारतीय और चीनी सैनिक आमने-सामने की स्थिति में रहे है और अक्सर एक-दूसरे के खिलाफ सीमा अतिक्रमण का आरोप लगाते रहे हैं।

बढ़ेगी कनेक्टिविटी

यह लद्दाख में दूसरा नागरिक हवाई अड्डा होगा। हवाई उड़ान से कनेक्टिविटी बढ़ जाएगी। इस पूरे प्रोजेक्ट की लागत 130 करोड़ रुपये आंकी गई है। सरकार ने इसके लिए 28 कनाल भूमि को मंजूरी दी है।

भारत का सीमा सुरक्षा को मजबूत करने पर फोकस

बता दें कि 2020 के पहले से ही पूर्वी लद्दाख में ्रष्ट के करीब भारत-चीन के सैनिकों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में चीन की विस्तारवादी नीति को देखते हुए भारत ने ना केवल अपनी सीमा सुरक्षा को मजबूत करने पर फोकस किया है बल्कि LAC तक पहुंच को और सुविधापूर्ण बनाने का फैसला किया है।

यह एक सैन्य एयरबेस बढ़ेगी कनेक्टिविटी

थोइज एक सैन्य एयरबेस है, जिसका रनवे विशेष रूप से सशस्त्र बलों द्वारा उपयोग किया जाता है लेकिन उड़ान योजना के तहत सरकार यहां से अधिक से अधिक यात्री उड़ानें संचालित करने की योजना बना रही है। हाल के दिनों में लेह से कुछ नागरिक उड़ानें देखी गई हैं। न्यूज 18 की रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार को थोइज में एक नए एकीकृत यात्री टर्मिनल के निर्माण के लिए एक सलाहकार नियुक्त करने के लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं।

जन्नत-ए-कश्मीर के खूबसूरत नजारे.. बर्फ की चादर चीरकर निकलती ट्रेन

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की खूबसूरत वादियां इन दिनों बर्फबारी से ढकी हुई हैं। घाटी में बर्फबारी का पर्यटक जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। इस बीच, भारतीय रेलवे ने एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में एक ट्रेन बर्फबारी के खूबसूरत नजारों के बीच से होकर गुजरती नजर आ रही है। अगर आपको पहले से न बताया जाए कि यह भारत के कश्मीर का दृश्य है तो ऐसा हो सकता है कि इस वीडियो क्लिप को आप किसी यूरोपीय देश का समझ लें। इंडियन रेलवे की ओर से शेयर किया गया यह वीडियो क्लिप 44 सेकंड है। इसका हर एक मोमेंट इतना सुंदर है कि देखते ही बनता है।

घाटी में न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से नीचे

बता दें कि कश्मीर के लोगों को शीतलहर से कुछ राहत मिली है लेकिन शनिवार को भी घाटी में न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से नीचे दर्ज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी कश्मीर में गुलमर्ग स्कीइंग रिजॉर्ट में तापमान शून्य से नीचे सात डिग्री सेल्सियस गिर गया। दक्षिण कश्मीर में पर्यटन स्थल पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो कि बीती रात घाटी का सबसे ठंडा स्थान रहा। दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 3.7 डिग्री और काजीगुंड में शून्य से नीचे 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 4.9 डिग्री सेल्सियस रहा। पहलगाम, काजीगुंड और श्रीनगर में न्यूनतम तापमान सामान्य से लगभग चार डिग्री नीचे रहा।

रेलवे ने किया शेयर

रेलवे की ओर से शेयर किए गए वीडियो में दिख रहा है कि ट्रेन पहले धीमी गति से स्टार्ट होती है। रेलगाड़ी के सामने वाला शीशा बर्फ से ढका हुआ है जो साफहोता नजर आता है। ट्रेन की पटरियों पर भी ढेर सारा बर्फ जमा हुआ है जो उसके आगे बढ़ने से हटता जाता है। यह दृश्य बड़ा ही खूबसूरत लगता है। पटरियों के अलावा, आसपास के इलाके भी बर्फकी चादर से ढके हुए दिखाई दे रहे हैं। इसे ऐसे भी कहा जा सकता है कि मानो ट्रेन किसी बर्फके घर से होकर गुजर रही हो। यह वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और लोग भी इसे देखकर हैरान हैं। साथ ही इंटरनेट यूजर्स इस खूबसूरती की जमकर तारीफकर रहे हैं। कई लोगों ने तो इस ट्रेन से यात्रा का अनुभव लेने की बात भी लिखी है।

न्यूज गैलरी

अब की बार 400 पार', क्यों एनडीए को आरएलडी और टीडीपी जैसे क्षत्रपों की जरूरत

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में 370 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। साथ ही बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को 400 के पार ले जाने की बात हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद 2024 के आम चुनावों ने लिए यह टारगेट सेट किया और संसद से इसका ऐलान भी कर डाला। पीएम मोदी ने आगामी लोकसभा चुनाव के बाद तीसरी बार उनकी सरकार बनने का विश्वास जताया। बीते सोमवार को उन्होंने कहा कि देश के मिजाज को देखकर लगता है कि आम चुनाव में भाजपा को 370 सीटें और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 400 से अधिक सीटें मिलेंगी। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि इस टारगेट को पूरा करने के लिए ह्ष्ठ कुनबे को और ज्यादा मजबूत करना बहुत जरूरी है। यही वजह है कि राष्ट्रीय लोकदल और तेलगु देशम पार्टी से बीजेपी की नजदीकियां बढ़ रही हैं।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था कि विपक्षी दल के सदस्यों के बयानों से उन्हें विश्वास हो गया है कि उसने अर्से तक विपक्ष में बैठने का संकल्प ले लिया है। पीएम मोदी ने कहा, 'हमारी सरकार का तीसरा कार्यकाल भी बहुत दूर नहीं है। ज्यादा से ज्यादा सौ-सवा सौ दिन रह गए हैं। मैं आमतौर पर आंकड़ों के चक्कर में नहीं पड़ता। लेकिन मैं देश का मिजाज देख रहा हूं। वह राजग को 400 सीटें पार कराके रहेगा। देश भाजपा को 370 सीटें अवश्य देगा।

जेल में बंद महिलाएं हो रहीं गर्भवती चीफ जस्टिस से गुजारिश

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की जेलों से हैरान करने वाली खबर आई है। राज्य भर के सभी सुधार गृहों के न्याय मित्र (एमिकस क्यूरी) ने कलकत्ता हाई कोर्ट को सौंपी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पश्चिम बंगाल की जेलों में बंद महिला कैदी गर्भवती हो रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, ÷जेलों में रहने के दौरान महिला कैदी गर्भवती हो रही हैं और इसकी वजह से राज्यभर की जेलों में कम से कम 196 बच्चे पैदा हुए हैं।

एमिकस क्यूरी ने गुरुवार को इस मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस टीएस शिवगणनम और जस्टिस सुप्रतिम भट्टाचार्य की खंडपीठ के सामने दो नोट रखे। एमिकस क्यूरी ने पहले नोट के तीसरे पैरो को पढ़ते हुए कहा, ÷ मीलॉर्ड, यह जानकर हैरानी होगी कि हिरासत में रहने के दौरान महिला कैदी गर्भवती हो रही हैं। इसके बाद जेलों में बच्चे भी पैदा हो रहे हैं। वर्तमान में 196 बच्चे पश्चिम बंगाल की विभिन्न जेलों में रह रहे हैं।÷

इसके साथ ही एमिकस क्यूरी ने चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली खंडपीठ से गुजारिश की कि सुधार गृहों में तैनात पुरुष कर्मचारियों का महिला कैदियों के बाड़ों के अंदर प्रवेश तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहाः हाल ही में मैंने सुधार गृहों के महानिरीक्षक (विशेष) और जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के सचिव के साथ एक महिला सुधार गृह का दौरा किया। वहां मैंने पाया कि एक गर्भवती महिला और कम से कम 15 अन्य महिला कैदी अपने-अपने बच्चों के साथ रह रही थीं। उन बच्चों का जन्म जेल में ही हुआ था।

नीतीश की बुलाई बैठक में नहीं पहुंचे कई विधायक

नई दिल्ली। बिहार में फ्लोर टेस्ट से पहले पटना में आयोजित जेडीयू की अनौपचारिक बैठक में कई विधायक नहीं पहुंचे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी 15 मिनट ही बैठक में रहे, उसके बाद वे निकल गए। इसके बाद सियासी गलियारे में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। मंत्री श्रवण कुमार के आवास पर शनिवार दोपहर में भोज का आयोजन किया गया था, उसमें 40 विधायक ही पहुंचे। बिहार विधानसभा में जेडीयू विधायकों की संख्या 45 है। जेडीयू नेताओं का कहना है कि अधिकतर विधायक पहुंच गए हैं, जो नहीं आए वे भी पटना पहुंच रहे हैं। दूसरी ओर, आरजेडी के नेता लगातार सियासी खेला होने का दावा कर रहे हैं।

मंत्री श्रवण कुमार के पटना स्थित आवास पर जेडीयू विधायकों के लिए भोज का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी गांधी मैदान में कृषि मेले का निरीक्षण करने के बाद मंत्री के आवास पर पहुंच गए। मगर उस समय तक पार्टी के सभी विधायक नहीं आए थे। सीएम नीतीश करीब 15 मिनट ही श्रवण कुमार के आवास पर रुके और फिर वहां से निकल गए।

विपक्ष का आरोप- लोगों का ध्यान बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की बदहाल स्थिति से भटकाया जा रहा है

यह मोदी सरकार का श्वेत पत्र नहीं, काली सच्चाईयों को छिपाने वाला पत्र है : कांग्रेस

नई दिल्ली(वार्ता)। कांग्रेस ने शनिवार को राज्यसभा में मोदी सरकार के श्वेत पत्र को काली सच्चाईयों को छिपाने वाला पत्र करार दिया है। उन्होंने आज कहा कि इसके जरिए लोगों का ध्यान बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की बदहाल स्थिति से भटकाया जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस ने भी श्वेत पत्र को खारिज करते हुए इसके विरोध में सदन से बहिर्गमन किया। कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार (संप्रग) के समय की आर्थिक स्थिति पर लाये गये श्वेत पत्र पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि यह श्वेत पत्र नहीं बल्कि मोदी सरकार की आर्थिक नाकामियों को छिपाने का पत्र है। उन्होंने कहा कि यह हैरानी की बात है कि मोदी सरकार ने जब सत्ता संभाली तो सकल घरेलू उत्पाद दर सबसे अधिक थी, लेकिन सरकार कह रही है कि उसे विरासत में खस्ता अर्थव्यवस्था मिली थी। उन्होंने कहा कि यह श्वेत पत्र केवल संप्रग की आलोचना के लिए लाया गया है।

केंद्र सरकार कई बातों को छिपा रही- केसी वेणुगोपाल

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि चुप रह कर काम करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का कार्यकाल देश में स्वर्णिम काल था, लेकिन नरेन्द्र मोदी केवल शोर मचाकर अपने शासन को स्वर्णिम काल बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी देश में 20 से 24 प्रतिशत की उम्र के 44 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं। उन्होंने कहा कि यह श्वेत पत्र ऐसी सरकार के खिलाफलाया गया है जो शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, खाद्य अधिकार और मनरेगा जैसी योजनाएं लेकर आयी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार संप्रग पर कैग की रिपोर्ट के आधार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रही है लेकिन मोदी सरकार अपने समय की कैग रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं होने दे रही है और सच्चाई को छिपा रही है। वेणुगोपाल ने कहा कि नोटबंदी के बारे में श्वेत पत्र में कुछ नहीं कहा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि काला धन वापस आयेगा लेकिन काले धन से संबंधित कोई आंकडा इसमें नहीं दिया गया है।

नई गारंटी दे रहे पर पुरानी का क्या हुआ इसका जवाब दे

कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर कहा कि अब वह नयी गारंटी दे रहे हैं, लेकिन यह नहीं बता रहे कि पुरानी गारंटी का क्या हुआ। उन्होंने कहा, दो करोड़ नौकरी हर वर्ष, सौ दिन में काला धन वापस आयेगा क्या हुआ, हर खाते में 15 लाख रुपये आयेंगे, किसानों की आय दोगुनी हो जायेगी इन गारंटियों का क्या हुआ। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य क्षेत्र में खर्च नहीं हो रहा। यह इस बात से पता चल रहा है कि वाजपेयी सरकार में जीवन प्रत्याशा 64 वर्ष थी जो संप्रग में बढ़कर 69 हुई, लेकिन अब कम होकर 67 वर्ष पर आ गयी। कोविड के बावजूद स्वास्थ्य बजट में बढ़ोतरी नहीं हुई है। शिक्षा पर 2004 में खर्च 2.2 प्रतिशत था 2014 में यह 4.6 पहुंच गया, लेकिन अब 2.9 आ गया। वेणुगोपाल ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि मोदी सरकार भारत रत्न का इस्तेमाल राजनीति और चुनाव के लिए कर रही है। कांग्रेस ने कभी ऐसा नहीं किया।

यह जादूई श्वेत पत्र : साकेत गोखले

तृणमूल कांग्रेस के साकेत गोखले ने कहा कि यह जादूई श्वेत पत्र है क्योंकि इसको देखकर लगता है कि नोटबंदी हुई ही नहीं जबकि नोटबंदी ने लोगों की कमर तोड़कर रख दी। यह बहुत बड़ी विफलता थी इसीलिए इसका जिक्र नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि श्वेत पत्र में मौजूदा स्थिति के बारे में कुछ नहीं कहा गया। संप्रग के बारे में बताया जा रहा है और वर्ष 2047 के बारे में बताया जा रहा है लेकिन बेरोजगारी के बारे में नहीं बताया जा रहा है। बढ़ती महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ दी है। लोगों की बचत पिछले पचास वर्ष में सबसे कम है। ईमानदार कार्यकर्ताओं को काले धन का कितना हिस्सा मिला है यह भी श्वेत पत्र में नहीं बताया गया है।

राज्यसभा में सवाल जवाब...

ओड़िशा को 'फोकस स्टेट 'का दर्जा दिये जाने की मांग : अमर पटनायाक

बीजू जनता दल के अमर पटनायाक ने कहा कि अर्थव्यवस्था का आधार बहुत मजबूत है और यह दुनिया में तेजी से अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने की दिशा में बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि राज्यों का आवंटन बढ़ाये जाने की जरूरत है क्योंकि जब राज्य मजबूत होंगे तो भारत अपने आप विकसित राष्ट्र बन जायेगा। उन्होंने ओड़िशा में प्राकृतिक आपदाओं का उल्लेख करते हुए उसे 'फोकस स्टेट 'का दर्जा दिये जाने की मांग की।

पैसे को प्रचार में लगा रही सरकार

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जॉन ब्रिटास ने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की प्रशंसा करते हैं, तो दूसरी ओर उनकी सरकार डॉ. सिंह के शासनकाल की स्थिति पर श्वेत पत्र ला रही है। उन्होंने कहा कि आगे चलकर यह सरकार एक बार फिर उनकी सराहना करते हुए डॉ. सिंह को भारत रत्न भी दे सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार करदाताओं के पैसे को प्रचार में लगा रही है।

सरकार विपक्ष की आवाज को दबा रही

द्रमुक के तिरूचि शिवा ने कहा कि सरकार करदाताओं के पैसे का दुरूपयोग करते हुए अपने प्रचार के लिए संसद के बजट सत्र की अवधि बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने पर विपक्ष इस सरकार के कामकाज पर श्वेत पत्र लायेगा। अभी यह सरकार विपक्ष की आवाज को दबा रही है। इस सरकार की नीतियों से किसान आंदोलन और नोटबंदी के दौरान हजारों लोगों की मौत हुई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानों के बजाय बीमा कंपनियों को लाभ हो रहा है।

जो पाला बदलेगा उसे पाक साफघोषित : प्रियंका चतुर्वेदी

शिवसेना (उद्धव) की प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि मोदी सरकार सिर्फएक ही मोटो के साथ काम कर रही है कि जो पाला बदल लेता उसे वॉशिंग मशीन में धोकर पाक साफघोषित कर दिया जाता है।

संप्रग के सभी घोटाले में द्रमुक समान भागीदार

अन्ना द्रमुक के एम थंबी दुरई ने कहा कि संप्रग के सभी घोटाले में द्रमुक समान भागीदार है और अभी तमिलनाडु में भ्रष्टाचार चरम पर है। 2जी घोटाला में पूरी द्रमुक लगी थी।

लोकसभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका, अकेले 13 सीटों पर लड़ेगी आप

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले इंडी गठबंधन को एक और झटका लगा है। दरअसल, आप ने पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। वहीं, आज आप के संजोयक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों और चंडीगढ़ की एक लोकसभा सीट पर उम्मीदवार उतारने का ऐलान किया है। दिल्ली के सीएम ने घोषणा की है कि जल्द ही सभी सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी जाएगी। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी एक पखवाड़े के भीतर पंजाब की 13 लोकसभा सीट और चंडीगढ़ की एक संसदीय सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा करेगी। उन्होंने लोगों से आप के उम्मीदवारों की जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। केजरीवाल ने पंजाब सरकार के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत घर तक राशन पहुंचाने की योजना के लिए आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने कहा, ''दो साल पहले आपने अपना आशीर्वाद दिया था। आपने हमें 117 सीट में से 92 सीट दी। आपने पंजाब में इतिहास रचा।''

दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा, ''आज मैं फिर से हाथ जोड़कर आपका आशीर्वाद चाहता हूं। दो महीने बाद लोकसभा चुनाव होंगे।

नवाज शरीफने किया सरकार बनाने का दावा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद वोटों की गिनती अभी पूरी नहीं हो पाई है। हालांकि पीएमएल-एन नेता नवाज शरीफने अपनी जीत का ऐलान करते हुए सरकार बनाने का दावा किया है। पाकिस्तान में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला है। ऐसे में सरकार बनाने के लिए पीपीपी के समर्थन की जरूरत होगी। बताया जाता है कि पाकिस्तान की सेना नवाज शरीफको प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। वहीं बिलावल भुट्टो नवाज शरीफको नहीं पसंद करते। ऐसे में शहबाज शरीफफिर से प्रधानमंत्री बन सकते हैं।

बिलकिस बानो मामले का दोषी आत्मसमर्पण के कुछ समय बाद बाहर

नई दिल्ली। बिलकिस बानो सामूहिक बलात्कार मामले में 11 दोषियों ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 21 जनवरी 2024 को गोधरा सब-जेल में आत्मसमर्पण किया। जिसके कुछ समय बाद दोषियों में से एक प्रदीप मोधिया पेरोल पर बाहर आया है। आरोपी प्रदीप अपने ससुर की मृत्यु के बाद गुजरात है कोर्ट द्वारा दी गई पांच दिन की पेरोल पर बुधवार को दाहोद जिले के अपने पैतृक गांव रणधीकपुर लौटा। जस्टिस एम आर मेंगडे की अदालत ने 5 फरवरी को मोधिया को 7 से 11 फरवरी तक पेरोल की अनुमति दी थी। 31 जनवरी को दायर अपनी याचिका में आरोपी मोधिया ने अपने ससुर की मौत के कारण 30 दिन की पेरोल की मांग की थी। अभियोजन पक्ष ने उच्च न्यायालय को बताया था कि जेल रिकॉर्ड के अनुसार, जब प्रदीप मोधिया को आखिरी बार पेरोल पर रिहा किया गया था तो उन्होंने समय पर वापस रिपोर्ट किया था और जेल में उनका आचरण भी अच्छा बताया गया था।

अमेरिका में एक और भारतीय की पीट-पीटकर हत्या

वाशिंगटन । अमेरिका में वाशिंगटन के एक रेस्तरां के बाहर झगड़े के दौरान पीटे जाने के कारण घायल भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत हो गई। यूएस में हाल में भारतीय मूल के लोगों पर हमले की एक के बाद एक कई चिंताजनक घटनाएं सामने आई हैं। जांचकर्ताओं ने बताया कि शोटो रेस्तरां के बाहर 'फिफ्टीन्थ स्ट्रीट नॉर्थवेस्ट' के 1100 ब्लॉक पर 2 फरवरी को यह घटना हुई। देर रात करीब 2 बजे इस मामले के संबंध में पुलिस को सूचना मिली।

आप चाचा के नाम पर हमें छेड़ते हो-अखिलेश

लखनऊ। यूपी विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सीएम योगी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को चाचा शिवपाल के नाम पर निशाने पर लिया था। शनिवार को अखिलेश यादव ने बजट पर चर्चा के दौरान सीएम योगी पर उसी तरह से पलटवार किया। अखिलेश यादव ने कहा कि आप उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। आप चाचा के नाम पर हमें छेड़ते हैं। मैं किसी के नाम पर आप को नहीं छेड़ना चाहता। आपने कहा कि मैंने प्रभु श्रीराम का नाम नहीं लिया। जब राम दिल में बसते हैं तो नाम लेने की जरूरत क्या है।

हिंसा | उत्तराखंड के हल्द्वानी में स्थिति सामान्य, चारों ओर सुरक्षा बल तैनात, गतिविधियों पर नजर

हिंसा में 19 नामजद, 5000 अज्ञात पर केस, बनभूलपुरा को छोड़ बाकी क्षेत्रों से कर्फ्यू हटा

देहरादून। उत्तराखंड के हल्द्वानी में उपद्रव वाले कई थाना क्षेत्रों से शनिवार को कर्फ्यू हटा लिया गया, लेकिन बनभूलपुरा में कर्फ्यू जारी है। प्रशासन ने फिलहाल स्थिति सामान्य होने का दावा किया है। गुरुवार को अतिक्रमण हटाने के दौरान लोगों के विरोध-प्रदर्शन के दौरान कुछ लोग हिंसा और उपद्रव शुरू कर दिए थे। पुलिस ने 19 नामजद और 5000 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। अब पुलिस इनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। नैनीताल के एसएसपी पीएन मीना ने एएनआई को बताया, कई लोगों को हिरासत में लिया गया है और उपद्रवियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है।

इस बीच उत्तराखंड के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर एपी अंशुमान का कहना है, हल्द्वानी में स्थिति सामान्य है, कर्फ्यू हटा लिया गया है। बनभूलपुरा में कर्फ्यू जारी है। 3 एफआईआर दर्ज की गई हैं और पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया हैज्सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही हैज्पांच लोगों की मौत हो गई है और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना में कई पुलिस अधिकारी घायल हो गए हैं।

शहर के बाहरी इलाके में दुकानें शनिवार को खुलीं लेकिन स्कूल बंद हैं। प्रभावित क्षेत्र में लगातार गश्त की जा रही है और स्थिति नियंत्रण में है।÷ एडीजी लॉ एंड ऑर्डर एपी अंशुमान घटना के बाद से हल्द्वानी में ही कैंप कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार की हिंसा में छह दंगाई मारे गए।

अतिक्रमण हटह्यह्याने के दौरान स्थानीय लोगों ने नगरपालिका कर्मचारियों और पुलिस पर पत्थर और पेट्रोल बम फेंके, जिससे कई पुलिस कर्मियों को पुलिस स्टेशन में शरण लेनी पड़ी, जिसके बाद भीड़ ने आग लगा दी। घटना में 60 से अधिक लोग घायल हो गए। एक पत्रकार समेत सात लोगों का शुक्रवार को तीन अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा था।

■ न्यूज गैलरी

मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का 78वां अधिवेशन करमदा में आज

अर्जुनी/भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज अर्जुनी राज का 78 वाँ वार्षिक राज अधिवेशन का आयोजन ग्राम करमदा में स्व.घनाराम भरतकिंकर स्मृति सभा स्थल हायर सेकेंडरी परिसर में रविवार 11 फरवरी को आयोजित की गई है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रूपेश वर्मा अर्जुनी राज ने दी।

उन्होंने बताया कि इसके मुख्य अतिथि भूपेश बघेल मुख्य संरक्षक म.कु.क्षत्रिय समाज पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, अध्यक्षता चोवराम वर्मा केंद्रीय अध्यक्ष कुर्मी समाज ,हरिराम वर्मा संयोजक व राजप्रधान अर्जुनीराज, अतिविशिष्ट अतिथि टंकराम वर्मा मंत्री राजस्व, खेलकूद कल्याण आपदा प्रबंधक छ.ग. शासन, विशिष्ट अतिथि विजय बघेल संरक्षक प्रदेश अध्यक्ष सर्व कुर्मी समाज सांसद दुर्ग के साथ विधायक गण व सामाजिक पदाधिकारी और राजप्रधान शामिल होंगे।

नगरी जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक

नगरी/नवप्रदेश। जनपद पंचायत नगरी के सामान्य सभा की बैठक का आयोजन अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समस्त विभाग के विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित होकर अपने विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों से ग्रामीणजनों से मिलकर उनके आवश्यकतानुसार जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किये जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी हुमित लिमजा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक ठाकुर, समस्त जनपद सदस्य, सभी विभागीय अधिकारी एवं पंचायत निरीक्षक आनंद साहू उपस्थित थे।

गोरेगांव स्कूल में कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई गई दवाई

नगरी/नवप्रदेश। संकुल केंद्र अमाली अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला - गोरेगांव में 1-19 साल के बच्चों को शनिवार 10 फरवरी को उपस्थित 33 छात्र-छात्राओं को कृमि नियंत्रण हेतु एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई गई। छूटे हुए बच्चों को 15 फरवरी को माप अप दिवस पर खिलाया जाएगा। कौशल प्रसाद साहू प्रधान पाठक माध्यमिक शाला गोरेगांव ने बताया कि बच्चों में खून की कमी एनीमिया होने पर कुपोषण, भूख न लगना ,बेचैनी, पेट में दर्द उल्टी और दस्त, वजन में कमी आना व सीधे फायदे खून की कमी में सुधार बेहतर पोषण, सीखने की क्षमता में सुधार लाने में मदद ,भविष्य में कार्य क्षमता में बढ़ोतरी, वातावरण में कृमि की संख्या कम होने पर समुदाय को लाभ मिलता है। संक्रमण की रोकथाम के लिए सभी बच्चे नाखून साफ और छोटे रखें। आसपास सफाई रखें, हमेशा साफ पानी पिए, खाने को ढक कर रखें। अपने हाथ साबुन से धोएं, विशेष कर खाने से पहले और शौच के बाद, खुले में शौच न करें हमेशा शौचालय का इस्तेमाल करें। अपने बच्चों को नजदीकी आंगनबाड़ी और स्कूल पर अवश्य लाएं और कृमि नियंत्रण की दवाई निःशुल्क खिलाएं। इस अवसर पर केपी साहू प्र पा, शिक्षक राकेश कुमार कोसरिया, चंद्रप्रभा साहू, गीतांजलि मेश्राम, शाला नायक दिवाकर साहू व छात्रा प्रतिनिधि तनुजा नेताम का कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

निर्यात संबंधी गतिविधियों के लिए कार्यशाला 13 को

गरियाबंद/निवप्रदेश। जले में निर्यात संबंधी गतिविधियों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए डायरेक्टर जनरल ऑफ फॉरन ट्रेड डेवलपमेंट कमिश्नर नागपुर द्वारा 13 फरवरी को सुबह 11 बजे से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया जायेगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने बताया कि कार्यशाला में सभी उद्योगपति, व्यापारी, स्व-सहायता समूह, कृषक उत्पादक संगठन और कम्पनी सहकारी संस्थाएं और इच्छुक व्यक्ति शामिल होकर आयात निर्यात संबंधी भारत शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते है। इसके साथ ही कार्यशाला में कृषि, उद्यानिकी, वन विभाग, अग्रणी बैंक प्रबंधक के अधिकारियों द्वारा जानकारी प्रदान की जायेगी। इस कार्यशाला में निर्यात संवर्धन संबंधी सभी बिन्दुओं जैसे डीजीएफटी की योजनाएं, कार्य एमएसएमई, द्वारा सुविधाओं आदि की जानकारी प्रदान की जायेगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस पहुंचे मुकुंदपुर

नगरी/नवप्रदेश। भाजपा के व्दारा चलाए जा रहे दस सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत गांव चलो घर घर चलो अभियान के तहत भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस शनिवार 10 फरवरी को ग्राम पंचायत मुकुन्दपुर के अमलीपारा घोंटूपारा,खमनापारा और मेचका पंचायत के मांझीपारा तथा नक्सल प्रभावित ग्राम खालगढ़ पहुंचे। उनके जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार गांव आगमन पर पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने पार्टी और बूथ कार्यकर्ताओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। केन्द्र और राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर घर पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर नगरी मंडल संयोजक हृदय साहू, निखिलसाहू, नरसिंग मरकाम, राजेश गोसाई, दिव्येंद्र सिंह परिहार, सुलोचना साहू, भुनेश्वरी धृतलहरे, विमला ध्रुवा, वोशित पटेल, राजेश कोर्राम, बालसिंह शोरी, बुद्धेश्वर साहू, शिवलाल मरकाम, टिकेश्वर ध्रुव, फूलचंद मरकाम, गणेश टंदेश, पूनमचतुर्वेदी, मानेश्वर मरकाम, सौरभ नाग, संजय सारथी, यश साहू, राजा पवार, रुपदास मरकाम, रोहित नागेश, गोपाल शोरी उपस्थित थे।

लोकल फॉर वोकल की कल्पना को साकार करेगा एल्यूमिनियम पार्क की पुरानी परिकल्पना

■ **वित्त मंत्री ने पार्क की स्थापना के लिए बजट में किया पांच करोड़ का प्रावधान**

कोरबा/नवप्रदेश। एल्यूमिनियम पार्क की ढाई दशक पुरानी परिकल्पना न केवल कोरबा की उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकल फॉर वोकल की कल्पना को साकार करने मील का पत्थर साबित होगा। इस घोषणा से न केवल पावरसिटी के उद्यमियों की उम्मीद बंधी है, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी खुलेंगे। लिक्विड एल्यूमिनियम से निर्माण लागत कम खर्च होगी और जिले में एल्यूमिनियम उत्पादन होने के साथ ही अब कोरबा में लघु उत्पाद भी तैयार होंगे।

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट में एल्यूमिनियम पार्क की पुनः घोषणा करने के साथ ही राशि भी स्वीकृत कर दी है। बजट में एल्यूमिनियम पार्क के लिए पांच करोड़ का प्रवधान किया गया है। एल्यूमिनियम पार्क स्थापना में सबसे बड़ी बाधा जमीन का नहीं मिलना रहा है। पार्क के लिए ग्राम दोंदरो में 192 हेक्टेयर भूमि चिंहित की गई थी, पर बाद में वन विभाग ने देने से इंकार कर दिया। वन विभाग का कहना है कि इस भूमि में 152 हेक्टेयर भूमि में सघन वन क्षेत्र है और वन संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन होगा, जिला उद्योग विभाग ने जमीन आवंटन के लिए पत्राचार किया था।

इसके पहले ग्राम सोनपुरी और रूकबहरी में भी जमीन चिन्हित की गई थी, लेकिन ग्रामसभा के दौरान ग्रामीणों के से विरोध किए जाने से योजना पर आगे काम नहीं हो सका। कलेक्टर गौरव द्विवेदी के कार्यकाल में हरदीबाजार क्षेत्र के ग्राम नूनेरा में जमीन चिंहांकित की गई थी, पर यहां भी बड़े झाड़ का जंगल बता दिया गया और मामला लटक गया। आखिरी में रिसदी स्थित देबू पावर प्लांट की जमीन में पार्क स्थापना की प्रक्रिया आगे बढ़ी, पर प्रस्तावित जमीन शासन को वापस होने व संयंत्र स्थापित होने की बात सामने आई।

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट में एल्यूमिनियम पार्क की पुनरू घोषणा करने के साथ ही राशि भी स्वीकृत कर दी है। इससे क्षेत्रवासियों को वित्त मंत्री व श्रम मंत्री से उम्मीद बंध गई है कि जिले में पार्क की स्थापना की जाएगी। वहीं क्षेत्रीय विधायक व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन भी इस उद्योग को स्थापित करने में अपना सहयोग प्रदान करते हुए जमीन उपलब्ध कराएं, ताकि पार्क स्थापना में किसी तरह की दिक्कत न आए।

इतिहास के झरोंखे से...

इतिहास पर नजर डालें तो वर्ष 2001 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अजीत जोगी के कार्यकाल में बाल्को विनिवेश के दौरान एल्यूमिनियम पार्क बनाने का निर्णय लिया गया। वर्ष 2005 में तत्कालीन भाजपा सरकार ने पहली बार एल्यूमिनियम पार्क बनाने की घोषणा बजट में की, पर जमीन नहीं मिल पाने के कारण यह योजना धरातल पर नहीं आ सकी। इस बीच बिलासपुर, राजनांदगांव व जांजगीर-चांपा जिले के कोटमीसोनार में एल्यूमिनियम पार्क बनाने की मुद्दा भी सामने आया, पर रा-मटेरियल इतनी दूर ले जाना संभव नहीं होने पर यह प्रस्ताव भी ठंडे बस्ते में चला गया। जिले में एल्यूमिनियम का उत्पादन होने पर एल्यूमिनियम पार्क स्थापना की योजना कांग्रेस शासनकाल में बनाई गई थी, ताकि एल्यूमिनियम से संबंधित लघु उद्योगों को बढ़ावा मिल सके। भाजपा सरकार के दूसरे कार्यकाल में पार्क बनाने के लिए राज्य सरकार और बालको के मध्य समझौता भी हुआ था, इसके बाद भी योजना को अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका। अब एक बार फिर राज्य की भाजपा सरकार ने एल्यूमिनियम पार्क बनाने की घोषणा करने के साथ ही क्षेत्रवासियों में उम्मीद की किरण जागी है।

इस तरह समझें कल्पना से परिकल्पना तक का सफर

■ वर्ष 2001 में बाल्को विनिवेश करार में एल्यूमिनियम पार्क बनाने का उल्लेख था, उस वक्त प्रदेश में प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी की कांग्रेस सरकार थी।

■ वर्ष 2005 में प्रदेश के बजट में पहली बार एल्यूमिनियम पार्क बनाने घोषणा की गई। उस वक्त प्रदेश में डा रमन सिंह की अगुवाई में भाजपा सरकार काबिज थी।

■ वर्ष 2007 में सीएम डा रमन सिंह व वेदांता चेयरमेन अनिल अग्रवाल की मौजूदगी में 1200 मेगावाट पावर प्लांट व स्मेल्टर के एमओयू के दौरान भी एल्यूमिनियम पार्क की घोषणा की गई।

■ वर्ष 2008 में रायपुर में कैंसर हास्पिटल के भूमिपूजन के दौरान एक बार फिर एल्यूमिनियम पार्क बनाने की घोषणा की गई।

वर्ष 2010 में कहा गया कि कोरबा में जमीन नहीं मिल रही है, इसलिए एल्यूमिनियम पार्क राजनांदगांव में बनाया जाएगा।

इसके बाद कहा गया चांपा-जांजगीर जिले के कोटमीसोनार में एल्यूमिनियम पार्क में बनाया जाएगा, इसके लिए जमीन का चयन कर लिया गया है, पर योजना नहीं हुई।

5.75 लाख टन से भी ज्यादा एल्यूमिनियम का उत्पादन

वैसे तो कोरबा में बड़े-बड़े पावर प्लांट व कोयला खदानें है। जहां तक छोटी औद्योगिक इकाईयों का प्रश्न है तो केवल कोरबा में रजगामार रोड पर पांच दशक पहले विकसित किया गया इंडस्ट्रीयल एरिया ही है। एल्यूमिनियम पार्क ऐसा औद्योगिक क्षेत्र होगा, जहां एल्यूमिनियम से बनने वाले विभिन्न प्रोडक्ट की इकाइयां लगेंगी। एल्यूमिनियम पार्क बनने से जरूरी कच्चा माल विशेष रूप से एल्यूमिनियम बाल्को से मिल जाएगा। इसकी मुख्य वजह यह है कि वर्तमान में बाल्को में 5.75 लाख टन से भी ज्यादा एल्यूमिनियम का उत्पादन होता है और उसे बाहर भेज दिया जाता है। स्थानीय स्तर पर लघु इकाइयां होने से न केवल रोजगार का सृजन होता बल्कि क्षेत्र का विकास भी होता। एल्यूमिनियम पार्क में स्थापित लघु इकाइयों को बाल्को से कच्चा माल आसानी से उपलब्ध हो जाता। लिक्वड एल्यूमिनियम बाल्को द्वारा उपलब्ध कराए जाने से लघु उद्योगपतियों को अतिरिक्त इकाई स्थापित नहीं करना पड़ता। इससे एल्यूमिनियम से संबंधित उत्पाद निर्माण में ज्यादा दिक्कत भी नहीं आती। वर्तमान में सिल्ली या प्लेट के रूप में एल्यूमिनियम बाहर भेजा जाता है, जहां उसे गला कर अन्य उत्पाद बनाए जा रहे हैं।

बारिश कम होने से फसल बर्बाद, साहूकारों और बैंकों के ब्याज के पेंच में फंसे किसान

गरियाबंद/नवप्रदेश। देवभोग तहसील में कम बारिश होने के चलते धान का उत्पादन प्रभावित हुआ है। इसके चलते 28 गांव के 1818 किसान समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान नहीं बेच पाए। लिहाजा सहकारी बैंक से मिलने वाले ब्याज मुक्त 9.95 करोड़ रुपए का ऋण भी ये नहीं चुका सके हैं। अब कर्ज चुकाने के लिए इन्हें नोटिस दिया गया है. जिसमें कहा गया है कि 15 मार्च तक कर्ज नहीं चुकाया गया तो उन्हें ब्याज दंड के रूप में ऋण राशि के अलावा 12 प्रतिशत अतिरिक्त रकम जमा करना होगा।

दफ्तरों के चक्कर काट रहे किसान-पिछले तीन महीने से प्रभावित किसान फसल क्षति बीमा क्लेम की मांग को लेकर जगह-जगह ज्ञापन सौंप चुके हैं। सीएम साय को भी किसानों ने अपना दुखड़ा सुनाया है। किसानों की मांगों पर क्या कार्रवाई हो रही है यह जानने के लिए किसान रोजाना सरकारी दफ्तरों का चक्कर लगाते दिख रहे हैं। इन सब से परेशान हो चुके किसानों ने कहा कि मार्च महीने तक अगर समाधान नहीं निकला तो आमरण अनशन पर बैठेंगे।

किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष जय कृष्ण नागेश ने इस मामले पर कहा कि खेत में फसल बोने के लिए पहले ही हम लोग साहूकारों के पास से लोन लेकर बैठे है। 1 मार्च तक भुगतान नहीं होने की दशा में हमें बैंक को ब्याज का भुगतान अलग से करना पड़ेगा. इससे आर्थिक हालात बिगड़ जाएंगे और अगले साल फसल बोने की स्थिति में भी नहीं रहेंगे. वहीं किसान नेता और जनपद सदस्य असलम मेमन ने कहा कि हमको न ही मुआवजा राशि मिल रही है, न ही बीमा राशि और न ही क्षतिपूर्ति की राशि मिल पा रही है. हमारे प्रकरण कृषि विभाग और राजस्व विभाग दोनों में ही पेंडिंग पड़े हुए हैं. 1 मार्च तक राशि नहीं मिलने पर हमें 15 प्रतिशत ब्याज का भुगतान करना पड़ेगा. अगर 1 मार्च तक हमें बीमा राशि और क्षतिपूर्ति राशि नहीं मिली तो हम लोग भूख हड़ताल पर बैठेंगे और जरूरत पड़ी तो आमरण अनशन करेंगे।

> इस मामले में देवभोग के तहसीलदार गेंद लाल साहू ने कहा कि जो किसान धान नहीं बेच पाए हैं। उनके लिए आरबीसी के प्रावधान के तहत उनको राशि का भुगतान करेंगे। जो किसान धान बेच चुके हैं और उनके पंजीकृत रकबे का धान बचा है, उनका गणना के आधार पर राशि का भुगतान किया जाएगा।
> **गेंदलाल साहू,** तहसीलदार देवभोग

राज्य सेवा की प्रारंभिक परीक्षा आज

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 (रविवार) को दो पाली में परीक्षा आयोजित की गई है। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 10 बजे से 12 बजे एवं द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह 03 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय में कुल 8 स्कूल, महाविद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, जिसमें गरियाबंद जिले के कुल 2197 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिला मुख्यालय में शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय गरियाबंद, शासकीय बालक उ.मा.शाला गरियाबंद, शासकीय कन्या उ.मा.शाला गरियाबंद, आई.टी.एस. महाविद्यालय गरियाबंद, गुरुकुल महाविद्यालय गरियाबंद, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय गरियाबंद, एंजल एंग्लो स्कूल गरियाबंद, सरस्वती शिशु मंदिर गरियाबंद को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षार्थियां को अपने प्रवेश पत्र के साथ स्वयं के पहचान हेतु वोटर आईडी, आधार कार्ड, ई-आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस पहचान हेतु साथ लाने के निर्देश दिये गये हैं।

सुपेबेड़ा में खुलेगा आयुर्वेदिक अस्पताल : विभा अवस्थी

■ **जनभावनाओं को पूरा करने वाला बजट**

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रदेश के बजट में गरियाबंद जिले के सुपेबेड़ा में आयुर्वेदिक अस्पताल, हाईस्कुल और हायर सेकेण्ड्री का उन्नयन, जिला डाइट केन्द्र, जिला अस्पताल में सुविधाओं का विस्तार की घोषणा की गई है। इस पर भाजपा की प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी ने बजट की सराहना कर जनभावनाओं को पूरा करने वाला बजट बताया।

इसी तरह जिला भाजपा महामंत्री अनिल चंद्राकर व नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने कहा कि भाजपा ने सर्व स्पर्शी बजट पेश किया है। जिसमें समाज के सभी वर्ग के हितों के संरक्षण और विकास का ध्यान रखा गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के लिए बजट में विशेष प्रावधान किया गया है। समाज के सभी वर्ग के हितों के संरक्षण और विकास का ध्यान रखा गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के लिए बजट में विशेष प्रावधान किया गया है। इसके अलावा प्रदेश की महिलाओं के लिए महतारी वंदन और शक्ति वंदन योजना के लिए अलग से बजट देकर सरकार ने अपनी घोषणा को पूरा किया।

भूमकाल दिवस पर नक्सली घटना में मारे गए लोगों को एसपी ने दी श्रद्धांजलि

■ **सुकमा जिले में 354 ग्रामीणों की हत्या कर चुके नक्सली**

सुकमा/नवप्रदेश। सुकमा पुलिस ने भूमकाल दिवस पर पुलिस ने कार्यक्रम कर नक्सल हिंसा में मारे गए ग्रामीणों को श्रद्धांजलि दी। नक्सलियों की हिंसा में जवानों और सैकड़ों निर्दोष ग्रामीणों को भी मौत के घात उतारा गया है। साल 2000 के बाद से सुकमा जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने 354 ग्रामीणों की हत्या की है। ग्रामीणों की हत्या पुलिस मुखबिरी के आरोप में हुई है। नक्सल हिंसा में मारे गए ग्रामीणों का पहली बार स्मरण किया गया।

शनिवार को पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर एसपी किरण चव्हाण समेत विभाग के आला अधिकारियों ने जल, जंगल और जमीन की हक की लड़ाई लड़ने वाले और अंग्रेजों से लोहा लेने के लिए भूमकाल आंदोलन छेड़ने वाले बस्तर के आदिवासी क्रांतिकारी नेता महानायक अमर शहीद गुण्डाधूर के संघर्ष की स्मृति में भूमकाल दिवस की 114 वीं वर्षगांठ मनाई। उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। महानायक अमर शहीद गुण्डाधूर के द्वारा आदिवासियों को उनके हक दिलाने के संघर्ष की वीरता के संबंध में जवानों को संबोधित किया। साथ ही नक्सल हिंसा में मारे गए आम ग्रामीणों के नाम का स्मरण करते हुए एसपी ने सलामी देते हुए मौन धारण किया।

10 फरवरी को भूमकाल दिवसः अंग्रेजों की गुलामी से आजादी दिलाने के लिए देश के कई वीर योद्धाओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र बस्तर में भी आदिवासियों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ भूमकाल आंदोलन की शुरुआत की थी। यह आंदोलन बस्तर के वीर आदिवासी नायकों के बलिदान को लेकर याद किया जाता है. जिन्होंने आजादी और अपने जल, जंगल, जमीन की लड़ाई के लिए अंग्रेजों के गोला बारूद का सामना तीर धनुष और अपने पारंपरिक हथियारों से किया था। आज भी इस आंदोलन और इसके योद्धाओं की याद में हर साल 10 फरवरी को भूमकाल दिवस मनाया जाता है.

आम लोगों ने भी गंवाई है अपनी जानः बस्तर में बीते 4 दशक से फैले नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच संघर्ष जारी है. नक्सली घटनाओं में पुलिस और सुरक्षाबलों के जवान ही नहीं शहीद हुए हैं बल्कि बड़ी संख्या में निर्दोष आदिवासी, पत्रकार और आम जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी जान गंवाई हैं. माओवादियों ने ज्यादातर लोगों को पुलिस मुखबिर के शक में मौत के घाट उतारा है। जिले के किस्टाराम, चिंतागुफा, दोरनापाल, जगरगुंडा, भेजी, कोंटा, एर्राबोर, गोलापल्ली, गादीरास, सुकमा, गादीरास, मरईगुड़ा, तोंगपाल, कुकानार, पोलमपल्ली, चिंतलनार, केरलापाल और फूल बगड़ी थाना क्षेत्रांर्गत घटनाओं को अंजाम दिया है. सबसे ज्यादा निर्दोष आदिवासियों की हत्या एर्राबोर थाने में हुई है. यहां नक्सलियों ने करीब 92 लोगों को पुलिस मुखबिर का आरोप लगाकर मौत की सजा सुनाई है।

नक्सलियों का सहयोग करना बंद करें ग्रामीणः इस मौके पर एसपी किरण चव्हाण ने कहा कि नक्सलवाद अंतिम सांसे गिन रहा है. जल्द ही बस्तर को नक्सल मुक्त कर यहां शांति बहाल होगा. साल 2000 के बाद से जितने भी आदिवासी, पत्रकार और आम नागरिक नक्सली हिंसा का शिकार हुए हैं उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा. भूमकाल दिवस पर नक्सली हिंसा में जान गंवा चुके लोगों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई है. जिले के किस्टाराम, चिंतागुफा, दोरनापाल, जगरगुंडा, भेजी, कोंटा, एर्राबोर, गोलापल्ली, गादीरास, सुकमा, गादीरास, मरईगुड़ा, तोंगपाल, कुकानार, पोलमपल्ली, चिंतलनार, केरलापाल और फूल बगड़ी थाना क्षेत्र में घटनाओं को अंजाम दिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में देश की अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ : संजय श्रीवास्तव

■ **यूपीए ने न केवल देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया, बल्कि देश को लूटा भी है**

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अर्थव्यवस्था पर वित्त मंत्री जी द्वारा जारी किया गया श्वेत पत्र सच्चाई का वो आईना है जिससे कांग्रेस पार्टी के एक परिवार ने देश के सामने नहीं आने दिया था। उन्होंने कहा कि श्वेत पत्र इस बात की साक्षी है कि 2004 और 2014 के बीच की कांग्रेस की यूपीए सरकार की अवधि की तुलना में 2014 से 2024 तक आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में देश की अर्थव्यवस्था में कैसे सुधार हुआ। यूपीए ने न केवल देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया, बल्कि यूं कहिये कि देश को लूटा।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी सरकार से एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था विरासत में मिलने के बावजूद यूपीए ने देश की अर्थव्यवस्था को कैसे गैर-निष्पादित अर्थव्यवस्था में बदल दिया, इसकी जानकारी हमें इस श्वेत पत्र में मिलती है। कांग्रेस की यूपीए सरकार के दौरान देश की जो बदहाल आर्थिक स्थिति थी, उसका जिम्मेदार कहीं न कहीं उस वक्त सरकार का नेतृत्व कर रहे लोग भी थे। पीएम से लेकर सुपर पीएम तक। देश ने उस वक्त 2जी घोटाला देखा, कोयला घोटाला देखा, अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला देखा, सत्यम घोटाला देखा, ट्रक घोटाला देखा, कॉमनवेल्थ घोटाला देखा, कैश फॉर वोट घोटाला देखा, आदर्श घोटाला देखा, शारदा चिटफंड घोटाला देखा, आईएनएस मीडिया मामला देखा, एयरसेल-मैक्सिस घोटाला देखा, एंट्रिक्स-देवास घोटाला देखा, लैंड फॉर जॉब घोटाला देखा। 15 घोटाले कांग्रेस की यूपीए सरकार के दौरान 2004 से 2014 के कालखंड में हुए।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी सरकार ने आने के साथ ही लोगों को अच्छे लगने वाले निर्णयों की जगह ऐसे निर्णय लिए जो लोगों के लिए अच्छे हों। इसका हमने प्रतिफल भी देखा। हमने देखा कि शौचालय बनने से भी देश की जीडीपी बढ़ सकती है, लोगों के लिए घर बनाने से भी देश की जीडीपी बढ़ सकती है, घर में बिजली, पानी, गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड देने से भी देश की आर्थिक विकास दर में इजाफा हो सकता है। तब देश ने 2जी घोटाला देखा अब, हमारे पास सबसे कम दरों के साथ 4जी के तहत आबादी का व्यापक कवरेज है और 2023 में दुनिया में 5जी का सबसे तेज रोलआउट है। उस वक्त हमारे पास नीति-पक्षाघात था बुनियादी ढाँचा प्राथमिकता नहीं थी, अब, निवेश, विकास, रोजगार और उद्यमिता, और बचत के पुण्य चक्र के पहिये, जिससे अधिक निवेश और उत्पादकता हो, शुरू हो गया है। यूपीए शासन में भारत में दोहरे अंक में मुद्रास्फीति थी, अब मुद्रास्फीति को 5 प्रतिशत से थोड़ा अधिक पर लाया गया है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि तब की तुलना में बजटीय पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 2014 से वित्त वर्ष 24 (आरई) तक पांच गुना से अधिक बढ़ गया है बिना इसके बेसिक स्ट्रक्चर में फेरबदल किये बिना। एफडीआई यानी फर्स्ट डेवलप इंडिया। 2014-23 के दौरान 596 अरब डॉलर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया। यह 2005-2014 के दौरान आए एफडीआई से दोगुना था। हम विदेशी पार्टनर से बाइलैट्रल इनवेस्टमेंट ट्रीटी (द्विपक्षीय निवेश के लिए समझौता) कर रहे हैं। बेलगाम राजकोषीय घाटे ने देश की अर्थव्यवस्था को एक आर्थिक संकट की ओर ढकेल दिया। अपने राजकोषीय कुप्रंधन की वजह से यूपीए सरकार का राजकोषीय घाटा अंत में अपेक्षा से कहीं ज्यादा हो गया।

छत्तीसगढ़ शिक्षक सेवा प्रदाता ने कलेक्टर से शीघ्र वेतन भुगतान की मांग की

धमतरी/नवप्रदेश। प्रांत अध्यक्ष छ ग व्याख्याता एल बी व समस्त संगठन व संभाग उपाध्यक्ष रायपुर छ ग शिक्षक कांग्रेस लालबहादुर साहू ने सेवा प्रदाता के निवेदन पर विज्ञप्ति जारी कर कलेक्टर व उच्च कार्यालय के अधिकारी का ध्यान आकर्षित कर आर्थिक परेशानी से गुजर रहे है ऐसे शिक्षक पर संज्ञान लेकर अविलम्ब वेतन भुगतान की मांग की है।

देश- प्रदेश के विकास , उन्नति,लोगों के रोजगार के अवसर ,भविष्य की बात करें तो यह बिना शिक्षा के संभव नही है इसलिए शिक्षा को बढ़ावा देने एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो स्कूल व कॉलेज की संख्या में इजाफा सरकार द्वारा किया गया है व शिक्षकों की नियुक्ति व आवश्यक साधन उपलब्ध कराए गए हैं लेकिन जितनी संख्या में सरकारी स्कूल कॉलेज खुले उतने शिक्षक नहीं, ग्रामीण छेत्र के संस्था मे विषय विशेषज्ञ शिक्षक की कमी है व उच्च कार्यालय द्वारा शिक्षकों का स्थानांतरण भी शहरी क्षेत्र में करने से ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षकों के कई पद रिक्त है जिनका खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है ।

जब भी शिक्षा सत्र शुरू होता है कई शाला समिति जहां सक्षम हैं शिक्षक की कमी की पूर्ति शिक्षक की व्यवस्था कर स्वयं कर लेते हैं लेकिन कई संस्थानों में शिक्षकों की कमी की समस्या लेकर शिक्षक के मांग हेतु शाला समिति द्वारा कलेक्टर कार्यालय को ज्ञापन देकर ध्यानाकर्षित करने व समस्या पर उच्च कार्यालय द्वारा ही ध्यान नहीं देने पर स्कूल में तालाबंदी तक कर दी जाती है तब अधिकारी संज्ञान में लेकर अधिकारी द्वारा आनन फानन में व्यवस्था कर भी देते हैं लेकिन समस्या का स्थाई समाधान नही होता क्योंकि वहां की समस्या कुछ दिन के लिए तो दूर होती लेकिन जहां से व्यवस्था करते हैं वहां समस्या उत्पन्न हो जाती है।

पूर्व कलेक्टर ने इस मामले को संज्ञान लेकर शिक्षकों की मांग पर व कई जगह तालाबंदी को देखते सार्थक पहल करते कलेक्टर के निर्देश से जिले के स्कूल में शिक्षा सेवा प्रदाता व्याख्याता/ शिक्षक की नियुक्ति की गई जिसके वेतन का भुगतान शिक्षा कार्यालय के फंड से हो रहा है ।

सुनो भाई उधो

सपना सरकस के

परमानंद वर्मा

सोचो कभी ऐसा हो तो क्या हो, जब सर्कस के पिंजरे से शेर निकल कर भाग जाए तब क्या हालत होती होगी दर्शकों की, शहर वालों की? ऐसा ही हो रहा है आज। देहली सर्कस एण्ड कंपनी का एक खूंखार चीता रिंग मास्टर के हंटर से चमक कर सुरक्षा घेरे से बाहर आ गया है। फिर क्या था अपने आक्रामक तेवर का प्रदर्शन करते हुए बड़े-बड़ों को ऐसे लहूलुहान कर रहा है जिसकी किसी को कल्पना नहीं थी। उस चीते को सभी प्यार से 'ईडी' कहकर पुकारते हैं। इसी संदर्भ में प्रस्तुत है यह छत्तीसगढ़ी आलेख-

- अरे भागव रे, भागव, जी परान बचाना हे तब ए तीर ले भाागव।

- काबर भागबो जी ए तीर ले, का होगे हे तेमा भागबो?

- नइ भागव तब जाव मरव रे सारे हो, तुंहर मन के रई आगे हे तेला कोनो नइ बचा सकय?

- अरे का बात होगे हे तेला बताबे ते बस कुकुर मांस खाय बरोबर बड़बड़ावत रहिबे?

-नइ मानव न मोर बात ल, सारी दुनिया जानगे हे, देशभर के अउ गांव भर के मनखे जानगे हे फेर तुंहर असन मूर्ख मनखे मैं कहूं नइ देखे हौं, अतेक अंधरा, अतेक अड़ानी होके नइ रहना चाही?

- अरे परलोखिहा सारे नइ तो हो जइसे रावन, कंस, दुरजोधन, दुशासन अऊ बड़े-बड़े राक्षस मन के नांव ल सुन के रिसि-मुनि, गियानी अउ आम आदमी कांपय तइसने कस अभू होवत हे।

ये मेहतरु जकहा-बकहा के मुंह ले अइसन बात सुन के दइहान मं सकलाय राहय तउन मन कहिथे, तुंहर मन के समझ मं आथे गा, एकर बात हा?

परसादी कहिथे- कोन जनी बुजा हा का कहिथे, का बकथे ते कुछु समझ नइ परय?

समारु, चिंता, रामनाथ, गोविंद, ईश्वर अउ कन्हैया घला परसादी के बात के समरथन करत कहिथे- कोन जनी ओहर का देख परे हे, सुन डरे हे ते झझके असन बड़बड़ावत हे।

उही तीर सरपंच जगमोहन रिहिसे तउन कहिथे- राहौ तो गा राहौ,एकदम से हड़बावौा झन। उहू लइका, हा कुछु देखे, सुने, पढ़े होही, कोनो मेर तभे अइसन झझखे हे, डरे हे, तभे तो काहत हे भागव... भागव...। ओला तीर के बला लौ अउ पूछव का बात हे बेटा, काबर, का जिनिस हे तेला देखके तैं झझक गे स?

सरपंच जगमोहन ओ लइका ल तीर मं बलइस, ओकर बर पानी मंगइस। एक गिलास पानी ल गटागट ओहर पीगे।

सरपंच पूछथे- हां, बता बेटा, का बात हे, काबर सब झन ल भागव... भागव... भागव... काहत हस?

ये बेटा के नांव हे मेहतरु, बने हट्टा-कट्टा, नौजवान हे कोनो जोजवा-भोकवा नइहे। ओहर सरपंच ल बताथे- का बतावौं मालिक, रात के एक ठन भयंकर सपना देख परे हौं।

- का सपना रे, सरपंच हा पूछथे। अब ओ तीर सुनइया मन के मजमा लग जथे अउ सब कान देके ओकर बात ल सुने ले धर लिन जइसे कोनो रहस्य-रोमांच के बात सुनावत हे?

- हां, त बता बेटा मेहतरु का अइसे भयंकर सपना देख डरे के अतेक हड़बड़ागे हस?

- हड़बड़ाय के लइक सपना रिहिस हे, तैं नइ पतियाबे, गउकिन काहत हौं गा, ओ भयंकर सपना ल देखत-देखत डर के मारे मूत (पेशाब) घला कर डरेंव।

सुनत राहय तउन चंगू-मंगू मन जोर से खिलखिला के हांस भरथे, कठल जथे। कोनो-कोनो कहिथे- ये सारे मेहतरु हा लबारी मारत हे, चुतिया बनावत हे, नइ देखे हे अइसन कोनो सपना, एकर बात मं कोनो झन आहौ। लफंगा हे, झूठ-मूठ के बात बनावत, बेंझावत हे।

सरपंच कहिथे- राहौ तो गा, थोकन चुप तो राहौ। का काहत हे एहर तउन ल सुन तो लौ?

-हां त बता बेटा मेहतरु, का देखे भयंकर सपना मं?

-मेहतरु- अरे बाप रे, का बतावौं मालिक, दिल्ली मं सरकस होवत हे तिहां के रिंग मास्टर के हंटर खाके चीता अतेक बौखला गे, सब पंडाल मन ल टोरटार के ऐती-ओती जिहां पावत हे जात हे राड़ छड़ावत हे। सब जी परान दे के एती-ओती भागत हे।

रामनाथ पूछथे- तोर ये सपना सही हे के अइसन डेर्रावत हस?

मेहतरु बताथे- मोला का लेना-देना हे भइया ककरो से। बिहनिया मोर नींद खुलिस तब देखथौं, ओ चीता नोहय, ओ ईडी हे। आईटी, सीबीआई पुलिस घला हे ओकर संग मं। जेन मोटहा आसामी हे, जनता के धन ल लूट-लूट के खाय हे, भोभस मं भरे हे तेकर इहां घुसर-घुसर के छापा मारत हे। कोनो नेता, कोनो मंतरी, कोनो उद्योगपति, व्यापारी, कलाकार एक ला नइ छोड़त हे।

मैंहर देखे हौं- गिंधोल कस मोटाय ओ बेईमान, गरकट्टा, दोगला, पाखंडी मन ल अइसन ठठावत हे, धुर्रा छड़ावत हे के ओकर मन के हौसडा बंद होगे हे। सब ल जेल मं धांधत हे। एक नइ सुनत हे ककरो। एक झन नइ बता सकत हे के अतेक रुपिया, सोना-चांदी, जमीन-जायदाद, महल-अटारी, घोड़ा-गाड़ी कहां ले अउ कइसे अतेक जल्दी बटोर डरे हे?

ओहर बताथे- मैं सपना मं देखेंव, रिंग मास्टर जब ओला निरदेस देवत रिहिसे तब कनमटक नइ देवत रिहिसे फेर जब एक हंटर परिस ना तब हां जी मेरे आका काहत पंडाल ले बाहिर निकलिन अउ फाइल खोल-खोल के देखिन तब बड़े-बड़े भुंडा के नांव दिखिस।

ज्ञान की देवी की पूजा का पर्व बसंत पंचमी

बसंत पंचमी का पावन पर्व मां सरस्वती को समर्पित है। माता सरस्वती को बुद्धि और विद्या की देवी माना जाता है। हिन्दू धर्म में ऋतुओं के आधार पर भी त्योहार मनाए जाते हैं। इन्हीं में से एक बसंत पंचमी पर्व भी है। शास्त्रों में बताया गया है कि माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि से बसंत ऋतू का शुभारंभ हो जाता है। इस विशेष दिन पर देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग प्रकार से इस पर्व को मनाया जाता है। पंचांग के अनुसार इस वर्ष बसंत पंचमी पर्व 14 फरवरी 2024, बुधवार के दिन मनाई जाएगी। बसंत पंचमी के दिन विशेष रूप से वाणी, कला और विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा का विधान है। वसंत पंचमी का पर्व बसंत ऋतु में पड़ता है। इस ऋतु में मौसम काफी सुहावना हो जाता है। इस दौरान न तो ज्यादा ही गर्मी होती है और न ही ज्यादा ठंड होती है और यही वजह है कि वसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा कहा जाता है। शास्त्रों के अनुसार, इसी दिन मां सरस्वती का जन्म हुआ था। वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती हाथों में पुस्तक, वीणा और माला लिए श्वेत कमल पर विराजमान हो कर प्रकट हुई थीं। इसलिए इस दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है। साथ बसंत पंचमी पर्व के दिन पीले रंग का प्रयोग सर्वाधिक किया जाता है। हिन्दू धर्म में इस रंग का महत्व बहुत अधिक है, किन्तु वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी इस रंग को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस रंग को डिप्रेशन दूर करने में सबसे कारगर माना जाता है। साथ यह दिमाग को पूर्णतः सक्रिय रखने में मददगार साबित होता है। इस रंग से आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। इस दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन मां सरस्वती की पूजा करने से मां की कृपा प्राप्त होती है। वसंती पचंमी के दिन लोग मां सरस्वती की पूजा करते हैं और उन्हें पीले या सफेद वस्त्र पहनाते हैं। साथ ही इस दिन पकवानों का भोग भी सरस्वती मां को लगाते हैं। सनातन धर्म में मां सरस्वती की पूजा का विशेष महत्व बताया है, क्योंकि ये ज्ञान, विद्या, संगीत और कला की देवी हैं। इनकी कृपा से व्यक्ति को ज्ञान और विद्या की प्राप्ति होती है।

बसंत पंचमी की पूजा विधि

बसंत पंचमी के दिन सुबह उठकर स्नानादि कर साफकपड़े पहन लें।

फिर मां सरस्वती की प्रतिमा या मूर्ति को पीले रंग के वस्त्र अर्पित करें।

अब रोली, चंदन, हल्दी, केसर, चंदन, पीले या सफेद रंग के पुष्प, पीली मिठाई और अक्षत अर्पित करें।

पूजा के स्थान पर वाद्य यंत्र और किताबों को अर्पित करें।

इन बातों का रखें खास ध्यान

बसंत पंचमी के दिन पीले वस्त्र धारण करके माथे पर एक पीला तिलक लगाकर देवी सरस्वती की पूजा करनी चाहिए।

इसके बाद मां सरस्वती की पूजा में पीले वस्त्र, पीले फूल, पीली मिठाई, हल्दी और पीले रंग का इस्तेमाल करना चाहिए.

बसंत पंचमी के दिन ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए, इस दिन पेड़-पौधे काटने की भी मनाही होती है।

बसंत पंचमी का दिन विद्या की देवी सरस्वती का दिन होता है. इस दिन भूलकर भी कलम, कागज, दवात या शिक्षा से जुड़ी चीजों का अपमान नहीं करना चाहिए।

बसंत पंचमी के दिन शिक्षा, कला इत्यादि के क्षेत्र से जुड़े लोग विद्या की देवी सरस्वती की पूजा-आराधना करते हैं।

देवी सरस्वती की पूजा के साथ यदि सरस्वती स्त्रोत भी पढ़ा जाए तो अद्भुत परिणाम प्राप्त होते हैं और देवी प्रसन्न होती हैं।

बसंत पंचमी से जुड़ी पौराणिक कथा

सृष्टि के रचियता भगवान ब्रह्मा के मुख से बसंत पंचमी के दिन ही ज्ञान और विद्या की देवी मां सरस्वती का प्राकट्य हुआ था, इसी वजह से ज्ञान के उपासक सभी लोग वसंत पंचमी के दिन अपनी आराध्य देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना करते हैं. हालांकि बसंत पंचमी को लेकर कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं. मान्यता है कि सृष्टि रचियता भगवान ब्रह्मा ने जीवों और मनुष्यों की रचना की थी. उन्होंने इस बात का ध्यान रखा कि वातावरण बिलकुल शांत हो और इसमें किसी की वाणी ना हो. यह सब करने के बाद भी ब्रह्मा जी संतुष्ट नहीं थे. सृष्टि की रचना के बाद से ही उन्हें सृष्टि सुनसान और निर्जन नजर आने लगी, इसके बाद ब्रह्मा जी ने भगवान विष्णु जी से अनुमति लेकर अपने कमंडल से पृथ्वी पर जल छिड़का।

कमंडल से धरती पर गिरने वाले जल से पृथ्वी पर कंपन शुरू हो गया. कंपन होने के बाद एक अद्भुत शक्ति के रूप में चतुर्भुजी सुंदर स्त्री प्रकट हुई, इस देवी के एक हाथ में वीणा और दुसरे हाथ में वर मुद्रा होती है बाकी अन्य हाथ में पुस्तक और माला थी. ब्रह्मा जी उस स्त्री से वीणा बजाने का अनुरोध किया. देवी के वीणा बजाने से संसार के सभी जीव-जंतुओ को वाणी प्राप्त हुई, इसके बाद से देवी को सरस्वती कहा गया. इस देवी ने वाणी के साथ-साथ विद्या और बुद्धि भी दी. बसंत पंचमी के दिन देवी सरस्वती को बागीश्वरी, भगवती, शारदा, वीणावादनी और वाग्देवी सहित अनेक नामों से पूजा जाता है।

शुभ मुहूर्त

- पंचमी तिथि का आरंभ 13 फरवरी को दोपहर 2 बजकर 41 मिनट से होगा।
- पंचमी तिथि का समापन 14 फरवरी को दोपहर 12 बजकर 9 मिनट पर होगा।
- उदया तिथि में पंचमी तिथि 14 फरवरी को होने से 14 फरवरी को ही बसंत पंचमी का पर्व मनाया जाएगा।
- बसंत पंचमी की पूजा करने के लिए 14 फरवरी 2024 को सुबह 7 बजकर 1 मिनट से दोपहर 12 बजकर 35 मिनट तक पूजा के लिए शुभ मुहूर्त है।

आखिर 14 फरवरी को ही क्यों मनाया जाता है वैलेंटाइन डे जाने इसका रहस्य

फरवरी का महीना कपल्स के लिए बेहद ही खास होता है। वैलेंटाइन डे (Valentine Day) वाले इस महीने में लोग प्यार के रंग में रंगे होते हैं. वैसे तो वैलेंटाइन डे, 14 फरवरी को मनाया जाता है, लेकिन इन दिन को मनाने के लिए एक हफ्ते पहले से ही हर दिन को किसी न किसी खास दिन के रूप में सेलिब्रेट किया जाता है. इस पूरे सप्ताह को हम वैलेंटाइन वीक कहते हैं. इस पूरे हफ्ते में अलग-अलग दिन मनाए जाते हैं. जिसमें कपल अपने प्यार का इजहार करते हैं और अपने पार्टनर को गिफ्ट देते हैं। आज हम आपको वैलेंटाइन डे और इसका पूरा इतिहास क्या है बताने जा रहे रहे आइये जाने....

क्यों मनाया जाता है वैलेंटाइन डे?

वैसे तो वैलेंटाइन डे की उत्पत्ति का साफ पता नहीं चल सका है. लेकिन, यह माना जाता है कि वैलेंटाइन डे की शुरुआत लुपरकेलिया त्योहार से हुई थी. इनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका के अनुसार, वसंत ऋतु के आगमन पर यह त्यौहार मनाया जाता है. जिसमें लॉटरी के माध्यम से पुरुषों के साथ महिलाओं की जोड़ी बनाई जाती थी. इसके साथ ही इसमें फर्टिलिटी रिचुअल्स यानी की प्रजनन के रिवाज भी शामिल थे।

हालांकि, पांचवीं शताब्दी में रोम के पोप गेलैसियस प्रथम ने इस प्रथा पर प्रतिबंध लगा दिया गया था और इसकी जगह संत वैलेंटाइन डे की शुरुआत की थी. वैलेंटाइन डे को लेकर यह भी माना जाता है कि इसकी शुरुआत लगभग 14वीं शताब्दी तक नहीं हुई थी।

कौन थे संत वैलेंटाइन?

वैलेंटाइन डे का इतिहास रोम के संत वैलेंटाइन से जुड़ा हुआ है. बीबीसी के अनुसार, संत वैलेंटाइन रोम के एक पादरी थे, जो प्यार के हिमायती थे. जबकि रोम के राजा क्लाउडियस द्वितीय गोथिकस के बारे में कहा जाता है कि वे प्यार के सख्त खिलाफ थे. उनका मानना था कि अगर सैकिन प्यार करने लगेंगे तो वे सही से काम नहीं कर पाएंगे और उनकी सेना कमजोर हो जाएगी. जिसके कारण उन्होंने सैनिकों के शादी करने पर भी रोक लगा रखी थी।

वहीं संत वैलेंटाइन अपने राजा के विपरीत प्यार का प्रचार-प्रसार करते थे. उन्होंने राजा के खिलाफ जाकर कई लोगों की शादियां भी करवाई थी. जिसके बाद रोम के राजा ने संत वैलेंटाइन को फांसी की सजा सुनाई थी.

कब से शुरू हुआ वेलेंटाइन डे का प्रचलन?

बीबीसी ने अनुसार, संत वैलेंटाइन को जेलर की बेटी से प्यार हो गया था. जब 14 फरवरी को उन्हें मारने के लिए ले जाया गया, तो जेलर की बेटी ने उन्हें एक प्रेम पत्र भेजा. जिसमें लिखा था, तुम्हारे वेलेंटाइन की ओर से÷. संत वैलेंटाइन को 14 फरवरी 270 ईस्वी के दिन फांसी दी गई. तब से ही उनकी याद में 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे मनाने का प्रचलन शुरू हुआ और धीरे-धीरे इसे प्यार के दिन के रूप में पूरी दुनिया के लोग मनाने लगे.

माना जाता है कि वैलेंटाइन डे की शुरुआत रोमन फेस्टिवल से हुई थी. दुनिया में पहली बार 496 ई में वैलेंटाइन डे मनाया गया. इसके बाद पांचवी शताब्दी में रोम के पोप गेलैसियस ने 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के रूप में मनाने का ऐलान किया. इस दिन से रोम समेत दुनिया भर में हर साल धूमधाम से 14 फरवरी का दिन वैलेंटाइन डे के रूप में मनाया जाने लगा. इस दिन रोम के कई शहरों में सामूहिक विवाह का आयोजन भी किया जाने लगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1997 में आज ही के दिन भारतीय खगोल भौतिकविद जयंत वी नार्लीकर 1996 के यूनेस्को के 'कलिंग पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था। 1750 में 11 फरवरी के दिन ही 'भारतीय स्वाधीनता संग्राम' के पहले शहीद तिलका मांझी का जन्म हुआ था। 1814 में 11 फरवरी के दिन ही यूरोपीय देश नॉर्वे ने स्वतंत्रता की घोषणा की थी। 1953 में आज ही के दिन सोवियत संघ ने इजरायल के साथ कूटनीतिक संबंध तोड़े थे। 1856 में आज ही के दिन अवध पर ईस्ट इंडिया कंपनी ने कब्जा किया था। 1933 में 11 फरवरी के दिन ही महात्मा गांधी जी के हरिजन वीकली का प्रकाशन शुरू हुआ था।1955 में 11 फरवरी के दिन ही भारत में पहली बार अखबारों का प्रकाशन शुरू हुआ था। 1963 में आज ही के दिन अमेरिका ने इराक की नई सरकार को मान्यता दी थी। 1966 में 11 फरवरी के दिन ही पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का ताशकंद में निधन हुआ था। 1968 में आज ही के दिन लेखक और पत्रकार पंडित दीनदयाल उपाध्?याय की हत्?या की गई थी।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) पूसा मेजेस्टी किसकी प्रजाति है?

2) लैपटॉप और पामटॉप का निर्माण किस पीढ़ी में हुआ?

3) रेल टिकट अपग्रेडेशन योजना कब शुरू की गई?

4) पर्यावरण का संतुलन बनाये रखने के लिए वनान्तर्गत क्षेत्रफल कितना प्रतिशत होना चाहिए?

5) 1930 में जब महात्मा गांधी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन का आह्वान किया तो किसने हिंडन नदी पर नमक बनाकर उनका साथ दिया?

उत्तरमाला- (1) पपीता (2) चतुर्थ पीढ़ी (3) 26 जनवरी, 2006 (4) 33 प्रतिशत (5) चौधरी चरण सिंह

आज का पंचांग

मंगल : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मकर (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : धनु (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

सूर्योदय : 07:11, सूर्यास्त : 06:11, चन्द्रोदय : 07:27, चन्द्रास्त :18:33, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : माघ, पक्ष : शुक्ल, तिथि : द्वितीया, नक्षत्र : शतभिषा, योग : परिघ, प्रथम करण : किंस्तुघ्न (14:38 तक), द्वितीय करण : बव (24:47 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मकर, चंद्र : कुम्भ (10:02 से),

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:09 से 12:53, अमृत काल : 11:26 से 12:50, विजय मुहूर्त : 14:21 से 15:05, गोधूलि मुहूर्त : 17:58 से 18:24, सायाह्न सन्ध्या : 18:01 से 19:19, निशिता मुहूर्त : 24:05 से 24:57, राहुकाल : 16:30 से 18:00, राहुवास : पूर्व, यमगण्ड : 13:54 से 15:16, होमाहुति : सूर्य, दिशाशूल : पूर्व, अग्निवास : आकाश, चन्द्रवास : दक्षिण (पश्चिम 10:02 से), शिववास : श्मशान में (24:47 से गौरी

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य
वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर
देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन भी आपके लिये लाभदायक रहेगा लेकिन आकस्मिक खर्च अनियंत्रित रहने पर थोड़ी परेशानी भी होगी।

वृषः आज का दिन आपको पैतृक सुख के साथ मनोरंजन के अवसर भी सुलभ कराएगा।

मिथुनः आज भी शुभ प्रसंग बनने से मन शांत रहेगा धर्म के प्रति आस्था तो रहेगी लेकिन एकाग्रता की कमी के कारण दैनिक पूजा पाठ भी व्यवहारिकता मात्र रहेंगे।

कर्कः आज के दिन आपमे लापरवाही अधिक रहेगी। सेहत अथवा अन्य आवश्यक कार्यो की अनदेखी बाद में पछताने का कारण बनेगी।

सिंहः आज का दिन विजय दिलाने वाला रहेगा आज आप जिस भी चीज की कामना करेंगे उसे लड़कर अथवा जिद से पूरा कर लेंगे।

कन्याः आज सेहत में सुधार आने से थोड़ी राहत मिलेगी लेकिन दिनचार्य आज भी अस्त व्यस्त ही रहेगी सोचे कार्य पूर्ण करने में सहयोग की कमी खलेगी।

तुलाः आज आप घर एवं बाहर सभी लोगो के दिल को अपनी कुशलता से जीतेंगे। आज प्रलोभन के चक्कर मे सरकारी उलझन हो सकती है ध्यान दें।

वृश्चिकः आज मानसिक उलझने दिन भर परेशान रखेंगी। कोई नापसंद कार्य मजबूरी में करना पड़ेगा आस पास का वातावरण अशान्त रहेगा।

धनुः आज आप धन लाभ की कामना से अधिकांश कार्य करेंगे लाभ होगा भी लेकिन खर्च लगे रहने से हाथ मे रुकेगा नही।

मकरः आज आप अपनी अथवा किसी नजदीकी की कार्यशैली से व्यथित रहेंगे। चाहकर भी परिस्थितियां अनुकूल नही बनने के कारण मन में उदासी रहेगी।

कुंभः आज मानसिक चंचलता के कारण अच्छे बुरे का विवेक कम रहेगा।

मीनः आज भी दिन प्रतिकूल बना हुआ है सोच समझ कर ही अथवा किसी के परामर्श के बाद ही कोई काम करें। आपकी मानसिकता भाँप घर के बुजुर्ग सहनुभूती रखेंगे विशेष मार्गदर्शन भी मिलेगा।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -330

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 329 का हल

मा	म	ला	■	सि	वा	य	■	कि
लि	■	चा	ह	त	■	म	म	ता
क	सू	र	■	म	ग	न	■	ब
■	र	■	■	■	द	■	■	■
क	मा	न	■	पा	र	स	■	स
मी	■	म	जा	ल	■	न	क	ली
ना	दा	न	■	ना	र	द	■	का
■	मि	■	■	■	तौं	■	■	■
सु	नी	ल	■	अ	धी	र	■	जी

न्यूज गैलरी

जीवनदीप समिति की बैठक 13 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। जीवनदीप समिति एवं जिला चिकित्सालय की कार्यकारिणी समिति के सदस्यों की बैठक कलेक्टर श्री अवनीश शरण की अध्यक्षता में 13 फरवरी को दोपहर 2 बजे सभागृह मातृ एवं शिशु अस्पताल के तीसरे तल में रखी गई है।

23 राशन दुकान संचालकों को जारी किया गया नोटिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। तखतपुर ब्लॉक में राशनकार्ड नवीनीकरण कार्य में लापरवाही बरतने पर 23 राशन दुकान संचालकों को एसडीएम ने नोटिस थमाया है। एसडीएम तखतपुर ने बताया कि 90 हजार 7 सौ 97 राशनकार्ड का नवीनीकरण किया जाना है। इनमें से 62 हजार 9 सौ 31 राशनकार्डों का नवीनीकरण किया जा चुका है। राशनकार्ड नवीनीकरण करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2024 निर्धारित की गई है। शासन द्वारा राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए दुकान संचालकों को जिम्मेदारी दी गई है। एफपीएस एप द्वारा दुकान संचालक एवं सिटीजन एप से हितग्राही स्वयं राशन कार्ड नवीनीकरण कर सकते हैं। एसडीएम ने तखतपुर अनुविभाग के समस्त राशनकार्डधारियों से अपील की है कि 15 फरवरी 2024 के पूर्व राशन कार्डों का नवीनीकरण अनिवार्य रूप से पूर्ण करा ले ताकि राशनकार्ड निरस्त न हो।

अवकाश के दिन भी लिए जाएंगे योजना के आवेदन

बिलासपुर/नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत आवेदन अवकाश के दिन भी स्वीकार किए जाएंगे। रविवार 11 तारीख को निर्धारित स्थलों पर आवेदन लिए जायेंगे। आवेदन का वितरण और जमा दोनों इन दिनों किए जाएंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री तारकेश्वर सिन्हा ने बताया कि आज 40 हजार 236 भरे हुए आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार गत 5 दिनों में 1.67 लाख आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इन आवेदनों की पोर्टल में एंट्री का काम भी तेजी से चल रहा है।

रावत नाच महोत्सव समिति का छात्रवृत्ति वितरण

बिलासपुर/नवप्रदेश। रावत नाचा महोत्सव द्वारा यादव समाज के प्रतिभावान छात्र/छात्राओं को वर्ष 2022-23 का छात्रवृत्ति वितरण समारोह 11 फरवरी को अपरान्ह 2 बजे से स्व. बी. आर. यादव स्मृति उद्यान, श्रमिक प्रतीक्षा परिसर, बृहस्पति बाजार, बिलासपुर में आयोजित की गई है। इस समारोह में महापौर श्री रामशरण यादव एवं कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के युवा नेता कृष्ण कुमार यादव अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। संयोजक डॉ. कालीचरण यादव ने छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले छात्रों एवं उनके अभिभावकों तथा समाज के लोगों को समय पर शामिल होने की अपील की है।

12 करोड़ में बनेगा नया न्यायालय भवन

बिलासपुर। बेमेतरा में अधिवक्ताओं और पक्षकारों को बेहतर सुविधा और न्याय प्रणाली में तेजी लाने के लिए चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा ने नवीन भवन का वर्चुअल भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि न्यायाधिपति गौतम भादुड़ी ने भूमिपूजन एवं शिलालेख का अनावरण किया। यह नवीन न्यायालय भवन कलेक्ट्रेट के पास निर्मित होगा। भवन के लिये 7.04 एकड़ भूमि आवंटित की गयी है। भूमि पूजन में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के जस्टिस गौतम भादुड़ी, बेमेतरा जिला न्यायालय के पोर्टफोलियो न्यायाधीश विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर ज़िला न्यायाधीश बृजेंद्र शास्त्री, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रणिश चौबे सहित अधिवक्ता,न्यायालय के कर्मचारी, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मुख्य कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण निर्मल सिंह ने उक्त नवीन भवन निर्माण की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह लगभग 12 करोड़ की लागत से बन कर तैयार होगा। नवीन जिला न्यायालय भवन में, अधिवक्ता कक्ष, शासकीय अभिभाषक कार्यालय आदि का निर्माण किया जायेगा।' यह भवन कलेक्ट्रेट के समीप 15 महीने में बनकर तैयार होगा। जस्टिस गौतम भादुड़ी, ने कहा कि नया भवन बन जाने से अधिकारी-कर्मचारियों की कार्य क्षमता बढ़ेगी।

अवैध प्लॉटिंग करने वाले 146 भू-स्वामियों को नोटिस

मोहलत के बाद भी दस्तावेज पेश नहीं करने वालों पर अब होगी कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। अवैध प्लॉटिंग के सिलसिले में तखतपुर अनुविभाग के 14 गावों के 146 भू स्वामियों को नोटिस जारी की गई है। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर एसडीएम तखतपुर वैभव क्षेत्रज्ञ ने नोटिस जारी की है। उन्हें 9 तारीख को शाम 5 बजे तक वैध कागजात प्रस्तुत करने की मोहलत दी गई थी।

सभी भूस्वामी बिलासपुर शहर के आसपास के रहने वाले गावों से हैं। उनके द्वारा भूमि की अवैध प्लॉटिंग कर छोटे छोटे टुकड़ों में भूखण्ड बेची जा रही है। न तो उन्होंने कॉलोनाइजर लाइसेंस लिया है और न ही नगर निवेश विभाग से नक्शा पास कराया है। जिन 146 भू स्वामियों और अवैध प्लॉट काटने वालों को नोटिस जारी की गई है, उनमें उसलापुर के 3, नीरतु के 1, घुरू के 17, सैदा के 15, अमेरी के 13, पेंडारी के 17, समलपुरी के 3, सकरी के 9, छतौना के 9,भरनी के 8, मेंड्रा के 29, लोखंडी के 9, हांफा के 11 तथा जोकी के 2 लोग शामिल हैं। कुछ अवैध प्लॉटिंग करने वालों के खुद के नाम पर भूमि है जबकि कुछ लोग भूमि स्वामियों से अवैध रूप से एग्रीमेंट लिखाकर भूमि पर प्लॉटिंग करवा रहे हैं। सकरी तहसील के अंतर्गत ग्राम अमेरी, लोखंडी, विंध्यासेर,नीरतू, काठाकोनी के अवैध प्लॉटर जिन्हें नोटिस जारी की गई है, उनमें विनोद माधवानी, लवकुमार सिंह सरकंडा, ममता पाण्डेय अंबिकापुर, गणेश राम, बजरंग लाल, संतकुमार गुप्ता अमेरी, राधेश्याम साहू, तिलकनगर, सुजीत सिंह, विजय नथानी, नीलिमा जॉन अमेरी, रमनदीप सलूजा, जेठानंद ला, सिंधी कॉलोनी, पुष्पा पिता रामेश्वर, शत्रुघ्न पिता तिहारू, बिनबाई लोखंडी, उदय खांडे, छतलाल तिहारु लोखंडी, सतबतीं बाई, बाजहीन पिता तिहारू, संतकुमार पिता तिहारी, पांचों बाई पति तिहारू, सतबाई पिता तिहरू और जुबैर कुरैशी तारबहार को नोटिस जारी की गई है। सकरी तहसील के ग्राम भरनी में अश्विनी कुमार वगैरह, मनोज, यश रेलवानी, गुलशन पेसवानी, गोपाल मानिकपुरी, निर्मल दास, गौरव पिता रमेश कुमार को नोटिस। मेंड्रा के मेरान बक्शी, इंतजार, नूर मोहम्मद, गरीब दास मानिकपुरी, कलीम खान, प्रदीप पटेल, नंदलाल यादव लालाराम कर्ष, भास्कर निर्मल, खेदूराम, कनकराम, सुकुमार यादव, दुर्गा, अभिषेक दुबे, नागेश्वर शुक्ला, गणेश रजक, राहुल अग्रवाल, रमा बाई, सेवकराम साहू, संतोष भारद्वाज, उमेश प्रताप, अंजु सिंह, गौकरण, प्रमिल कुमार, संदीप कुमार अग्रवाल, सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, जानकी अग्रवाल, कृष्ण कुमार, एनोश प्रकाश, चम्पा बाई, संजय कुमार , हरप्रसाद, सुवासिन बाई, सतीश कौशिक, रिद्धि सिद्धि मैनेजमेंट को नोटिस दिया गया है। छतौना से विनोद मिश्रा, रिद्धि सिद्धि मैनेजमेंट डायरेक्टर खुशबू पति विजय अग्रवाल, मनीषा बजाज, मायादेवी, हितेश, मनमोहन सिंह, मनीषा अग्रवाल, इंदु इंटरप्राइजेज शैलेश अग्रवाल, नूर मोहम्मद को नोटिस जारी की गई है। ग्राम सैदा के रविन्द्र पाटनवार, मो अमजद खान, दीपक अग्रवाल, हेमंत छितरका, दीपक साहू, प्रकाश कलवानी, अल्फा प्रॉपर्टीज संचालक मिथुन साहू, प्रदीप साहू, हरीश अग्रवाल, मुकेश कुमार, अभिलाष, बिसुन सोनवानी, अनूप चढ्ढा, प्रवेश कुर्रे, घुरू के पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, अब्दुल अजीज,हेमंत मिश्रा,गज विनायक बिल्डर, ओमप्रकाश, अंकुर सिंह उमाशंकर तावड़कर, रवि कुमार, शशिकला धृतलहरे, मैतू पिता शंकर, शेख सिराजुल, शशि कुमार सोनी, शिवदास वगैरह तथा सकरी से खालिद खान, अमीन पिता खालिद खान, सोनसाय साहू, कार्तिक राम यादव, हनुमान प्रसाद थवाईत, नंदलाल यादव, राजेश राजपूत, प्रदीप पटेल,अंशुका चंद्रवंशी को नोटिस जारी किया गया है।

सकरी तहसील में भी कई लोगों को नोटिस जारी

सकरी तहसील के पटवारी हल्का नंबर 44 एवं 47 के जिन भूमि स्वामियों को नोटिस जारी की गई है,उनमें अजय पिता केशव, नितेश पिता राजीव लोचन, छहुरा मुकुंदा, भागेला, विकास हाय, नीतीश, हाजी गेयूर हुसैन, विवेक, प्रदीप पटेल, दुर्गा देवी, जगत राम, शारदा, उषा पति बलराम, अनिल राठौड़, संदीप दिगस्कर, सुदर्शन बंसल, मुर्तजा हुसैन, अनिल वस्त्रकर, नितिन त्रिपाठी, विश्वजीत त्रिपाठी, सोमपुरी गोस्वामी, नवदीप टुटेजा, शैलेश देवांगन, नफीस कादरी, स्तुति अग्रवाल, सुरेश कुमार साहू, नितिन त्रिपाठी, सरोज चौधरी, नील चक्र एंटरप्राइजेज, श्रीमती खिरोड़ जजीना मुर्तजा हुसैन शामिल हैं।

क्षमता से ज्यादा पटाखों के भंडारण पर दुकान सील

मप्र के हरदा की घटना के बाद सतर्कता

बिलासपुर/ नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर पटाखा दुकानों की जांच के लिए गठित टीमों ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इस सिलसिले में डिप्टी कलेक्टर शिवकुमार कंवर के नेतृत्व में गठित दल ने सरजू बगीचा स्थित पटाखा दुकान का आकस्मिक निरीक्षण किया। टीम में तहसीलदार बिलासपुर अतुल वैष्णव , जोन कमिश्नर संदीप श्रीवास्तव तथा प्रयोगशाला सहायक संजय मिश्रा शामिल थे। संयुक्त दल द्वारा शहर के सरजू बगीचा स्थित लाइसेंस धारी सुनील कुमार तोलानी के पटाखा दुकान में लाइसेंस, स्थल, भंडारण, क्रय विक्रय , की जांच की जा की गई।

श्री तोलानी के उक्त दुकान में अनुज्ञप्ति के अनुसार कुल पटाखों की क्षमता 1500 किलोग्राम से बहुत अधिक पाई गई। दुकान रिहायशी इलाके में स्थित है। उक्त पटाखे के दुकान में विधि विरुद्ध तरीके से प्लास्टिक की दुकान का भी संचालन किया जा रहा है। पटाखों के साथ साथ प्लास्टिक के बहुत सारे सामान भी एकत्रित किए गए हैं। कुल पटाखों की मात्रा लगभग 5000 किलोग्राम से अधिक पाई गई। क्रय विक्रय का लेखा जोखा विधिसम्मत तरीके से संधारित नही किया गया है। दुकान के अंदर आपात स्थिति में उपयोग के लिए अग्निशमन यंत्र नहीं रखा गया है।दुकान की शटर में स्टॉपर भी नही है। दुकान में क्षमता से अधिक पटाखों के संधारण तथा बहुत अधिक अनियमितता पाए जाने के कारण मौके पर दुकान को सील किए जाने की कार्यवाही दल के द्वारा की गई।

80 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ देने बजट प्रावधान ही नहीं

सीपत/नवप्रदेश। वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत किए बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केश शिल्पी कल्याण बोर्ड उपाध्यक्ष चित्रकांत श्रीवास ने कहा कि बजट में युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। बजट आय में 22 प्रतिशत वृद्धि तो दिखाया गया है लेकिन इसके स्रोत स्पष्ट नहीं है स्मार्ट सिटी और 5 वर्ष में जीडीपी दुगना करने की बात किसानों का आय दोगुना करने वाले केंद्रीय भाजपा का झूठे अनुसरण का प्रमाण है।

महतारी वंदन योजना हेतु 1 वर्ष के लिए 3000 करोड़ रूपये अर्थात ढाई सौ करोड़ रूपए महीना प्रदेश में एक करोड़ चार लाख महिला मतदाता है बजट राशि से मात्र 25 लाख महिलाओं को ही 1000 रूपये महीना दिया जा सकेगा। 80 लाख महिलाओं को योजना से बाहर रखना बजट प्रावधान से भी प्रतीत होता है कि सरकार का शुरू से ही नियत में खोट रहा है श्रीवास ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के पिछले बजट में शिक्षा पर कुल बजट का 19.4 प्रतिशत खर्च किया गया था, जो इस बजट में घटाकर मात्र 15.95 प्रतिशत कर दिया गया है। कृषि के क्षेत्र में कुल बजट पिछले बजट में कुल बजट प्रावधान का 16.6 प्रतिशत था, जो इस बार घटाकर 14.05 प्रतिशत कर दिया गया है, इस तरह कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार कृषि का बजट पिछले वर्ष की तुलना में लगभग ढाई परसेंट घटा दिया गया है।

सराफा व्यापारी संघ से सुरक्षा पर चर्चा

बिलासपुर/नवप्रदेश। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेन्द्र जायसवाल द्वारा आगामी तीज त्यौहार एवं शादी सीजन को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से थाना क्षेत्र के सराफा व्यापारियो की मीटिंग लेने हिदायत दी गई है। जिसके परिपालन में नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली पूजा कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर द्वारा थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र के सराफा व्यापारी संघ की मीटिंग में सराफा व्यापारियो को सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई तथा सभी को अपने अपने दुकान के बाहर लगाए गए होडिंग को व्यवस्थित कर यातायात व्यवस्था बनाए रखने तथा सभी सराफा व्यापारियो को अपने दुकान के बाहर रोड को कवर करते हुए सी.सी.टी.व्ही कैमरा लगाने हिदायत दी गई। मीटिंग में सराफ व्यापारी संघ के सचिव अजय सराफ एवं व्यापारीगण उपस्थित थे।

मोटरसाइकल चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। मोटरसाइकिल चोरी करने वाले 02 आरोपियों को एसीसी टीम बिलासपुर एवं थाना तारबाहर की टीम के द्वारा गिरफ्तार कर चोरी किए गए 04 मोटरसाइकिल एवम आरोपीगण द्वारा घटना स्थल का रेकी करने आने जाने एवम भागने में उपयोग किया जा रहा 01 मोटर साइकल को जप्त किया गया है। मामले का विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी नवीन साहू पिता किशन साहू निवासी अकलतरा जांजगीर चांपा के द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि दिनांक 19.6.2023 को शारदा होटल तेलीपारा के पास से प्रार्थी के बजाज प्लैटिना मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 11 एडब्ल्यु 7584 को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है, रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 274/2023 धारा 379 भादवी पंजीबद्ध कर विवेचना किया जा रहा था। प्रार्थी मनीष कुमार नरेश पिता प्रीतम कुमार नरेश निवासी धान मंडी चौक तोरवा बिलासपुर के द्वारा थाना तार बहार में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिनांक 25.01.2024 को प्रार्थी के मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स सीजी 10एसी 9680 को त्रिवेणी भवन बिलासपुर के पास से कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है,थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 42/2024 धारा 379 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना किया जा रहा था।

खमतराई में नाले पर कब्जा कलेक्टर, निगम आयुक्त को कार्रवाई करने आदेश

बिलासपुर। जिले के बहतराई में स्थित नाले को पाट कर सडक निर्माण करने के मामले में हाईकोर्ट ने कलेक्टर बिलासपुर,नगर निगम आयुक्त तहसीलदार को 4 दिन में करवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा है। कोर्ट ने प्राकृतिक नाले और घास भूमि को बचाने आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

बिलासपुर में खमतराई के खसरा क्रमांक 3 और 5/1 में प्राकृतिक नाला और घास भूमि है। वर्ष 2021 में लोगों ने इस नाले को पाट कर सडक बना ली और प्लाट काटने लगे। हाईकोर्ट में याचिका दायर होने पर जस्टिस गौतम भादुड़ी की एकल पीठ ने 28 जनवरी 2021 को सारा अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। नगर निगम कमिश्नर और तहसीलदार को कब्जा हटाने को भी लिखा गया था। बाद में कुछ नए लोगों ने इस नाले को पूरा पाट दिया और इस पर सड़क बना दी। इस पर अशोक कुमार तिवारी ने अधिवक्ता भरत गुलाबानी के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कलेक्टर बिलासपुर,नगर निगम आयुक्त तहसीलदार को प्राकृतिक नाले और घास भूमि को बचाने आवश्यक कार्रवाई करने कर 4 दिन में कोर्ट को बताने का आदेश दिया गया है।

राष्ट्रीय एथलेटिक्स स्पर्धा में पदक हासिल कर बढ़ाया मान

बिलासपुर। वर्ष 2023 छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के लिए बेहतर रहा। खिलाड़ियों ने अलग-अलग आयु वर्ग में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मेडल जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया। इन खिलाड़ियों का प्रदेश संघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के अलावा वरिष्ठ खिलाड़ियों ने प्रोत्साहित किया और उम्मीद जताई कि इसी तरह आगे प्रदेश को मेडल मिलते रहेंगे। मेडल प्राप्त खिलाड़ी में पहला नाम बालोद जिला के अमित कुमार का शामिल है। जिन्होंने 38वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के 10,000 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीता। वहीं रायपुर जिले के अनिमेष कुजूर ने इंडियन ग्रैंड प्रिक्स चार के 200 मीटर में सिल्वर मेडल और 26 वीं नेशनल फेडरेशन कप सीनियर एथलीट प्रतियोगिता के 200 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल अर्जित किए। इतना ही नहीं उन्होंने इंडियन ग्रैंड प्रिक्स तीन के 200 मीटर में सिल्वर मेडल भी अपने नाम किया।

हरदेव लाल मंदिर में दुर्गा सप्तमी का पाठ

बिलासपुर। हरदेव लाल मंदिर में दुर्गा शप्तसती का पाठ किया गया। पाठ का शुभारंभ जोत जलाकर, माता को नारियल व भोग अर्पित कर किया गया। इसके बाद लयबद्ध होकर पाठ किया गया। आयोजन प्रमुख पुनीत ढंढारिया ने बताया कि प्रत्येक गुरुवार को दुर्गा शप्तसती का पाठ किया जाता है। इसमें अनेक श्रद्धालु भक्त भाग लेकर पाठ करते हैं। इसी क्रम में गुरुवार 8 फरवरी को भी पाठ हुआ। अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। शशि खण्डेलवाल ने बताया कि सामूहिकता का लाभ बहुत होता है।

जोत जलाकर की गई माता की अराधना

पाठ के बाद शरीर में एनर्जी आ जाती है। बिगड़े काम बनता है। हर इंसान को तो कर्म का फल भोगना ही रहता है पर भगवान के शरण में रहने से कोई भी दुख, पीड़ा आती जरूर है, पर सुई की नोंक की तरह एहसास कराकर चला जाता है, इसलिए हर कोई ऐसे आयोजनों से जुड़ें और आध्यात्मिक लाभ लें। इस मौके पर मीरा दुबे, विमला सोनी, स्नेहलता खण्डेलवाल, ज्योति खण्डेलवाल सहित श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

अभियान राशन दुकानों में 12-13 फरवरी को आधार व राशन कार्ड लेकर पहुंचें

आयुष्मान कार्ड बनाने बिलासपुर में महाअभियान

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए महा अभियान प्रचार रथ को रवाना किया गया। प्रचार रथ को निगम आयुक्त श्री अमित कुमार ने हरी झंडी दिखाई।

जिला प्रशासन द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शहर के सभी राशन दुकानों में 12 और 13 फरवरी को विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है ,जिसमें लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाकर दिया जायेगा। निगम कार्यालय विकास भवन परिसर से शिविर के प्रचार रथ को निगम आयुक्त श्री अमित कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार रथ के माध्यम से शहर के विभिन्न इलाकों में भ्रमण कर शिविर के विषय में जानकारी दी जाएगी। कार्ड बनाने के लिए केवल आधार कार्ड और राशन कार्ड लेकर आना होगा। इससे पंजीकृत सभी अस्पतालों में 5 लाख रुपए तक की इलाज मुफ्त में हो पाएगी। बहुत लोग बनवा चुके हैं। बचे हुए लोग सुगमता से बनवा लें, इसलिए कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर उनके घर के आसपास शिविर लगवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री अनिल श्रीवास्तव,डीपीएम सुश्री पी.मजुमदार, आयुष्मान जिला सलाहकार गिरीश दुबे और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

साधकों को दी चरित्रवान चेतनावान जीवन की प्रेरणा

साइंस कॉलेज मैदान में योगीराज शक्तिपुत्र का प्रवचन

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के साइंस कॉलेज मैदान में योगीराज शक्तिपुत्र महाराज द्वारा चिंतन देकर मानव जाति के उत्थान और कल्याण के लिए भक्तों को चरित्रवान,चेतनावान जीवन जीने की प्रेरणा दी गई और मांसाहार नशे से दूर रहने को कहा गया।

भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम के के तत्वधान में जनजागरण शिविर शहर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित किया गया है। शिविर में सुबह मंत्र जाप एवं ध्यान साधना कराई गई । दोपहर दो बजे से मां दुर्गा के भजन और जयकारे ,प्रवचन और आरती की गई। इस प्रवचन में भक्तों को अधर्म नाश करने माता भगवती श्री दुर्गा जी की चेतना को जन-जन में जागृत् करने, नशा व मांसाहार से मुक्त चरित्रवान, जीवन जीने की पेरणा दी गई। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि समाज में व्याप्त बुराईयों से दूर छुआ-छूत, चोरी-डकैती, जघन्य अपराधों से दूर रहने ,निडर, आस्थावान, सत्यवान, मन की एकाग्रता रखने की सीख दी गई। इस शिविर में प्रदेश के अलावा दूसरे प्रदेश से आए हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थि रहें। भक्तों ने शांतिमय तरीके से शिविर में योगीराज की संबोधन का सुनते रहें। इस शिविर में भी हजारों लोग नशामुक्ति का संकल्प लेकर आए हुए हैं।

न्यूज गैलरी

भारत जोड़ो न्याय यात्रा, प्रदेश प्रचार समिति के तुषार ठाकुर अध्यक्ष

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा व राष्ट्रीय प्रभारी पलक वर्मा द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा में प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव आदिवासी नेता तुषार ठाकुर को प्रचार समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके लिए तुषार ठाकुर ने प्रदेश अध्यक्ष व प्रभारी का धन्यवाद ज्ञापत किया और क्षेत्र के नेताओं ने इस नियुक्ति पर हर्ष व्याप्त करते हुए उन्हें बधाई दी। गौरतलब है कि तुषार ठाकुर पूर्व में भी भारत जोड़ो यात्रा में कन्याकुमारी से कश्मीर तक राहुल गांधी के साथ पदयात्रा की थी। तुषार ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा पूरे देश में पैदल भारत जोड़ो यात्रा कन्या कुमारी से कश्मीर तक करने के बाद, अब मणिपुर हिंसा को देखते हुए मणिपुर से मुंबई तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली गई है। छत्तीसगढ़ में 536 किमी की यात्रा में 5 दिन में 7 जिलों से गुजरेगी। युवा कांग्रेस की पूरी टीम मुस्तैद व तैनात रहेगी, इस समय राहुल गांधी सभी धर्म वर्गो के लोगों से मिलकर छत्तीसगढ़ की जमीनी हकीकत से रूबरू होंगे, यह यात्रा एक सामाजिक जन चेतना न्याय यात्रा है। जो मणिपुर की हिंसा, किसान आंदोलन, बढ़ती महंगाई बेरोजगारी, ड्राइवर आंदोलन,असम हिंसा, और छत्तीसगढ़ में हसदेव जैसे तमाम बिंदुओ पर बिना डरे हक की लड़ाई के लिए यात्रा हैं।

प्रबंधकों के आंदोलन को शिवसेना ने दिया समर्थन

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। भानुप्रतापपुर में विगत कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत छत्तीसगढ़ राज्य प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति,प्रबंधक संघ के प्रबंधकों के आंदोलन को समर्थन देने शिवसेना प्रदेश महासचिव उनके मंच पर पहुंचे। वहां उपस्थित प्रबंधकों को संबोधित करते हुए शिवसेना प्रदेश महासचिव चंद्रमौली मिश्रा ने कहा कि आज क्या कारण है कि प्रबंधकों को अपनी मांगों को लेकर धरना, प्रदर्शन, आंदोलन करना पड़ रहा है। परिवार में अगर एक भी आदमी दुखी है तो वह पूरा परिवार खुश नहीं रह सकता। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि सीएम विष्णु देव साय, वन विभाग तत्काल प्रबंधकों की मांगों पर ध्यान देते हुए उनकी मांगों को पूर्ण करें। शिवसेना सदैव प्रबंधकों के साथ है। प्रबंधकों की मांगों का पूर्ण समर्थन करती है।

बालगृह के बच्चों को रूपाली महतारी संस्थान ने किए जूते भेंट

कांकेर/नवप्रदेश। रुपाली महतारी गुड़ी बहुउद्देशीय सेवा संस्थान भिलाई एवं स्व-सहायता समूह गांव उरला के बैनर तले दंतेवाड़ा जिले में संचालित संस्था बाल गृह बालक के चिल चिलाती धुप की तपीश से बचने के लिये छात्रों के उपयोग हेतु जूते भेंट किये। संस्था संरक्षक श्रीमती अंजु देवांगन आस्ट्रेलिया सिडनी से धारिणी भाटिया,कोकिल कक्कड़ ,सुमन सैकिन मंजुला राव निधि रैना पूजाकालिया नीलमशुक्ला सुरभि त्रिपाठी अश्लेषा मेहता,शाह परिवार के सहयोग किया।इस अवसर पर दौरान संस्थान के कर्मचारीयों6के साथ श्रीमती पायल गुप्ता पार्षद नगर पालिका अध्यक्ष,सुनिता यदु बबिता पाण्डेय के कर कमलों से सम्पन्न हुआ।अग्नि वार्षिक परीक्षा के लिए सफल होने हेतु छात्राओं को दिशा निर्देश देते हुए शुभकामनाएं संस्था अध्यक्ष सुश्री शान्ता शर्मा ने दी।

निजी स्कूलों के बच्चों को दी यातायात नियमों की जानकारी

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर 9 फरवरी को 34 वे सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई के एलिसेला के आदेशानुसार शहर की एक निजी स्कूल कांकेर में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें स्कूल के समस्त स्टाफ, ड्राइवर एवं सभी बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु सभी को शपथ दिलाया गया तथा स्कूल बस के ड्राइवरों का अलग से मीटिंग लेकर सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों का पालन करने हेतु समझाइश दी गई।

छत्तीसगढ़ के बजट को लेकर कहीं खुशी कहीं गम

सांसद बोले सुशासन सूर्योदय व गारंटी वाला बजट

कांकेर/नवप्रदेश। राज्य की 2024 की बजट को कांकेर सांसद मोहन मण्डावी ने सुशासन सूर्योदय व गारंटी की बजट कहा है। शुक्रवार 9 फरवरी को छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्तमंत्री ओ पी चौधरी द्वारा बजट प्रस्तुत किया गया । सांसद मोहन मण्डावी ने इस बजट को गरीब युवा,अन्नदाता एवं नारी के उम्मीदों का तथा मोदी की गारंटी के साथ सुषासन व सूर्योदय वाला बजट कहा है । इस बजट को लेकर प्रेसविज्ञप्ति जारी कर सांसद मोहन मण्डावी ने कहा कि वित्तमंत्री ओ पी चौधरी ने 147500 करोड़ रूपए का अनुमानित बजट युवाओं,महिलाओं,गरीबों एवं किसानों के साथ सभी वर्गो के हित को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत किया ।

कांकेर सांसद मोहन मण्डावी ने प्रस्तुत बजट को लेकर कहा कि छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के लिए यह सुशासन एवं सूर्योदय का बजट है । इस बजट में 36 लाख गरीब परिवारों का पक्का आवास,महतारी वंदन योजना के लिए महिलाओं को 12000 रूपए सलाना,भूमिहिन कृषकों को 12000 रूपए,कृषि के लिए 10 हजार करोड़,श्रीरामलला दर्शन के लिए 35 करोड़,जल जीवन मिशन के लिए 4500 करोड़,टेक्नीकल रिफार्म के लिए 266 करोड़,शक्तिपीठ के लिए 5 करोड़, सिंचाई परियोजना के लिए 300 करोड़,गोदाम निर्माण के लिए 26 करोड़,मुख्यमंत्री सड़क योजना के लिए 94 करोड़,आवासीय विद्यालय

के लिए 13 करोड़,नये सड़कों के लिए 841 करोड़,ब्याज मुक्त कृषि के लिए 8500 करोड़,सभी संभागों में स्नातकोत्तर छात्रावास के लिए 2.40 करोड़,सिंचाई परियोजना के लिए 156 करोड़, कुपोषण दूर करने के लिए 209 करोड़,जनमन योजना के लिए 300 करोड़,महिला सदन के लिए 50 करोड़,पंचायत एवं ग्रामीण विकास के लिए 17539 करोड़,पीएचई के लिए 5047 करोड़,नालंदा परिसर के तर्ज पर 22 स्थानों पर लायब्रेरी के लिए 148 करोड़, कैम्पा में 1 हजार करोड़, भवन विहिन हा.से/,हाई स्कूल के लिए 100 करोड़,अटल श्रम शक्ति योजना के लिए 123 करोड़,अस्पतालों के लिए 736 करोड़,400 यूनिट बिजली खपत पर हाफ योजना का लाभ, सोलर पम्पों हेतु 670 करोड़,एकलबत्ती कनेशन में 450 करोड़,राज्य मार्गो के लिए 1.90 करोड़, नई रेल लाईन हाल्ट के लिए 120 करोड़,नये ग्रामीणों सड़को के लिए 841 करोड़,स्वच्छ भारत मिशन के लिए 400 करोड़,बाँधों की मरम्मत के लिए 72 करोड़ आदि विभिन्न कार्यो के लिए छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ने बजट पेश की । यह बजट पिछले बजट की तुलना में 22 प्रतिशत अधिक है इससे जी डी पी 5 साल में दोगुना होगा । कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। बस्तर और सरगुजा को मिले विषेश पैकेज से क्षेत्र विकसित होगा। मत्स्य पालन को प्रोत्साहन मिलेगा यह विजन वाला बजट है गारंटी और टेक्नोलॉजी का बजट है। कांकेर सांसद ने इस बजट को विकसित छत्तीसगढ़ का बजट भी कहा है ।

प्रदेश कर्मचारी संगठन ने कहा भाजपा सरकार ने कर्मचारियों को ठगा: प्रदेश के कर्मचारियों के लिए बजट में कुछ भी नही है, भारतीय जनता पार्टी के सरकार बनने के बाद कर्मचारियों में उम्मीद बंधी थी कि ये सरकार कर्मचारियों/पेंशनरों का कुछ भला करेगी लेकिन आज तक न तो जुलाई 2023 से लंबित महंगाई भत्ता दे रही और न ही कर्मचारियों की नियमितीकरण की कोई बात कर रही और न ही लिपिकों/ कर्मचारियों/ सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति की बात कर रही। जबकि अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए 100 दिन में समिति बनाने का वादा अपने चुनावी घोषणा पत्र में किया था। कर्मचारी वर्ग आज के बजट पर टकटकी लगाए देख रहा था किंतु इस सरकार ने और इस सरकार के वित्त मंत्री ने कर्मचारियों और पेंशनरों को बहुत ज्यादा निराश किया है।

सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दे रहे पप्पू मोटवानी

कांकेर/नवप्रदेश। भाजपा के मंडल कोषाध्यक्ष तथा कॉंकेर के सांसद मोहन मंडावी के सांसद प्रतिनिधि अजय पप्पू मोटवानी इन दिनों गांव चलो अभियान में जान से जुटे हुए हैं जो 4 फरवरी से समस्त प्रदेश में चलाया जा रहा है। इस अभियान में अजय पप्पू मोटवानी को जनकपुर वार्ड क्रमांक 1 श्यामा नगर, का प्रभार सौंपा गया है, जिसे सफल बनाने के लिए जुटे हुए हैं । वे अपने प्रभार क्षेत्र में घर-घर जाकर निवासियों को केंद्र सरकार की अब तक की उपलब्धियां बता रहे हैं और भविष्य में शुरू होने वाली योजनाओं की रूपरेखा तथा उसके जनकल्याणकारी लाभों का वर्णन भी सरल हिंदी तथा छत्तीसगढ़ी भाषा में क्षेत्र वासियों को समझा रहे हैं । सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में अब मात्र दो माह का समय ही शेष है तथा चुनावी दृष्टिकोण से भी ÷गांव चलो अभियान÷ भाजपा के लिए अति आवश्यक है , जिसका पूर्ण ध्यान

रखते हुए अजय पप्पू मोटवानी आम जनता में उपलब्धियों तथा योजनाओं का प्रचार कर ही रहे हैं, साथ ही नौजवान मतदाताओं को भी मतदान हेतु प्रेरित कर रहे हैं । उन्हें छत्तीसगढ़ की नई विष्णु देव साय सरकार की योजनाओं का लाभकारी विवरण भी बता रहे हैं, जैसे धान खरीदी पर 2 वर्ष की बक़ाया बोनस रकम का एकमुश्त भुगतान ,धान की रिकॉर्ड खरीदी, महतारी वन्दन में 80 लाख महिलाओं को 12,000/ वार्षिक देने का निर्णय, पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच, तेंदूपत्ता रेट ?5500/ प्रति मानक बोरा ,18 लाख छत्तीसगढ़ी परिवारों को पक्की छत , रामलला दर्शन योजना आदि के विषय में अजय पप्पू मोटवानी द्वारा अपने प्रभार क्षेत्र के स्त्री- पुरुषों - नौजवानों- बुजुर्गो ,सभी को विस्तार से जानकारी दी जा रही है ।

विधायक की अनुशंसा पर 75 लाख के निर्माण कार्यो की दी गई स्वीकृति

कांकेर/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत कांकेर विधायक आशाराम नेताम की अनुशंसा पर कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा जिले के कांकेर एवं नरहरपुर विकासखण्ड में विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए कुल 75 लाख 66 हजार 667 रूपए से अधिक की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें खेल सामग्री क्रय करने के लिए विकासखंड नरहरपुर के माध्यमिक शाला में 83 किट तथा कांकेर विकासखंड के माध्यमिक शाला में 81 किट और कन्या आश्रम सिंगारभाट में 1 किट सहित कुल 165 किट हेतु 47 लाख 66 हजार 667 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृत प्रदान की गई है।

परिदृश्य बहाली के लिए कार्ययोजना बनाने पर हुई परिचर्चा

कांकेर/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज विभिन्न विभागों के अधिकारियों, पीपीआईए फेलो, टीआरआई और डब्ल्यूआरआई संस्था के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 'परिदृश्य बहाली' पर विस्तृत चर्चा की गई। विभिन्न विभागों से उपस्थित अधिकारियों ने परिदृश्य बहाली के संबंध में अपने विभाग की भूमिका तथा इसके विकास के लिए अपने सुझाव दिए। कार्यक्रम के तहत तैयार होने वाली कार्ययोजना महात्मा गांधी नरेगा द्वारा विभिन्न विभागीय योजनाओं के अभिसरण से तीन वर्षो में संपादित की जाएगी।

कार्यशाला में टीआरआई के एसोसिएट डायरेक्टर कल्याणी ने बताया कि हम पारिस्थितिक विकास में कोई नया काम नहीं अपितु पहले से ही ये सभी कार्य हो रहे थे, जो खंड-खंड में थे। आज आवश्यकता है कि कैसे सभी विभागों द्वारा समेकित प्रयास हो, जिससे परिदृश्य बहाली का बेहतर कार्य हो सके। कार्यक्रम के अगली कड़ी में डब्ल्यूआरआई इंडिया से सिद्धार्थ एडाके ने विस्तार से बताया कि परिदृश्य बहाली क्यों आवश्यक है? साथ ही किन उपायों से परिदृश्य बहाली संभव है। सतत विकास लक्ष्य के किन चार उद्देश्यों से यह सीधा संबंध रखता है। आज जलवायु परिवर्तन संयम के लिए कार्बन अवशोषित करना क्यों आवश्यक है? कैसे ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग के योजनाओं के प्रभावी अभिसरण से बेहतर परिणाम जिला-सीधी, मध्य प्रदेश में देखने को मिले हैं, इस पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला के अगले चरण में टीआरआई के सीनियर प्रैक्टिसनर आशुतोष नंदा ने कांकेर में अब तक आए सूखे के बारे में बात की। कैसे, बारिश होने पर ऊपरी उपजाऊ भूमि का क्षरण हो रहा है, जबकि नए एक सेंटीमीटर मिट्टी की परत बनने में 200 से 400 वर्ष लगता है। इस प्रकार से उन्होंने विभिन्न पहलुओं पर ध्यान आकर्षित करते हुए सभी प्रतिभागियों को विचार करने पर मजबूर किया। तत्पश्चात कार्यशाला में विभिन्न विभागों ने परिदृश्य बहाली के संबंध में अपने बहुमूल्य सुझाव दिए।

जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल ने बताया कि यह उनके रुचि का विषय है। यदि परिदृश्य बहाली के संबंध में कार्य अभी नहीं शुरू किया गया, तो बहुत देर हो जाएगी। संसाधन सीमित हैं, आने वाली पीढ़ियों को सभी आवश्यक वस्तु मिले, इसके लिए अभी से बेहतर योजना बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा। हम अपने जिम्मेदारियां का निर्वहन कर बेहतर उदाहरण प्रस्तुत कर सकते हैं, जिसे भविष्य में अन्य विकासखंडों में स्केल अप किया जा सकता है। हमें छोटे-छोटे प्रयास निरंतर करने होंगे और सभी विभागों की भूमिका इसमें इंटरलिंक है। विभागों के प्रभावी अभिसरण से ही यह संभव है। कार्यक्रम के अंत में आशुतोष मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

सनातन धर्म में ही नारी और पुरुष को बराबर का दर्जा : पंडित अतुल

आज लोगों के पास राम नाम लेने का समय नहीं

कांकेर/नवप्रदेश। शहर के मिनी स्टेडियम में चल रही रामकथा के पांचवे दिन की कथा सुनाते पंडित अतुल कृष्ण भारद्वाज ने कहा पुरूष की रचना ब्रम्हा जी के दाहिने भाग से तथा महिला की रचना ब्रम्हा जी के बाएं भाग से हुई है। दाहिने भाग में दिमाग होता है जबकि बाएं भाग में दिल होता है। यही कारण है पुरूष हमेशा दिमाग से सोचता है जबकि महिलाएं दिल से सोचती हैं इसलिए ममतामयी कहीं जाती हैं। विश्व में सनातन धर्म ही एक ऐसा धर्म है जिसमें नारी तथा पुरूष को बराबर यानी समानता का दर्जा दिया गया है जबकि विश्व के बाकी सभी धर्मो में महिला को समानता का दर्जा नहीं है। यही सनातन धर्म की महानता है।

माताएं दिल से सोचती हैं इसलिए ममतामयी मानी गई हैं और यही कारण है शास्त्रों में भी बच्चों पर पिता से अधिक माता को अधिकार दिया गया है। बच्चों को मां ही पालती हैं क्योंकि माता स्वयं गीले में सो जाएगी लेकिन बच्चे को सुरक्षित सूखे स्थान पर रखती है। महिलाएं ममतामयी होती हैं यही कारण है कभी पति पत्नी में झगड़ा भी हो जाए तो एक दो घंटे बाद पत्नी भूल जाती है और बातचीत करने लगती है। वहीं पुरूष पहले तो झगड़ा करेगा नहीं और करेगा तो फिर उसे सहज होने में समय लगता है। जीवन पूर्ण तभी होता है जब पति पत्नी में सामंजस्य होता है। महिला तथा पुरूष के इस मूल स्वभाव को पति पत्नी समझ लें तो फिर घरों में जो थोड़ी बहुत क्लेश होगी वह भी समाप्त हो जाएगी। अतुलकृष्ण महाराज ने कहा की दुनिया में राम नाम की बड़ी महिमा है। मनुष्य आज सोशल मीड़िया में घंटों समय बीता देता है लेकिन राम का नाम लेने उसके पास समय नहीं होता। इसके लिए उपाय बताते कहा की मनुष्य को मार्निंग वाक करते समय पैरों की जरूरत होती है जीभ खाली रहती है तो उस वक्त राम का नाम जपते रहना चाहिए। इसी प्रकार महिला को झाड़ू लगाते, आटा गूंथते, सब्जी काटते, पराठा बनाते समय राम नाम का जप करना चाहिए।

एएमएनएस प्रतिभाओं को बढ़ावा देने कर रहा काम

किरन्दुल/नवप्रदेश। एएमएनएस इंडिया द्वारा ग्राम पंचायत पालनार के टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। प्रोजेक्ट उडान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के 32 टीमों ने भाग लिया,जिसमें विजेता टीम ताड़क बचेली और उपविजेता टीम ब्लैक टाइगर मैलावाड़ा को नकद पुरस्कार और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

इस पुरस्कार समारोह में पालनार सरपंच, जिला पंचायत सदस्य मालती नन्दलाल मुड़ामी और ,रू्रहस इंडिया किरंदुल के जीएम वाई वी राघवेलु, सिविल इंजीनियर और सीएसआर प्रमुख डॉ तेजप्रकाश उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सुदूर आदिवासी क्षेत्रों से युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से संबंधित मूल्यों को स्थापित करना है। समारोह के दौरान पालनार के सरपंच ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन में सहयोग के लिए एएमएनएस इंडिया किरंदुल का विशेष आभार प्रदर्शन किया एवं उनके द्वारा लगातार किए जा रहे सामाजिक कार्यो एवं प्रयासों की सराहना की।

कोरर में लोकसभा स्तरीय कबड्डी और वॉलीबॉल स्पर्धा की शुरुआत

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। ग्राम कोरर में तीन दिवसीय लोकसभा स्तरीय कबड्डी एवं वालीबॉल स्पर्धा की शुरुआत की गई। इसका समापन रविवार को होगा। युवा समिति कोरर ने गांव दिवंगत लोगों की याद मेंइसका आयोजन किया है। समिति के संयोजक बीरेश ठाकुर ने बताया कि यह आयोजन का 10 वां वर्ष है। मेले के समय ही आयोजित की जाती है। इसका उद्घाटन सेवानिवृत्त पुलिस महानिर्देशक मध्यप्रदेश भारतभूषण सिंह ठाकुर के मुख्य आथित्य में, राकेश ठाकुर सेवानिवृत्त महाप्रबंधक भिलाई स्टील प्लांट ,एवं पुलिस अधीक्षक मुख्यमंत्री सुरक्षा प्रफुल ठाकुर जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत धुर्व ,किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष

जनकनंदन कश्यप ,सरपंच कोरर सौरभ ठाकुर की उपस्थिति में हुआ।

आज महिला वर्ग का पहला मैच भोड़िया विरुद्ध नारायणपुर के मध्य खेला गया। इसमें भोड़िया की टीम ने जीत दर्ज की। संयोजक बीरेश ठाकुर ने बताया कि इसमें पुरुष और महिला वर्ग में जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय मैच खेला जाएगा। साथ ही वॉलीबॉल का जिला स्तरीय मैच का आयोजन किया जाएगा एवं मैच के अंतिम दिन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों से सुसज्जित वालीबाल के प्रदर्शनी मैच महिला एवं पुरुष वर्ग के आयोजित किए जाएंगे जो विशेष आकर्षण के केंद्र रहेंगे। जिनका मैच देखने कोरर के लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे है। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में कोरर के सभी युवा समिति एवं ग्रामीण के सदस्य जुटे हुए हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष

राममंदिर के विरोधी 'हवन में...

सिद्धि का दिन है।

इस देश की कल्पना राम और रामचरितमानस के बिना नहीं

ये दिन समग्र भारत की आध्यात्मिक चेतना का दिन बन चुका है। 22 जनवरी का दिन महान भारत की यात्रा की शुरुआत का दिन है। ये दिन मां भारती विश्व गुरु के मार्ग पर ले जाने को प्रशस्त करने वाला दिन है।÷ शाह ने कहा कि इस देश की कल्पना राम और रामचरितमानस के बिना नहीं की जा सकती। राम का चरित्र और राम इस देश के जनमानस का प्राण है। जो राम के बिना भारत की कल्पना करते हैं, वो भारत को नहीं जानते।

राम आदर्श जीवन का प्रतीक हैं

राम प्रतीक हैं कि करोड़ों लोगों के लिए आदर्श जीवन कैसे जीना चाहिए, इसीलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति और रामायण को अलग करके देखा ही नहीं जा सकता। कई भाषाओं, कई प्रदेशों और कई प्रकार के धर्मो में भी रामायण का जिक्र, रामायण का अनुवाद और रामायण की परंपराओं को आधार बनाने का काम हुआ है।

330 साल तक कानूनी लड़ाई के बाद यह क्षण आया

गृह मंत्री ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन से अनभिज्ञ होकर कोई भी इस देश के इतिहास को पढ़ ही नहीं सकता। 1528 से हर पीढ़ी ने इस आंदोलन को किसी न किसी रूप में देखा है। ये मामला लंबे समय तक अटका रहा, भटका रहा। 330 साल तक कानूनी लड़ाई के बाद यह क्षण आया है। देश की आध्यात्मिक चेतना जागृत हुई है। श्री मोदी के समय में ही इस स्वप्न को सिद्ध होना था और आज देश ये सिद्ध होता देख रहा है।

वादे के मुताबिक हमने काम पूरा किया

उन्होंने कहा, अनेक राजाओं, संतों, निहंगों, अलग-अलग संगठनों और कानून विशेषज्ञों ने इस लड़ाई में योगदान दिया है। मैं आज 1528 से 22 जनवरी, 2024 तक इस लड़ाई में भाग लेने वाले सभी योद्धाओं को विनम्रता के साथ स्मरण करता हूं।

मंदिर के निर्णय पर सरकार ने पूरी स्थिति संभाली उन्होंने कहा, आडवाणी जी ने सोमनाथ से अयोध्या तक यात्रा की, डॉ. मुरलीमनोहर जोशी ने जनजागृति की। कोई एक देश के बहुसंख्यक समाज ने राममंदिर के निर्माण के उद्देश्य की पूर्ति के लिए दशकों तक धैर्यपूर्वक उच्चतम न्यायालय के निर्णय की प्रतीक्षा की। जब राम मंदिर निर्माण के लिए अदालत का निर्णय आया तब कई लोग अनुमान लगा रहे थे कि इस देश में रक्तपात हो जाएगा, दंगे हो जाएंगे। मगर भाजपा की सरकार है, श्री नरेन्द्र मोदी जी इस देश के प्रधानमंत्री हैं। अदालत के निर्णय को भी जय-पराजय की जगह, सबके मान्य न्यायालय के आदेश में परिवर्तित करने का काम श्री मोदी जी के दूरदर्शी विचार ने किया।

निया 'कानून': परीक्षा में नकल पर 10 साल...

है। वहीं कुछ लोगों की गड़बड़ की वजह से परीक्षा रद्द होती है। स्टूडेंट्स के साथ-साथ प्रशासन को भी नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसे में गड़बड़ करने वाले ही इस नुकसान के लिए उत्तरदायी होंगे। इस विधेयक में ये परीक्षाएं भी शामिलसरकार की तरफ से स्पष्ट किया गया है कि इस विधेयक के तहत छात्रों को निशाना नहीं बनाया जाएगा। इसके अलावा ऑनलाइन तरीके से परीक्षा को और ज्यादा सुरक्षित बनाने की सिफारिश की जाएगी। इस विधेयक में यूपीएससी, एसएससी, जेईई, रेलवे, बैंकिंग, सीयूईटी जैसी परीक्षाओं को शामिल करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा केंद्रीय विश्वविद्यायों में ऐडमिशन प्रक्रिया या फ़िर अन्य नौकरियों के लिए आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं को भी शामिल किया गया है।

कॉलेज में शोध केन्द्र का उद्घाटन, मनाई गुंडाधूर जयंती

कोंडागाँव/नवप्रदेश। गुंडाधुर स्नातकोत्तर अध्यापन विभागों के समन्वय एन सीसी अधिकारी श्रीमती नेहा बंजारे व जिला संगठन प्रोफेसर कन्नौजे के समन्वय में बस्तर के महान क्रांतिकारी वीर गुंडाधूर जयंती मनाई गई। कालेज के प्राचार्य डॉक्टर सी आर पटेल ने सभागार में गुंडाधूर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। छात्रों और प्रभारी प्राध्यापक तथा एनसीसी सहित स्टाफ ने पुष्पांजलि अर्पित की। प्रोफेसर वासनिकर प्रोफेसर वर्मा कन्या महाविद्यालय के प्रोफेसर नेताम कुमारी सरिता तारम नेहा बंजारे एनसीसी हनी जैन कॉमर्स के व्याख्यान हुए। इस अवसर पर इतिहास के विभाग अध्यक्ष एवं शोध केंद्र के अधिष्ठाता इतिहास प्रोफेसर चेतन राम पटेल ने इतिहास शोध केंद्र तथा वाणिज्य शोध केंद्र का उद्घाटन किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

छग के इतिहास में पहली बार पेपरलेस डिजिटल ग्रेट सीजी बजट : नीतू

बेमेतरा/नवप्रदेश। विष्णुदेव सरकार के प्रथम कार्यकाल के प्रथम बजट पर बेमेतरा नगर पालिका की पार्षद नीतू कोठारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार 1 लाख 12 हजार 708 करोड़ क़ा पेपरलेस डिजिटल बजट से सभी वर्गों की आंखों में खुशी के आंसू है।

ग़रीबों के आवास हेतु 8369 करोड़, महिलाओं के लिये स्वसहायता समूह को रोजगार हेतु 561 करोड़, महतारी वंदन हेतु 117 करोड़, विद्यार्थियों के लिये प्रदेश में नालंदा परिसर की तर्ज पर 22 लाईब्रेरी एवं नई शिक्षा नीति लागू करना ये सरकार क़ा ग्रेट सीजी बजट हैं।

वित्तमंत्री ओपी चौधरी के पेपरलेस बजट में छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार की नीति व नीयत साफ झलक रही हैं, जो यह दर्शाती हैं कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास व सबका प्रयास के सिद्धांतों पर चलकर जनता के विकास के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

राज्य सरकार की साजिशन अदूरदर्शी सोच का बजट : रूपेश दुबे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने छत्तीसगढ़ सरकार की बजट को और दूरदर्शी सोच वाला बजट प्रदर्शित करते हुए कहा कि इस बजट में युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

बजट आय में 22 प्रतिशत वृद्धि तो दिखाया गया है, लेकिन इसके स्रोत कहां से हैं, यह स्पष्ट नहीं है। स्मार्ट सिटी और 5 वर्ष में जीडीपी दुगना करने की बात किसानों का आय दोगुना करने वाले केंद्रीय भाजपा का झूठे अनुसरण का प्रमाण है। महतारी वंदन योजना हेतु 1 वर्ष के लिए 3000 करोड़ रूपये अर्थात ढाई सौ करोड़ रूपए महीना? प्रदेश में एक करोड़ चार लाख महिला मतदाता है। बजट राशि से मात्र 25 लाख महिलाओं को ही 1000 रूपये महीना दिया जा सकेगा, 80 लाख महिलाओं को योजना से बाहर रखना बजट प्रावधान से भी प्रमाणित है।

जनता के आर्थिक मजबूती के निर्माण का बजट : आकाश चोपड़ा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय मंत्री आकाश चोपड़ा ने छत्तीसगढ़ के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ राज्य को एक नई ऊंचाई प्रदान करने वाला बजट है।

आकाश ने कहा कि केंद्र की मोदी नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने के उद्देश्य से जारी किये गए इस बजट में ना सिर्फ सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है, बल्कि आने वाले पांच वर्षों में प्रदेश को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है।

विकसित छत्तीसगढ़ का सपना देखने वाले प्रदेश के हर नागरिक के लिए यह बजट सुशासन का बजट है। आकाश ने कहा कि बजट में राजनांदगांव का भी विशेष ध्यान रखते हुए जिले में सायबर सेल थानों की स्थापना व मेडिकल कालेज में ट्रामा सेंटर की घोषणा इसका प्रमुख उदाहरण है।

महिला की अधजली लाश की गुत्थी सुलझी, पति ही निकला हत्यारा

पारिवारिक विवाद-चरित्र शंका बना हत्या का मुख्य कारण

बेमेतरा/नवप्रदेश। चौकी प्रभारी कंडरका को 18 जनवरी को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम नेवनारा के पास उरला - कंडरका - बेरला मुख्य मार्ग के समीप अज्ञात महिला का शव जली हुई स्थिति में मिला हैं, मौके पर पहुचने के बाद चौकी प्रभारी कंडरका द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को हालात से अवगत कराने पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला घटना स्थल पर पहुचे और तत्काल डॉग स्कॉड, सीन आफ क्राईम यूनिट व सायबर सेल की टीम को मौके पर बुलाया गया, प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक बेमेतरा द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला तेजराम पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की, थाना प्रभारी बेरला विवके पाटले, थाना प्रभारी कोतवाली अजय सिन्हा, निरीक्षक भावना खंडारे, सायबर सेल प्रभारी मयंक मिश्रा, थाना प्रभारी चंदनू योगेश अग्रवाल, चैकी प्रभारी कंडरका कंवल सिंह नेताम के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर प्रकरण के त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया गया।

घटना स्थल के प्रारंभिक अवलोकन पर पाया गया कि जला हुआ शव किसी महिला का है और यह प्रतीत हो रहा था कि घटना कारित करने वाले आरोपी द्वारा मृतिका की पहचान छुपाने के आशय से हत्या कर शव को जला दिया है, मौके पर प्रारंभिक मर्ग पंचनामा कार्यवाही के दौरान मृतिका के शव के दाहिने हाथ में एक चांदी की अंगुठी मिली जिसममें ह्य लिखा हुआ था, दोनो पैर में मोजा पहनी हुई थी, शव के समीप गोल्डन पॉलिस वाली बाजारू बाली तथा एक लाल रंग के फ्रेम वाला चश्मा प्राप्त हुआ जिसके ग्लास का पावर 7.5 था। मर्ग पंचनामा कार्यवाही के उपरांत शव को परीक्षण हेतु मेकाहारा रायपुर भेजा गया, डांक्टर द्वारा शव के शव परीक्षण उपरांत मृतिका की मृत्यु हत्या करने से होना लेख किये तब शार्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर चैकी कण्डरका थाना बेरला में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 25/2024 धारा 302,201 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। मृतिका की पहचान एक चुनौती एवं पहचान हेतु किया गया प्रयास विवेचना के दौरान प्रारंभिक रूप से पुलिस टीम के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती मृतिका की पहंचान प्रतिस्थापित करना था, इसके लिये पुलिस अधीक्षक बेमेतरा के निर्देशानुसार 4 पृथक-पृथक टीम गठित कर घटना स्थल से बरामद पहंचान योग्य वस्तुओं का समावेश करते हुये पाम्पलेट तैयार कर जिला बेमेतरा, जिला दुर्ग जिला रायपुर जिला बलौदाबाजार क्षेत्र के थानों में सम्पर्क कर आम जनता को पाम्पलेट दिखाकर, चौक-चैराहो व महत्वपूर्ण स्थानों तथा कंडरका, उरला, सिलतरा, टाटीबंध क्षेत्र के सभी फैक्ट्रियों में अधिकाधिक संख्या में पाम्पलेट चस्पा किया गया।

स्थानांतरण नौकरी का हिस्सा : संभागायुक्त राठौर

एसपी और एसडीएम का सम्मान कर दी गई विदाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता, अनुविभागीय एवं दंडाधिकारी बेमेतरा सुश्री सुरुचि सिंह (आईएएस) व अनुविभागीय एवं दंडाधिकारी साजा विश्वास राव मस्के का गरमायी समारोह में विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वही नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू का स्वागत किया गया। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता स्थानांतरण होकर पुलिस अधीक्षक गौरेला पेंड्रा मरवाही, अनुविभागीय एवं दंडाधिकारी सुश्री सुरुचि सिंह (आईएएस) सीईओ ज़िला पंचायत राजनादगाँव हुआ है। श्री मस्के डिप्टी कलेक्टर जशपुर पदस्थ किया गया है। सभी का गुरुवार को सर्किट हाउस प्रांगण में गरमायी विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए।

विदाई समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित संभागायुक्त दुर्ग सत्यनारायण राठौर ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि स्थानांतरण नौकरी का हिस्सा होता है। अधिकारी या कर्मचारी जहां कहीं भी जाता है, वहां से कुछ न कुछ जरूर सीखता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी को काम करने में तभी आनंद आता है, जब उनको वहां की जनता से सहयोग मिलता है। एसपी श्रीमती भावना गुप्ता ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। इसके लिए उन्हें बहुत-बहुत बधाई। आयुक्त श्री राठौर ने कहा की यहाँ एसडीएम तौर पर पदस्थ सुश्री सुरुचि सिंह ने विधानसभा निर्वाचन के दौरान अच्छा काम किया, इसलिए उन्हें राज्य स्तर पर सम्मानित किया। उन्होंने आशा व्यक्त की आगे भी वे नई जिम्मेदारी का सफलता के साथ निर्वहन करेंगी। कार्यक्रम में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना और नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक श्री साहू से उनका पुराना परिचय भी रहा है। समय पर जिलों में एक साथ काम किए हैं। एक साथ कार्य करने का अच्छा अनुभव रहा। श्रीमती गुप्ता के कार्यकाल में अपराधों पर लगाम लगी। उन्होंने अपराधों को भी गंभीरता से लेते हुए त्वरित निराकरण करने का सार्थक प्रयास किया। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस प्रशासन की टीम ने जिलें में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। उन्होंने कहा कि मुझे यहाँ अभी ज्यादा दिन नहीं हुए किंतु जितने दिन हुए उसमें जिले में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन का अच्छा तालमेल रहा। कोई भी कार्य करने के लिए टीम भावना बेहद जरूरी हैं और यह भावना हाल ही में मुख्यमंत्री के जूनी सरोवर मेला प्रवास के दौरान देखने को मिली। उन्होंने सुश्री सुरुचि सिंह और श्री मस्के के कार्यों की तारीफ की और नई जिम्मेदारी के लिए बधाई और शुभकामना दी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेन्द्र शास्त्री ने भी पुलिस अधीक्षक श्रीमती गुप्ता के कार्यों की तारीफ की। उन्होंने कहा उन्होंने और श्रीमती गुप्ता ने बेमेतरा में एक ही तारीख एक जून 2023 को पदभार ग्रहण किया। कम समय में उन्होंने अच्छे काम की बदौलत यहाँ की जनता का दिल और विश्वास जीता।

कोर्ट के आदेश पर हटाये गए हाउसिंग बोर्ड कार्यपालन अभियंता, जा सकते हैं सुप्रीम कोर्ट

एंटी करप्शन मामले में चंद्रशेखर बेलचंदन की बढ़ती मुश्किलें, मामला पंजीबद्ध, जांच जारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। हाउसिंग बोर्ड में वर्ष 2014 में तत्कालीन प्रशासकीय अधिकारी को अपना प्रभाव दिखाकर और शतरंज का मोहरा बनाकर बेलचंदन हाउसिंग बोर्ड में अपनी जबरिया पोस्टिंग कराने में कामयाब रहे। संभाग राजनांदगांव में वर्ष 2014 से वर्ष 2024 तक कार्यपालन अभियंता के पद पर पदस्थ रहे चंद्रशेखर बेलचंदन अपनी विवादित छवि के चलते बदनाम रहे। कार्यालय में अशोभनीय आचरण करने एवम अधीनस्थ कर्मचारियों को जातिगत अपमानित एवं प्रताड़ित किये जाने से त्रस्त मंडल के कर्मचारियों द्वारा बेलचंदन की शिकायत स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति से भी कई बार की गई थी। मंडल के द्वारा सभी शिकायतों की जांच कराकर बेलचंदन को कई बार दंडित भी किया गया। वर्तमान में भी बेलचंदन पर दो विभागीय जांच संस्थित की गई है, जिसमे यात्रा अग्रिम रुपये 59,229 का बिना अनुमति आहरण तथा फर्जी

मेडिकल बिल लगाकर राशि आहरण की जांच की जा रही है।

दो बार हो चुके हैं निलंबित

मंडल में प्रतियुक्ति पर कार्यरत रहे चंद्रशेखर बेलचंदन की हाउसिंग बोर्ड में पदस्थापना के दौरान बिना सक्षम अनुमति के यात्रा अग्रिम राशि के आहरण की वित्तीय भ्रष्टाचार मामले में तथा चुनाव में घोर लापरवाही करने के कारण दो बार निलंबित हो चुके है।

मूलतः भारतीय सेना के बॉर्डर रोड डेवलपमेंट आर्गेनाईजेशन के अधिकारी बेलचंदन के विरुद्ध एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर में भी आय से अधिक संपत्ति का मामला पंजीबद्ध है, जिसकी जांच की जा रही है।

घनश्याम विश्वकर्मा का कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। । राहुल-प्रियंका गांधी सेना के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम विश्वकर्मा ने कांग्रेस की स्थाई सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देशहित के लिए किये जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर और कांग्रेस की भ्रष्ट नीतियों से क्षुब्ध होकर ही घनश्याम विश्वकर्मा नें यह फैसला लिया है। उल्लेखनीय है कि, घनश्याम विश्वकर्मा श्री विश्वकर्मा राहुल-प्रियंका गांधी सेना के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सहित प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के प्रदेश महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण और जिम्मेदार पद पर रहकर कांग्रेस संगठन में अपनी सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। जिसके चलते ही भाजपा संगठन उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकता है। घनश्याम विश्वकर्मा एक सक्रिय और कर्मठ युवा नेता हैं।

'विकसित छग के संकल्प को पूरा करने वाला बजट : प्रतिक्षा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी ने बजट में सभी वर्ग एवं प्रदेश के विकास हेतु प्रस्तुत बजट के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट विकासशील छत्तीसगढ़ से विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है, जिसमें सेवा, सुधार, सुशासन एवं संकल्पों को पूरा करने का लक्ष्य भाजपा सरकार ने तय किया है। इस सर्वसमावेशी बजट में भाजपा सरकार ने 10 प्रमुख स्तंभ निर्धारित किये हैं जो गरीब, युवा,

अन्नदाता और नारी (ज्ञान) की समृद्धि के साथ पूंजीगत व्यय बढ़ाकर अधोसंरना विकास को प्रोत्साहित करने और राज्य के युवाओं के लिए रोजगार और आजीविका को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने छत्तीसगढ़ का बजट पेश करते हुए वर्ष 2030 तक 10 लाख करोड़ के सकल घरेलू उत्पाद के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूंजीगत निवेश में पर्याप्त वृद्धि करने पर जोर दिया है, जो विकासशील छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में एक अहम भूमिका निभाएगा। श्रीमती प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी ने कहा कि बजट प्रदेश की माताओं-बहनों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए भाजपा सरकार की महतारी वंदन योजना के लिए 3716 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

छग सरकार की मोदी की गारंटी वाला बजट

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। जिला भाजपा पूर्व सोशल मीडिया प्रभारी कमल सोनी ने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश किया साय सरकार का मोदी की गारंटी का पहला बजट है। इस बजट को पेश करने से पहले केंद्र के नरेंद्र मोदी सरकार की विकसित भारत का संकल्प को ध्यान में रखकर सबके हित को शामिल करते हुए बनाया गया है। श्री सोनी ने आगे कहा कि उक्त बजट में गांव गरीब युवा और किसानों का विशेष ध्यान रखा गया है। श्री रामलला दर्शन योजना के लिए 35 करोड़ का प्रावधान, स्व सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को

रोजगार देने के लिए 561 करोड रुपए का प्रावधान, आवास योजना के लिए 8369 करोड़ का प्रावधान किया गया हैं। कृषि उन्नति योजना के लिए 10 हजार करोड़ का प्रावधान, नल-जल योजना के लिए 4500 करोड़ रुपए का प्रावधान, युवाओं के लिए छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना, स्व सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को रोजगार देने के लिए 561 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

अस्पताल की स्थिति जानने पहुंचे संभागायुक्त

बेमेतरा /नवप्रदेश। संभागायुक्त दुर्ग सत्यनारायण राठौर ने आज सुबह ज़िला अस्पताल का औचक निरीक्षण करने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पहुंचे। निरीक्षण के दौरान मरीज के लिए पर्ची काउंटर में दी जाने वाली सुविधाएं देखी। ओपीडी का निरीक्षण किया और भर्ती एवं इलाज कराने आए मरीज़ों और उनके परिजनों से बातचीय कर अस्पताल की सुविधा के बारें में पूछा। आयुक्त श्री राठौर ने एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्धता की जानकारी ली। उनके साथ कलेक्टर रणबीर शर्मा सहित अन्य ज़िला अधिकारी साथ थे। उन्होंने अस्पताल पर्ची काउंटर व पूछताछ केंद्र में आये मरीज़ और उनके साथ आये परिजनों से अस्पताल में प्रदाय स्वास्थ्य

सुविधाओं की जानकारी ली, ओपीडी कक्ष में उपस्थित सभी ड्यूटीरत डॉक्टर से चर्चा की गई एवं उपचार के लिए आए हुए मरीजों से भी अस्पताल में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल परिसर में अस्पताल के स्टाफ़ और मरीज़ों के परिजनों के नाश्ता व भोजन आदि के लिये केंटिंन खोलने पर बल दिया। इसके साथ ही परिसर में छायादार व औषधि पौधे लगाने कहा।

दो दशक की सबसे लंबी छलांग : प्रखर श्रीवास्तव

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भाजयुमो दक्षिण मंडल अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को दो दशक की सबसे लंबी छलांग करार दिया है। उन्होंने कहा कि-मोदी की गारंटी के तहत की गई घोषणाओं को प्राथमिकता देते हुए इस बजट में सरकार ने अधिकतर वायदों को पूरा किया है। राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में ट्रामा सेंटर और सायबर थाना की स्थापना एक बड़ी उपलब्धि है। युवाओं को प्रोत्साहित करने और

उन्हें नए अवसर देने के लिए भी बजट में बड़े फैसले लिए गए हैं। प्रखर ने कहा कि बजट का आकार 22 प्रतिशत बढ़ा है। अमृतकाल ~ छत्तीसगढ़ विजन/2047 को सामने रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने विकासशील प्रदेश को 2047 तक विकसित राज्य बनाने की दीर्घकालिक योजना को सामने रखा है। 2028 तक जीएसडीपी को दोगुना करने में युवाओं की हिस्सेदारी तय करने छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना की नींव रखी गई है। इससे प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार, स्टार्टअप और नवाचार के लिए मदद मिलेगी। छग युवा प्रोत्साहन योजना के तहत कला, साहित्य, खेल और समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय युवाओं को प्रोत्साहित किए जाने का फैसला भी सराहनीय है।

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 11 को 2181 अभ्यर्थी होंगे शामिल

गरियाबंद/ फरवरी को जिले के 5 केन्द्रों में 2181 बेमेतरा - छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 का आयोजन रविवार 11 फरवरी 2024 को किया जायेगा, उक्त संबंध में आज कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टरेट के दृष्टि सभाकक्ष में अधिकारीयों की बैठक ली। परीक्षा सबेरे 10 बजे से 12 बजे तक प्रारंभिक सामान्य ज्ञान परीक्षा एवं अपरान्ह 3 बजे से 5 बजे तक (एप्टीट्यूड टेस्ट) कौशल परीक्षा आयोजित किया जायेगा। जिला बेमेतरा अंतर्गत उक्त परीक्षा में कुल 2181 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। जिसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा शासकीय पं. जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान महाविद्यालय बेमेतरा, लक्ष्मण प्रसाद बैद्य कन्या महाविद्यालय बेमेतरा, शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल बेमेतरा, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ हिंदी माध्यम स्कूल बेमेतरा, कुल 5 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने डिप्टी कलेक्टर बेमेतरा पिंकी मनहर को सम्पूर्ण परीक्षा हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया हैं एवं पुलिस अभिरक्षा में परीक्षा दिनांक को परीक्षा सामग्री पहुंचाने एवं केन्द्रों में नकल अथवा अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकने व आकस्मिक निरीक्षण हेतु जिला प्रशासन की ओर से सभी केंद्रों के लिए आवश्यकता अनुसार उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। कलेक्टर श्री शर्मा ने अधिकारीयों क़ो सख्त निर्देश दिए की परीक्षा में पारदर्शिता होनी चाहिए किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के द्वारा उदासीनता बर्दास्त नहीं की जाएगी।

भाजपा सरकार का पहला बजट निराशाजनक : चोवा साहू

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार के पहले बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कवर्धा कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवा साहू ने कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव देव सरकार और उनके वित्तीय मंत्री द्वारा जो बजट पेश किया गया है, वह सिर्फ आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए एक ख्याली पुलाव पकाने जैसा बजट है। उन्होने कहा कि बजट पूरी तरह निराशाजनक है। बजट में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पर्याप्त राशि नहीं है, रोजगार की बात नहीं की गई है, मोदी की गारंटी को पूरा कराने का कोई विजन बजट में नहीं दिखाई दे रहा है।

बेहद ही निराशाजनक बजट : तुकाराम चंद्रवंशी

यह बजट बेहद ही निराशाजनक है कवर्धा की झोली में कुछ नही आया। एक तरफ भाजपा सरकार जहां प्रत्येक विवाहित महिलाओं को महतारी वंदन योजना से लाभ देने का वादा था मगर 3000 करोड़ बजट नाम मात्र का ही है ऐसे में यह बजट समझ से परे है। यह सरकार छत्तीसगढ़ की महतारियों को ठगने का काम किया है। शिक्षा बजट पेश करते समय वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने नेल्सन मंडेला के वक्तव्य का जिक्र करते हुए अपना भाषण दिया था मगर शिक्षा में केवल 15 प्रतिशत की बढोत्तरी करना भाजपा सरकार की कुंठित मानसिकता के परिचायक है। कृषि के क्षेत्र में नया कुछ भी नही केवल नामकरण योजना है।

सरकार की पहली बजट से कर्मचारी निराश : शिवेंद्र

छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र चंद्रवंशी ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार ने स्कूल शिक्षा विभाग के लिए इक्कीस हजार करोड़ रूपये का प्रावधान किया है, जिसका हम स्वागत करते है, किंतु कर्मचारियों के लिए 4 प्रतिशत डी ए की घोषणा नही होने से कर्मचारियों को निराशा हुई है केंद्र द्वारा 46 प्रतिशत डीए दिया जा रहा है जबकि राज्य सरकार द्वारा 42 प्रतिशत डीए ही दिया जा रहा है। कर्मचारियों को बजट में 4 प्रतिशत डीए मिलने की आस थी।

छत्तीसगढ़ को संवारने वाला बजट : डॉ. विरेन्द्र

कवर्धा/ नवप्रदेश। फोटो- 41 विरेन्द्र साहू

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शुक्रवार को वित्त मंत्री ओपी चैधरी ने अमृतकाल की नीव का बजट में प्रदेश सहित कबीरधाम जिले के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, राजस्व, वनांचल सहित विभिन्न क्षेत्रों के लिए बजट में सौगाते दी। इसके साथ ही बजट के प्रस्तुत होते ही आम से खास तक लोगो की प्रतिक्रिया भी आनी शुरू हो गई है। किसी ने इस बजट को उम्मीदो की आस अभी जिंदा है कहा तो किसी ने एक सिरे से नकार दिया है। तो वही कोई इस बजट को लेकर सभी वर्गो का ध्यान रखते हुए सौगात दिए जाने की बात कह रहे हे। बजट को लेकर हमने हर वर्गो से चर्चा किया इस दौरान उनकी जो प्रतिक्रिया सामने आई वह कुछ इस प्रकार से है।

प्रदेश की विष्णुदेव सरकार के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने शुक्रवार को अपना पहला बजट छत्तीसगढ़ के विधानसभा पटल पर रखा है, यह बजट छत्तीसगढ़ राज्य छत्तीसगढ़ के निवासियों के विकास का बजट है, जो बीते पांच वर्षो से प्रदेश के विकास कार्यो को न सिर्फ गति देगा बल्कि प्रदेशवासियों की उम्मीदों को भी पूरा करेगा। उक्त बातें जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष डॉ. विरेन्द्र साहू

ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहीं। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ में निवासरत सभी वर्ग के लोगों का ध्यान रखते हुए वित्त मंत्री ओपी चैधरी ने शानदार बजट प्रस्तुत किया है।

हर वर्ग को खुश करने वाला है राज्य सरकार का बजट : साहू

बजट हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बजट प्रस्तुत किया गया। जिले के लिए बेहद खास रहा है। जिस तरह से बहु प्रतीक्षित मांग कवर्धा कटघोरा डोंगरगढ़ रेल लाइन के लिए कवर्धा वासियों के द्वारा मांग किया जा रहा था। रेल लाइन विस्तार के लिए सांसद संतोष पांडे द्वारा भी कई बार रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात किया गया जिस पर ध्यान देते हुए इस बार प्रदेश की सरकार ने रेल लाइन विस्तार के लिए 300 करोड रुपए की राशि बजट पर प्रस्तुत किया है।

कई किसानों के धान नहीं बिक पाए, अब चुकाने की चिंता

गरियाबंद/नवप्रदेश। झिरिपानी निष्टीगुड़ा समिति के 28 गांव के अलावा डोहल, झराबहाल, धुगियामुड़ा, मूड़ागांव, मूंगझर, सोनामुन्दी, केंदुपाटी और टेमरा के 1818 किसान एक दाना धान नहीं बेच पाए हैं. इन पर इसी खरीफ सीजन का जिला सहकारी बैंक में 9.95 करोड़ का ऋण बकाया है. बैंक के नियम के मुताबिक 15 मार्च तक लोन को चुकाना होता है. ऐसा नहीं किया तो 16 मार्च से लोन की राशि पर ब्याज दंड यानी 12 प्रतिशत ब्याज लगना शुरू हो जाएगा. अक्टूबर महीने में बैंक ने समिति के माध्यम से नोटिस जारी किया था. नोटिस मिलते ही कर्जदार किसानो की नींद उड़ी हुई है. किसान लगातार सीएम के समक्ष ज्ञापन सौंपने के साथ ही सड़क में रैली निकालकर अपनी मांगों को अवगत करा रहे हैं. प्रतिनिधि मंडल जिला प्रशासन के हर उस दफ्तर में दस्तक दे रहे हैं. जंहा से उन्हें उम्मीद है. आज भी किसान नेता जय कृष्ण नागेश, असलम मेमन, जदु राम, जगमोहन के नेतृत्व में लगभग 50 कृषक का प्रतिनिधि मंडल, कृषि, तहसील और एसडीएम के समक्ष जाकर अपनी मांगों पर हुई कार्रवाई के बारे में पूछते नजर आए. कृषक नीलांबर मरकाम, श्याम सुंदर, शशीधर, शोभाराम ने बताया कि 26 गांव के कृषक एक भी दाना धान

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

फ्यूज इंडिकेशन कम मॉनिटरिंग & ऑटोमैटिक चेंजओवर सिस्टम, आदि के प्रावधान हेतु ई-निविदा सूचना

[illegible] 07.02.2024. [illegible] बिलासपुर मंडल में [illegible] निविदा मूल्य: ₹ 1,45,13,856/- [illegible] अमानत राशि: ₹ 2,22,600/- (दो लाख बाईस हजार छह सौ रुपये मात्र)। निविदा का [illegible] दिनांक 28.02.2024 को 15.00 बजे तक। उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी http://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई-टेण्डर के अलावा अन्य टेण्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर, द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर.

[illegible]

South East Central Railway @secrail

न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

क्रमांक/क/तह./वाचक/2024
बिलासपुर, दिनांक 2/2/2024

ग्राम मोपका के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम मोपका प.ह.नं. 29 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 951/6 रकबा 0.2020 हे. एकड़ भूमि की द्वितीय/ किसान किताब बनाए जाने के लिए श्री संजीव आ. स्व. बालकृष्णा राव निवासी जगमल चौक बिलासपुर द्वारा निवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 22/02/2024 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं किए जावेंगे।

आज दिनांक 02/02/2024 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

सील

तहसीलदार
बिलासपुर छ.ग.

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने एलईडी वैन को दिखाई हरी झंडी

गरियाबंद/नवप्रदेश। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एलईडी स्क्रीन वैन के माध्यम से दी जाएगी। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने गुरुवार 8 फरवरी को कलेक्ट्रेट परिसर से एलईडी स्क्रीन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एलईडी वैन जिले के सभी ब्लाकों एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर ऑडियो - वीडियो एवं लघु फिल्म के माध्यम से लोगों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देगी। एलईडी वैन को जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के लिए रवाना किया गया। शासन की योजनाओं की जानकारी गांव के अंतिम व्यक्ति को मिले। साथ ही अधिक से अधिक लोग सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर इसका लाभ भी उठा सकें। वैन में एक बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई है। एलईडी वैन एक माह तक तय रूट चार्ट अनुसार गरियाबंद ज़िले के सभी ब्लॉकों के ग्राम पंचायतों एवं हॉट बाज़ार में जाकर सरकारी योजनाओं का प्रचार करेगी। वैन हर दिन 4 ग्राम पंचायतों में जाएगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश भोई, जनसम्पर्क विभाग के सहायक संचालक हेमनाथ सिदार सहित प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

गौवंश को कत्लखाना ले जाते 2 गिरफ्तार

नगरी/नवप्रदेश। बेलरगांव क्षेत्र से 7 फरवरी को गौ वंश की तस्करी कर कत्ल खाने ले जाते एक पिकअप वाहन कमाक ह्ष्ठ -10- ॥-2708 में गौ वंश (पडवा) को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़ा। उन्होंने इसकी सूचना थाना प्रभारी को दी। इसकी पुलिस में रिपोर्ट बजरंग दल के कार्यकर्ता रजनीकांत देवांगन पिता राम कुमार देवांगन (29) साकिन बेलरगाँव ने दर्ज कराई। पुलिस ने पिकअप में सवार दोनों आरोपी सिद्धार्थ जोगी पिता शंकर लाल जोगी (28) साकिन पाईकभाठा थाना सिहावा, समाकांत चतुर्वेदी पिता विजय कुमार (27) साकिन कैटतराई थाना सिहावा जिला धमतरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ अपराध क्रमांक 21/24 धारा 4, 6, 10, 11 छग0 कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 कायम किया गया। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर मामले में त्वरित कार्यवाही के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिह के मार्गदर्शन में एसडीओपी. नगरी मंयक रणसिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी सिहावा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरो्पियों और वाहन को मौके पर जप्त किया।

कलेक्टर ने आपदाग्रस्त परिवार को दी राशि

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 2 प्रकरण में मृतक के परिजन को प्रत्येक प्रकरण में 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छुरा तहसील के ग्राम केंवटीझर निवासी 58 वर्षीय गंगाराम की 21 जनवरी 2023 को कुंआ में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन उनकी पत्नी लक्षन्तिनबाई को 4 लाख रूपये एवं ग्राम लोहझर निवासी 75 वर्षीय मंगलूराम की 15 अक्टूबर 2022 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन अर्थात उनकी पत्नी सुखबाई को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

मारवाड़ी महिला मंडल ने आईजी संजीव शुक्ला का किया स्वागत

बिलासपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के नए सत्र की शुरुआत हो चुकी है ऐसे मे बिलासपुर नए आई संजीव शुक्ला की जोइनिंग हुई है। संस्था की अध्यक्षा पिंकी मनीष अग्रवाल एवं पूरी कार्यकारिणी उनसे मिलकर एक छोटे से राम दरबार देकर शहर मे उनका स्वागत किया और उनको शुभकामनायें दी। सर ने भी शाखा को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाये दी .साथ ही आगे चलकर समाज सेवा के क्षेत्र मे अपना पूरा सहयोग देने का आश्वासन भी दिया!

स्वसहायता समूहों को बैंक लिंकेज में गरियाबंद प्रदेश में पहले स्थान पर

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशन में तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव के मार्गदर्शन एवं पूरे एनआरएलएम टीम के लगातार प्रयास से गरियाबंद जिले को समूहों के बैंक लिंकेज प्रदान करने, प्रकरणों के प्रेषण एवं वितरण में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ÷बिहान÷ अंतर्गत गांव की गरीब महिलाओं एवं उनके स्व-सहायता समूहों को बैंकिंग सुविधाओं तक पहुँच बनाने एवं आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय समावेशन के तहत सहायता उपलब्ध कराई जाती है। जिसमें 6 माह पुराने एवं पंच-सूत्र का पालन कर रहे स्व-सहायता समूहों को उनकी आजीविका गतिविधयों हेतु बैंक के माध्यम से 01 लाख से 06 लाख तक बैंक ऋ्रण प्रदाय किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में गरियाबंद जिले को कुल प्रदाय भौतिक लक्ष्य 4353 के विरूद्ध कुल उपलब्धि 5844 प्राप्त किये है, जो कि कुल उपलब्धि 134 प्रतिशत है। जिसमें कुल वित्तीय लक्षित राशि 8038 लाख रूपये के विरुद्ध कुल राशि वितरण 11912 लाख रूपये किया जा चुका है, जो कि कुल उपलब्धि 148 प्रतिशत है। इस कार्य में स्व-सहायता समूहों को वित्तीय रूप से साक्षर बनाने के लिए समूह की सक्रिय महिलाओं में से बैंक मित्र, बीमा मित्र, वित्तीय साक्षरता-सीआरपी, बैंक सखी आदि सामुदायिक संवर्ग तैयार कर इनकी सेवाएं ली जाती है।

जैविक कीट नियंत्रण के लिए कृषक प्रशिक्षण सह कार्यशाला

गरियाबंद/नवप्रदेश। कृषि विज्ञान केन्द्र में गत दिवस आदिवासी उपयोजना अन्तर्गत जैविक कीट नियंत्रण परियोजना के तहत् एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से आये कीट विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वाई. के यदु ने जैविक कीट नियंत्रण के फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. मनीष चौरसिया ने द्वारा जैविक नियंत्रण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी एवं डॉ. वाई के. मेश्राम (सहायक प्राध्यापक) एवं डॉ. रश्मि गौराहा (कार्यक्रम सहायक) ने ट्राईकोकार्ड एवं ब्रैकोकार्ड को खेत में लगाने की विधि तथा जैविक कीट नियंत्रण के विषय में जानकारी देते हुए, ट्राईकोग्रामा अंडा परजीवी का धान के तना छेदक में नियंत्रण ब्रकौन का विभिन्न इल्लीयों के नियंत्रण और फेरोमोन ट्रैप का उपयोग करने के लिए किसानों को जागरूक किया। कृषि विभाग के उपसंचालक चंदन रॉय द्वारा जिले के कृषकों को शासन से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी एवं जैविक कीट नियंत्रण प्रणाली से अधिक से अधिक कृषि करने के लिए प्रेरित किया।

जिला स्तरीय खेलकूद में दिव्यांग बच्चों ने दिखाए अपने जौहर

■ **दिव्यांग बच्चे भी किसी से कम नहीं, हर मुकाम कर सकते हैं हासिल: मेमन**

गरियाबंद/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग द्वारा गुरुवार 8 फरवरी को हाई स्कूल में दिव्यांग बच्चों के लिए जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक स्पर्धा का आयोजन किया गया। स्पर्धा में जिले के पांच ब्लॉक के 58 दिव्यांग बच्चों ने अपने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन थे। उन्होंने 24 विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। वहीं शेष 34 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया।

नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने कहा कि दिव्यांग बच्चे भी किसी से कम नहीं, हर मुकाम हासिल कर सकते हैं। इनमें भी प्रतिभा होती है। आज जिला स्तरीय खेलकूद के माध्यम से इन बच्चों को अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिला। ऐसे कार्यक्रम का आयोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि इनकी शिक्षा एवं प्रतिभा के लिए वे हर प्रयास करेंगे जो वह कर सकते हैं।

कार्यक्रम को डीएमसी खेल सिंह नायक ने बताया कि जिला स्तरीय खेलकूद में 100 मीटर दौड़, 50 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़, मटका फोड़, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, गोला फेंक समेत 12 प्रकार के खेल शामिल किया गया था। रंगोली, चित्रकला, सामूहिक नृत्य, एकल और युगल नृत्य का आयोजन भी किया गया। इस अवसर विकास खण्ड स्रोत समन्वयक तेजेश शर्मा, के एस नागे, टिकेंद्र यदु, संजीव साहू, गिरीश शर्मा, सूरज महाडिक, नितिन बखारिया, छगन पचभिये, देवेंद्र पांडेय, लोकेश ध्रुव, दानवीर साहू, नीलेश बंजारी, नन्द रात्रे, महेंद्र यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, जनपद उपाध्यक्ष प्रवीण यादव, पारस ठाकुर, बलदेव सिंह हुंदल, घनश्याम सिन्हा एवं मनोज वर्मा आदि उपस्थित थे।

लोक अदालत में रखे जाएं वरिष्ठ नागरिकों के प्रकरण- जस्टिज भादुड़ी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष व जस्टिस गौतम भादुड़ी ने कहा कि पांच वर्ष से अधिक अवधि के ऐसे मामले जो अदालतों में लंबित है उसे प्राथमिकता के आधार पर नेशनल लोक अदालत के खंडपीठों के सामने सुनवाई के लिए रखा जाए।इसमें वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित मामलों का विशेष ध्यान रखा जाए। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि ऐसे प्रकरणों में दोनों पक्षों से गंभीरता के साथ बात करें और आपसी समझौता तक पहुंचे।

नौ मार्च को नेशनल लोक अदालत का गठन किया जाना है। इसके पहले खंडपीठों के सामने सुनवाई के लिए रखे जाने वाले मामलों व तैयारी को लेकर कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस भादुड़ी हाई कोर्ट विधिक सेवा समिति व जिला विधिक सेवा समिति के पदाधिकारियों,जिला न्यायाधीश अध्यक्ष, सचिव, परिवार न्यायालय जज, चेयरमैन स्थायी लोक अदालत, सीजेएम के साथ आयोजित वर्चुअल बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए चर्चा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भू-अधिग्रहण, चेक अनादरण, वरिष्ठ नागरिकों के मामलों को राजीनामा आधार पर निराकृत करने की हमारी कोशिश होनी चाहिए। इस तरह के मामले हमारी प्राथमिकता में भी होनी चाहिए। नेशनल लोक अदालत में निराकरण हेतु रखे गये प्री-लिटिगेशन एवं न्यायालय में पूर्व से लंबित प्रकरणों के पक्षकारों को समय से पहले नोटिस की तामिली कराने व पक्षकारों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के संबंध में काउंसिलिंग की कार्रवाई तय समय में पूरा करने की बात कही। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव आनंद प्रकाश वारियाल ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक व छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के मार्गदर्शन में प्रदेश के समस्त जिलों में नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन एवं व्यापक प्रचार प्रसार की तैयारी की जा रही है।

नेशनल लोक अदालत से पहले पांच विभाग के अफसर तलब

बिलासपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर नौ मार्च को देशभर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इसके पहले हाई कोर्ट विधिक सेवा समिति व जिला विधिक सेवा समिति ने अपना कामकाज प्रारंभ कर दिया है। हाई कोर्ट विधिक सेवा समिति ने बैंक व बीमा कंपनियों के अलावा राज्य शासन के प्रमुख पांच विभाग के अफसरों को लंबित प्रकरणों की फाइल के साथ तलब किया है। इसके लिए समिति ने बैठकों की तिथि भी तय कर दी है। नेशनल लोक अदालत में आपसी राजीनामा से संबंधित प्रकरणों को सुनवाई के लिए रखा जाता है और दोनों पक्षों की आपसी सहमति के आधार पर खंडपीठ के समक्ष रखा जाता है और राजीनामा के बाद प्रकरणों का निराकरण किया जाता है।

न्यायालयों में लंबित 81 हजार प्रकरणों की होगी सुनवाई

अब तक प्री-लिटिगेशन के लगभग 36,500 एवं न्यायालयों में लंबित लगभग 81 हजार प्रकरणों को चिन्हांकित किया जा चुका है। जिनमें उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। उन्होनें बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के द्वारा वर्ष 2024 में देश में नौ मार्च 2024, 11 मई-2024, 14-सितंबर 2024 एवं 14-दिसंबर 2024 को नेशनल लोक अदालत की तिथि निर्धारित करते हुए सभी सिविल एवं राजस्व न्यायलयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन कर अधिक से अधिक प्रकरणों को निराकृत करने हेतु निर्देशित किया गया है। नेशनल लोक अदालत उच्च न्यायालय से लेकर तहसील न्यायालय तक सभी स्तरों पर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें सिविल एवं राजस्व न्यायालय शामिल हैं।

भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए अंतिम तिथि आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय वायुसेना में भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 फरवरी 2024 तक बढ़ा दी गयी है। जिले के पात्रता रखने वाले इच्छुक आवेदक भारतीय वायुसेना की वेबसाइट https: // agnipathvayu. cdac.in में आनलाईन पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर जिला रोजगार कार्यालय द्वारा पात्रता रखने वाले इच्छुक आवेदकों को ऑनलाईन पंजीयन के लिए चयनित स्थानों पर आनलाईन पंजीयन की सुविधा दी गयी है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में संजय साहू, दूरभाष नम्बर 97702-99319, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड में वीरेन्द्र साहू, मोबाईल नम्बर 93298-44135 एवं शासकीय डी.पी. विप्र महाविद्यालय, सूरज शर्मा मोबाईल नम्बर 89629-89216 से इन केन्द्रों में आनलाईन पंजीयन के लिए संपर्क किया जा सकता है। इन केन्द्रों में ऑनलाईन पंजीयन हेतु आवेदकों से परीक्षा शुल्क के अलावा कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। ऑनलाईन पंजीयन हेतु 649 रूपए परीक्षा शुल्क आवेदक द्वारा देय होगा।

योजना से 229 को मिला आवास

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। निगम क्षेत्र में निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना के 229 आवासो का आबंटन लॉटरी निकालकर किया गया। हितग्राही अपने स्वंय का मकान पाकर खुशी से झूम उठे और उन्होंने शासन प्रशासन की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद भी ज्ञापित किया। निगम के खम्हरिया क्षेत्र में निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (एएचपी) मकान को किराएदारी में निवास करने वाले लोगों को आवास आबंटन के लिए महापौर नीरज पाल, आयुक्त देवेश कुमार व डिप्टी कलेक्टर उत्तर ध्रुव की उपस्थिति में लॉटरी निकाली गई। इसमें 229 हितग्राहियों को आवास आबंटित किया। जिससे उनका खुद के आवास का सपना पूरा हुआ।

मोर मकान मोर आस के अंतर्गत सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया में 218 इसी प्रकार मोर आस मोर चिन्हारी के अंतर्गत सूर्या विहार में 4 तथा माइल स्टोन में 7 हितग्राहियों को लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया। पीएम आवास योजना के लॉटरी में शामिल होने सुबह 10 बजे से ही हितग्राही निगम में उपस्थित हो गए थे। जिन्होंने अंशदान की राशि जमा की थी, उन्हें ही लॉटरी में शामिल किया गया था। महापौर व आयुक्त ने आवास आबंटन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए है प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि भूतल में आवास पाने के लिए दिव्यांग आवेदक एवं वरिष्ठजन को प्रमाण पत्र लॉटरी में शामिल होने के लिए अनिवार्य दस्तावेज के रूप में चिन्हित था। जिन्हे प्राथमिकता के आधार पर भूतल की लॉटरी में शामिल किया गया।

धान बेचने के बाद बैंक से पैसा नहीं मिलने पर किसानों ने किया चक्काजाम

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला सहकारी बैंक कोटा में पैसे नही मिलनें से नराज है किसान वहीं बैंक मैनेजर भी है नदारद पिछ्ले हफ्ते एक किसान की मौत भी हो गई थी इसी बैंक मैं पैसे लेने आया था। किसानों के बैठने के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं है इस बैंक में एवं पानी पीने के लिए भी किसान तरसते हैं।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक करगीरोड कोटा में पिछ्ले कई दिनों से बैंक से पैसे नही मिलनें की वजह से किसान परेशान है.रोज रोज के चक्कर काटकर आज त्रस्त हो गये है जिसको लेकर किसानों ने विरोध पर्दशन करते हुए बैंक के सामने ही धरना देते हुए चक्काजाम कर दिया है। किसान

अपना धान को मंडी में बेचकर रुपए लेने के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कोटा में जा रहे हैं. लेकिन बैंक में रुपए नहीं मिलनें से किसान बैरंग वापस लौट रहे हैं. जिससे परेशान किसानों ने विरोध दर्शाते हुए प्रबंधन पर लापरवाही करने का आरोप लगाया है। धान किसान का पैसा किसान का और कमीशन मांगते है कर्मचारी ड्ड वहीं किसानों नें आरोप लगाते हुए कहा है कि रसूखदार और धान समिति के प्रबंधक यहां असानी से अपना काम कर के चले जाते है और गरीब किसान परेशान होते रहता है और नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि पांच सौ से हजार रूपये कमीशन देने वालों को तुरंत और जितना पैसा चाहिए मिल जाता है। किसानों को किसी भी प्रकार से असुविधा ना हो इसके लिए सरकार तत्पर है लेकिन यहां तो उलटा है किसान परेशान है बहरहाल देखना होगा कि बैंक के मैनेजर किस हद तक किसानों की समस्या दूर करने का प्रयास करते है। जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक करगीरोड कोटा के प्रभारी मैनेजर आर एस चौहान का कहना था कि मै बिलासपुर पैसे के लिए हेड आफिस आया हू जल्द ही किसानों की समस्या दूर की जाएगी।

विधायक गजेंद्र के प्रयास से शहर को मिली कई सौगात

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार ने आज अपना पहला बजट पेश किया। विधायक गजेंद्र यादव के प्रयास से वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश किए गए बजट में दुर्ग को कई बड़ी सौगात मिली है। छात्रहित में नालंदा परिसर की तर्ज पर लाइब्रेरी, आईटीपार्क की मंजूरी मिली है। 8 प्रमुख सड़को का कायाकल्प, 7 तालाबों को जोड़कर शहर की जनता को गंदा पानी से निजात मिलेगा और बारिश में जलभराव को रोकने कार्ययोजना को बजट में स्वीकृति देकर मुख्यमंत्री साय ने जनता को राहत दिए है। श्री यादव के पहल से आईटी पार्क बनाने को लेकर

बजट में स्वीकृति मिल गई है। अब दुर्ग-भिलाई में आईटी की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों तथा डिजिटल कार्य के क्षेत्र में दुर्ग नये आयाम स्थापित करेगा। सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में किसी प्रकार टैक्स नहीं बढ़ाया गया है, युवाओ को रोजगार देने उद्यम क्रांति योजना, कृषि उन्नत, महतारी वंदन जैसे मुद्दे बजट में पारित कर जनता से जो वादे किए उन वादों को पूरा करने बजट में उतारकर नागरिकों का सम्मान बढ़ाया है।

पालिका को मिला 20 नग प्लाटिक बेरिकेट

नवप्रदेश/जामुल। नगर पालिका क्षेत्र के मुख्य मार्गो के लिए एसीसी द्वारा 20नग प्लाटिक बेरिकेट प्रदान किया गया है। नपा अध्यक्ष ईश्वर ठाकुर ने बताया कि वर्तमान समय में वाहनों की गति बहुत ज्यादा होने के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जिसे नियंत्रित करने के उद्देश्य से मुख्य मार्गो में पानी युक्त रोड बेरियर लगाया जा रहा है। क्योंकि नियंत्रित गति से ही सुरक्षित यात्रा संभव है। जिससे मानव जीवन सुरक्षित होगा। इसी कारण व्यवस्तम मार्गो में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवागमन हेतु व्यवस्था किया जा रहा है।

पटेल चौक से हटाया कब्जा

दुर्ग/नवप्रदेश। निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत एसडीएम मुकेश रावटे एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर पटेल चौक से कचहरी चौक एवं तहसील कार्यालय के आस पास सडक़ क्षेत्र में अवैध कब्जो के खिलाफ अभियान तेज किया गया।आज शुक्रवार को ताबड़तोड़ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पटेल चौक से कचहरी क्षेत्र में की गई। अतिरिक्त तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता, नायब तहसीलदार किशोर वर्मा, ज्योत्सना कलिहारी, अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, तोडूदस्ता व यातायात पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने अभियान चलाया गया। मौके पर दुर्ग थाना पुलिस बल की मौजूदगी में तोडूदस्ता ने सडक़ आवागमन बाधित कर ठेलों में सामग्री विक्रय करने वालों पर भी कार्रवाई की।

केंद्रीय गोड़ महासभा करेगा सीएम साय का सम्मान

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। केंद्रीय गोड महासभा धमधागढ़ 11 फरवरी को गोडवाना भवन सिविललाइन कसारीडीह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत विधायक गजेंद्र यादव, ललित चंद्राकर, डोमनलाल कोर्सेवाडा, रिकेश सेन, ईश्वर साहू के अलावा आदिवासी समाज के 18 भाजपा विधायकों का सम्मान करेगा।

इस समारोह को यादगार बनाने मुख्यमंत्री श्री साय को लड्डुओं से तौलकर आदिवासी समाज के परंपरानुरूप उनका तीर-धनुष व बासन पहनकर भव्य स्वागत- सम्मान किया जाएगा। सम्मान स्थल पर श्री साय को गाजे बाजे व शोभायात्रा के साथ लाया जाएगा। इस दौरान आदिवासी नृत्य और गीत की धुन आकर्षण का केंद्र रहेगी। दोपहर 3 बजे से शुरू होने वाले सम्मान समारोह में दुर्ग संभाग के 8 जिलों के अलावा बस्तर संभाग और अन्य आदिवासी क्षेत्र से आदिवासी समाज के लोग करीब 10हजार की संख्या में जुटेगे। सम्मान समारोह उपरांत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को

महासभा द्वारा आदिवासी समाज के लोगों की समस्याओ और विकास हितैषी विषयों से संबंधित मांग पत्र भी सौपे जाएंगे। यह बातें केंद्रीय गोड महासभा धमधागढ़ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमडी ठाकुर ने शुक्रवार को मीडिया से चर्चा में कही। इस दौरान केंद्रीय गोड महासभा धमधागढ़ प्रमुख सलाहकार सीताराम ठाकुर, सचिव पन्नालाल नेताम, प्रवक्ता विष्णुदेव ठाकुर, प्रदेश युवा अध्यक्ष प्रशांत ठाकुर, जिलाध्यक्ष राजेश ठाकुर, धमधा तहसील अध्यक्ष पुराणिक नेताम, राजूलाल नेताम, रामसिंह ठाकुर भी मौजूद थे। चर्चा में केंद्रीय गोड महासभा धमधागढ़ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमडी ठाकुर ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 23 साल बाद राज्य को मुख्यमंत्री के रूप में पहला आदिवासी मुख्यमंत्री मिला है। जिससे पूरे आदिवासी समाज में हर्ष और उत्साह का माहौल है। आदिवासी समाज मुख्यमंत्री के स्वागत व सम्मान करने के लिए आतुर है।

न्यूज गैलरी

लीलावती जनपद पंचायत बतौली की होंगी नई अध्यक्ष

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ (उपसरपंच, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष) निर्वाचन नियम 1995 के नियम 22 के खण्ड (ख) के साथ पठित छत्तीसगढ़ पंचायतराज अधिनियम 1993 की धारा 26 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए विहित प्राधिकारी द्वारा जनपद पंचायत बतौली का अध्यक्ष खड़धोवा के निवासी लीलावती पैंकरा को प्रकाशित किया गया है।

7 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक सक्ती अंकिता शर्मा ने समीक्षा मिटिंग के दौरान जिले के सभी थाना प्रभारियो को अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन करने वाले शराब कोचियों पर अंकुश लगाने दिए निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह, उप पुलिस अधीक्षक अंजली गुप्ता सक्ती के मार्गदशन पर टीम ने मुखबीर के सुचना मिला की ग्राम दर्राभाठा में चिंताराम कुर्रे के खेत के पास चारपारा मोहल्ला दर्राभाठा में चुनित राम कुर्रे नाम का व्यक्ति बिक्री के लिए अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब रखा हुआ है कि सूचना पर गवाह एवं हमराह स्टाप के साथ घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया जहां पर एक व्यक्ति अवैध रूप से जरिकेनों में कच्ची महुआ शराब रखा हुआ मिला जिससे नाम पता पुछने पर अपना नाम चुनित राम कुर्रे पिता रामप्यारे कुर्रे निवासी वार्ड क्रं 3 दर्राभाठा का होना बताया जिसके कब्जे से 05 लीटर क्षमता वाली पीले रंग की 02 नग जरिकेन जिसके एक जरिकेन में 5 लीटर एवं एक जरीकेन मे 02 लीटर कुल 7 लीटर कच्ची हाथ भटठी महुआ शराब मिला जिसे आबकारी एक्ट के प्रावधानो के तहत विधिवत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर मान. न्यायालय पेश किया गया।

स्कूली बच्चों ने लिया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भाग

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय अंबिकापुर में वार्षिक खेल उत्सव के दौरान आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान के तहत वोट vote × 18+ का सिम्बोल बना कर छात्र - छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। जिसमे सरगुजा की स्वीप टीम द्वारा युवाओं व उपस्थित जनों को शत- प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया । इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी एवं स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी श्री गिरीश गुप्ता जन शिक्षण संस्थान सरगुजा के निदेशक एवं सिद्ध की शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रद्धा मिश्रा, नोडल प्राध्यापक से रानी रजक, क्रीड़ा प्रभारी स्वाति, कैंपस एंबेसडर सुमन सहित सर्वसम्बन्धित उपस्थित थे।

आयुक्त ने ली विभागीय बैठक

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा सम्भागायुक्त की आर चुरेन्द्र की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की विभागीय बैठक आयोजित की गई। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया कि महाविद्यालय से संबंधित विभागों जैसे लोक निर्माण, सीजीएमएससी, राजस्व तथा समस्त संबंधित विषयों पर समाधान के प्रयास किये जा रहे हैं। एचटी लाईन उपलब्धता के उपरांत टीसी लाईन हटाये जाने हेतु पत्राचार एवं समन्वय किया जा रहा है, ताकि अतिरिक्त विद्युत शुल्क भुगतान की स्थिति से बचा जा सके। महाविद्यालय एवं संबंद्ध चिकित्सालय के अपूर्ण निर्माणाधीन कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग से सतत समन्वय किया जा रहा है। सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल की स्थापना हेतु अतिरिक्त भूमि आबंटन के लिए जिला प्रशासन को पत्र प्रेषित किया है। चिकित्सालय के सामने गुमटी, ठेले, अवैध वाहन पार्किंग रोके जाने हेतु जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर कार्य संपादित किया जा रहा है। सरगुजा संभाग के समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के द्वारा सम्भागायुक्त चुरेन्द्र के समक्ष जिले में सीजीएमएससी के द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों के धीमी गति से होने की जानकारी दी गयी। चुरेन्द्र द्वारा बैठक में उपस्थित सीजीएमएससी के अभियंताओं को जिलों में कराये जाने वाले निर्माण कार्यों को तेज गति से करने एवं अविलम्ब निर्माण कार्य को पूर्ण कर विभाग को हस्तांतरित करने हेतु निर्देशित किया गया,।

विष्णुदेव सरकार के पहले बजट में मुंगेली को बड़ी सौगात

जिले में रेल लाइन के लिए मिले 300 करोड़

मुंगेली/नवप्रदेश। विष्णुदेव सरकार के बजट में क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग रेल लाइन के लिए 300 करोड़ का प्रावधान जिलेवासियों के लिए बड़ी सौगात है। उसी तरह से जिले के स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लगातार दो मुख्यमंत्रियों की घोषणा के पश्चात तीसरे मुख्यमंत्री ने सिटी स्केन को बजट में लिया है। जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही आदर्श जिला चिकित्सालय के लिए भी पहल की जायेगी।

जिले की प्रमुख मांग औद्योगिक प्रतिष्ठान लगाने की थी जिस पर बजट में कोई प्रावधान नही रखा गया है। जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेष पाठक ने कहा कि विष्णुदेव सरकार छत्तीसगढ़ सरकार का पहला बजट आज छत्तीसगढ़ विधानसभा में पेश किया गया। छत्तीसगढ़ में निवासरत सभी वर्ग के लोगो का ध्यान रखते हुए वित्त मंत्री ओपी चैधरी ने शानदार बजट प्रस्तुत किया है। इसमें किसान, युवा, मातृ शक्तियों का विशेष ध्यान रखा गया है। श्री पाठक ने इसे विकासोन्मुख बजट बताया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विधायकों के प्रयास से पहले ही बजट में रेल लाइन के लिए 300 करोड़ का प्रावधान जिलेवासियों के लिए बड़ी सौगात है। जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के बात की थी लेकिन यहां पर कोई उल्लेख नहीं है, वही भाजपा के शासन में शराब बंदी की बात की गई थी लेकिन इसका भी बजट में कोई उल्लेख नहीं है, साथ ही साथ पूर्व सरकार की बहुत महत्वपूर्ण योजना नरवा गरवा, घुरवा, बारी को बंद कर महिलाओ को बेरोजगार कर दिया, युवाओं का बेरोजगारी भत्ता बंद कर दिया गया तथा राजीव मितान क्लब के माध्यम से युवा सक्रिय हो रहे थे उन्हें भी बंद कर युवाओं को दिशाहीन कर दिया।भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष तरूण खाण्डेकर ने कहा कि केंद्र के नरेंद्र मोदी सरकार की विकसित भारत का संकल्प को ध्यान में रखकर सबके हित को शामिल करते हुए बजट बनाया गया है। बजट में गांव, गरीब, युवा और किसानों का विशेष ध्यान रखा गया है। श्री रामलला दर्शन योजना के लिए 35 करोड़ का प्रावधान, स्व सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को रोजगार देने के लिए 561 करोड रुपए का प्रावधान, आवास योजना के लिए 8369 करोड़ का प्रावधान किया गया हैं। कृषि उन्नति योजना के लिए 10 हजार करोड़ का प्रावधान, क्षेत्र में रेल लाईन के लिए 300 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जो कि स्वागत योग्य है।जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में विकास की बड़ी-बड़ी बातें कही गई है जो हकीकत से काफी दूर है। हमारी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की अधिकांश नीति और योजनाओं को नया बताकर पेश किया गया है। कृषि, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में बजट निराशाजनक रहा है। हमारी कांग्रेस सरकार ने नवा छत्तीसगढ़ की ओर दिशा बढ़ाया था अब लगता है कि राज्य फिर से अंधेरे में जा रहा है।जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय ने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ राज्य को एक नई ऊंचाई प्रदान करने वाला बजट है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने के उद्देश्य से जारी किये गए इस बजट में ना सिर्फ सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है बल्कि आने वाले पांच वर्षों में प्रदेश को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है।

विकसित छत्तीसगढ़ का सपना देखने वाले प्रदेश के हर नागरिक के लिए यह बजट सुशासन का बजट है। महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना से नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजेश छैदईया ने छत्तीसगढ़ बजट 2024 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि साय सरकार का पहला बजट आम जनता की एकजुटता और आशाओं के विपरीत है, इसमें युवाओं का रोजगार शामिल नहीं है। एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा था, लेकिन बजट में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है, उलटे बेरोजगारी भत्ते की रकम खा गए। युवाओं के लिए बजट निराशाजनक है।जिला पंचायत सदस्य दुर्गा उमाशंकर साहू ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 5 वर्षो बाद इस बजट को देखकर महसूस हो रहा है कि अब फिर से छत्तीसगढ़ विकास के मुख्य धारा में लौट सकेगा। बेरोजगार, किसान, युवा, महिलाओं को प्राथमिकता में रखते हुए विकास को आगे बढ़ाने वाला बजट प्रस्तुत हुआ है जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को 12000 वार्षिक दिया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू ने कहा कि मोदी की गारंटी की पूरी पोल खोलते हुए यह बजट शंख ढपोल ही है जैसे छोटे एवं सीमांत किसानों एवं खेतिहर मजदूरों का ध्यान नहीं रखा गया है। छात्राओं को पीजी तक मुक्त शिक्षा का भी प्रावधान इस बजट में कहीं नहीं है। गरीब परिवारों को 500 में गैस सिलेंडर देने का प्रावधान भी नहीं किया है। पंचायत एवं वार्ड स्तर तक डेढ़ लाख युवाओं की भर्ती हेतु कोई प्रावधान नहीं है। कॉलेज के छात्र-छात्राओं को निशुल्क लैपटॉप टैबलेट प्रदान करने की गारंटी भी दम तोड़ दी है। राजीव युवा मितान क्लब को भंग कर दिया गया है। जिले में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए बजट में कोई प्रावधान नही रखा गया है। शिक्षक और समाज सेवी रामपाल सिंह ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वित्त मंत्री ओपी चैधरी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, ग्रामीण विकास सहित बहुत से क्षेत्रो को सौगात दी है, किसानों, युवाओं, महिलाओं और आदिवासी मजदूरों को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण व बड़े फैसले किये गये है। विशेष रूप से युवा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना, किसानों के हित में कृषक उन्नति योजना एवं दीनदयाल उपाध्याय भूमि कृषि मजदूर जैसे योजना स्वागत योग्य है।

लखनपुर को उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने दी करोड़ों की सौगात

लखनपुर+सरगुजा/नवप्रदेश। नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू के मांग एवं अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल के पहल पर नगर पंचायत लखनपुर में विकास कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने करोड़ों रुपए की स्वीकृति दी है। नगर लखनपुर के विभिन्न वार्डो में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में नगर पंचायत अंतर्गत गौरवपथ, डामरीकरण सड़क,पुल - पुलिया सहित दूसरे निर्माण कार्य कराये जाने को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती साहू की मांग तथा अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल के पहल पर प्रतिनिधि मंडल ने रायपुर पहुंच छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात करते हुए नगर लखनपुर में विकास कार्यों के लिए मांग रखी। जिस पर नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने नगर में विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। माननीय मंत्री द्वारा करोड़ों रुपये की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर नगर पंचायत परिषद लखनपुर ने नगरीय प्रशासन मंत्री का आभार व्यक्त किया है। काबिले गौर है विधानसभा चुनाव से पूर्व भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और मौजूदा उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू के निवास पर आयोजित भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही नगर लखनपुर को विकास कार्यों के लिए स्वीकृति देने करार किया था। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री ने नगर पंचायत को विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए की सौगात दी है। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साहू से मुलाकात करने के दौरान अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री साहू, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू पार्षद अमित बारी, महमूद खान चंद्रभान सिंह,मौजूद रहे।

सैनिक स्कूल अम्बिकापुर के कैडेटों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

अंबिकापुर। कैडेटों के सर्वांगीण विकास के लिए सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। अखिल भारतीय हिन्दी ओलम्पियाड परीक्षा आयोजित की गई। सिल्वर जोन फाउण्डेशन द्वारा आयोजित इस परीक्षा में सैनिक स्कूल अम्बिकापुर के कैडेटों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हिन्दी ओलम्पियाड परीक्षा -2023 का आयोजन गत नवंबर माह में हुआ था। सैनिक स्कूल अम्बिकापुर के कैडेटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय स्तर, प्रदेश स्तर तथा क्षेत्रीय स्तर के कई पुरस्कार एवं पदक जीते। कैडेट अंकित कुमार और कैडेट हैप्पी कुमार ने जहां अखिल भारतीय स्तर पर कांस्य पदक प्राप्त किया, वहीं कैडेट पियूष यादव तथा कैडेट पियूष मिश्र को राज्य स्तरीय स्वर्ण एवं कैडेट भूपेन्द्र यादव को रजत पदक, कैडेट अश्विनी राज को कांस्य पदक प्राप्त हुआ।

पटवारी हलके में नहीं होने से राजस्व कार्यों के लिए नगरवासी परेशान

लखनपुर+सरगुजा/नवप्रदेश।

नगर पंचायत में हल्का पटवारी के नहीं होने से लखनपुरनगर वासियों को राजस्व से मुतालिक दस्तावेजो के लिखा पढी के लिए भटकना पड़ रहा है अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू के ने बताया कि नगर में राजस्व संबंधी जाति, निवास आय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए छात्र-छात्राएं तथा आम नागरिकों के नामातरण , फवती,बी 1, खसरा, नकल सहित राजस्व कार्य प्रभावित हो रहे हैं जिसे देखते हुऐ नगर अध्यक्ष साहू ने पहले पहल तहसीलदार उमेश कुशवाहा को मौखिक तथा अनुविभागीयअधिकारी (राजस्व) बी0 आर0 खांडे को राजस्व कार्य में हो रहे लेटलतीफी एवं वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए नगर में हल्का पटवारी पदस्थ करने कहा है जिससे नगर के लोगों को राजस्व संबंधी जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भटकना ना पड़े। वहीं लखनपुर मे पदस्थ पटवारी संदीप साहनी के 29 जनवरी से अवकाश पर जाने उपरांत आज तक कोई भी हल्का पटवारी लखनपुर हल्का में नही आया है।

अस्थाई रूप से नजदीकी हल्का पटवारी भूषण कुजूर को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है परंतु अतरिक्त प्रभार मिलने के बाद भी पटवारी के हल्का में नहीं आने से राजस्व संबधित कामकाज लगभग ठप्प एवं प्रभावित हैं। पटवारी के नहीं रहने से नगरवासी काफी आक्रोषित है।

एसडीएम तथा तहसीलदार के सम्मुख नगर में जल्द से जल्द हल्का पटवारी की व्यवस्था बनाया जाये कहा है। अन्यथा इस अव्यवस्था को लेकर राजस्व मंत्री से शिकायत किये जाने की बात कही जा रही है।

शासन की महत्वाकांक्षी योजना शक्ति वंदन का लाभ लेने कराया पंजीयन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। शासन के महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में नागरिको को अवगत कराने तथा योजनाओं के ऑनलाईन आवेदन करवाने हेतु नगरीय निकाय स्तर पर शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन अम्बिकापुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के माता राजमोहिनी भवन में शुक्रवार को किया गया। कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन एवं नगर पालिका निगम के आयुक्त टेकचंद अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में शासन के महत्वकांक्षी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री सामाजिक सुरक्षा योजना के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में नागरिको को अवगत कराया गया तथा योजनाओं का ऑनलाईन आवेदन फॉर्म भरवाए गए। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिधि आलोक दुबे, मधुसुदन शुक्ला, रमेश जायसवाल, हरविन्दर सिंह, अजय सिंह, जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित आमजनो को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु विभागीय अधिकारियों द्वारा आवश्यक जानकारी दी गई।

बैंक ऋण प्रकरणों में कोताही न बरतें

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर ने जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति (डीएलआरसी) एवं जिला स्तरीय स्तरीय सलाहकार समिति (डीएलसीसी) की बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर, अपर कलेक्टर टेकचंद अग्रवाल एवं सुनील नायक उपस्थित थे। कलेक्टर ने विभिन्न बैंकों में लंबे समय से ऋण प्रकरण लंबित होने की जानकारी लेते हुए तत्काल लंबित प्रकरणों का परीक्षण कर स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न बैंकों के जमा अग्रिम एवं सी.डी. रेशियो पर चर्चा तथा वार्षिक साख योजना की उपलब्धि की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी बैंकों को सी.डी. रेशियो बढ़ाने और इस पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में पीएम जनमन योजना एवं विकसित भारत संकल्प योजना के द्वारा लाभान्वित किए जाने सम्बन्ध में भी जानकारी ली गई। इस दौरान नाबार्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के संभाव्यता युक्त ऋण योजना पुस्तिका का विमोचन किया ।

ड्यूटी से नदारद रहने वाला ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक निलंबित

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में लापरवाही बरतने पर एक स्वास्थ्य कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केन्द्र सक्ती में कार्यरत ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक चन्द्र किशोर साहू को कार्य में लापरवाही बरतने पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1965 के तहत् निलंबित किया है। उल्लेखनीय है कि जिला सक्ती के गठन उपरांत स्वास्थ्य के क्षेत्र में आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर पन्ना द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को बेहतर कार्य करने के लिए लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। साथ ही उनके द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को नियमित समय पर स्वास्थ्य केन्द्रों में उपस्थित रहकर आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद आरएचओ उप स्वास्थ्य केन्द्र सक्ती श्री चन्द्र किशोर साहू द्वारा कार्य से अनुपस्थित रहने और शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में श्री साहू का मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डभरा, जिला सक्ती निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित कराने के लिए संवेदनशील हैं। उनके द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को शासन की योजनाओं के तहत स्वास्थ्य के क्षेत्र में किसी भी अधिकारी-कर्मचारी द्वारा आमजनता के स्वास्थ्य के साथ यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती जाती है तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रचार सक्ती में कलेक्टर ने एलईडी स्क्रीन वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, ग्रामीण क्षेत्रों में गाड़ी घुमेगी

एलईडी स्क्रीन वैन से मिलेगी सरकारी योजनाओं की जानकारी

सक्ती/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं को आमजन ख़ासकर ग्रामीण इलाक़ों तक पहुंचाने के लिए एलईडी वैन को कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की है। इस एलईडी स्क्रीन वैन को जनसम्पर्क विभाग ने योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाने और लाभ देने के लिए तैयार कराया है। ताकि शासन की योजनाओं की जानकारी हर व्यक्ति तक पहुचें। वैन पर हमने बनाया, हम ही संवारेंगे और मोदी की गारंटी (प्रधानमंत्री) तथा विष्णु का सुशासन (मुख्यमंत्री) स्लोगन के साथ योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित हैं। इस एलईडी स्क्रीन वैन पर एक बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई है। एलईडी स्क्रीन वैन की रवानगी कलेक्ट्रेट परिसर से की गई। यह एलईडी वैन एक माह तक तय रूट चार्ट अनुसार ज़िले के सभी जनपद क्षेत्रों के विभिन्न ग्राम पंचायतों, हॉट बाज़ार में जाकर शासन की प्रमुख योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगी। यह वैन गांव-गांव में जाकर विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के साथ ही सरकारी योजनाओं के विषय में मदद करेगी। प्रदेश सरकार जन विकास व उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकार हर वर्गो के उत्थान के साथ ही किसानों के उत्थान के लिए कई योजनायें संचालित कर रही है। सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार एलईडी वैन से भी किया जा रहा है। यह वैन जिले के सभी जनपद क्षेत्रों के गांवों में जाकर फिल्म के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करेगी। ताकि अधिक से अधिक लोग सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर इसका लाभ भी उठा सकें। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले परीक्षार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और शासन की योजनाओं की जानकारी एक ही जगह मिलेगी। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने लोगों से योजनाओं को समझ कर लाभ उठाने की अपील की है। इस मोबाइल स्क्रीन वैन के माध्यम से राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे रुपये 3100 प्रति क्विंटल की दर से किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की ख़रीदी, 3716 करोड़ रुपये 13 लाख किसानों को मिला 2 वर्ष का बकाया धान का बोनस, तेंदूपत्ता पारिश्रमिक रुपये 4000 से बढ़ाकर रुपये 5500, रामलला दर्शन योजन के तहत छत्तीसगढ़ के तीर्थ यात्रियों को अयोध्या में रामलला के दर्शन आदि योजनाओं से जुड़ी छोटी-छोटी फिल्म एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाई जायेगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टरबीरेन्द्र कुमार लकड़ा, अपर कलेक्टर व एसडीएम दिव्या अग्रवाल, एसडीएम सक्ती पंकज डाहिरे, एसडीएम मालखरौदा अरूण सोम, संयुक्त कलेक्टर सुश्री रजनी भगत, जिला पंचायत परियोजना निदेशक बी पी भारद्वाज, सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

शिक्षकों को दिया गया बहुभाषा प्रशिक्षण



लखनपुर सरगुजा/नवप्रदेश। समग्र शिक्षा के तत्वावधान में खंड स्तरीय एक दिवसीय बहुभाषा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जंप सभागार में आयोजित हुआ। जिसमें मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण हुआ। जिसका मुख्य उद्देश्य बहुभाषी ज्ञान एवं एफ एल एन संबंधी जानकारी उपलब्ध कराया जाना था। कार्यक्रम में बहुभाषी शिक्षा का महत्व व लाभ के बारे में बताया गया। एफ एल एन में कक्षा 3 से कक्षा पांचवी तक के बच्चों को जोड़ घटाव गुणा भाग वह शब्द ज्ञान वाक्य का वाचन करने में सक्षम बनाने हेतु प्रेरित किया जाना शामिल हैं।बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए विभिन्न भाषाओं का सहयोग लेते हुए उन्हें शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ना है। उक्त कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर्स आरती यादव ,प्रमिला पैकरा, लक्ष्मी शर्मा,अल्बीना मिज, सोमेश्वरी कैवर्त्य रहे इनके सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। दीपेश पांडे बीआर सी ने शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने एवं स्वच्छता पर ध्यान देने एवं बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु प्रेरित किया। शिक्षा सम्बंधी इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जंप उपाध्यक्ष अमित सिंह देव ने भौतिक संसाधन की कमी वाले स्कूल में संसाधन की उपलब्धता पर चर्चा किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू ने भी स्कूलों के शिक्षा व्यवस्था को सुधारने एवं समय पर शिक्षकों को स्कूल जाने और बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ते हुए बहु भाषा सीखने के लिए प्रेरित करने कहा गया। आयोजित कार्यशाला विधायक प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, राहुल अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेदप्रकाश पांडेय,खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राय , ए बी ई ओ मनोज तिवारी, बीआर पी भागवत देवांगन, सुभिता शुक्ला दुष्यंत कश्यप, पूर्णिमा मेहता ,राम जतन यादव, केदार नाथ सिंह ,अनीता नर्मदा ,गिरेश्वर पोर्ते , अजयकांत, अमरेश डनसेना एवं समस्त जन शिक्षक तथा बहुत संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं प्रशिक्षण में उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

मंत्री टंकराम सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बने प्रभारी मंत्री

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के लिए खेलकूद एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा को प्रभारी मंत्री का दायित्व सौंपा है। इसी प्रकार राज्य प्रशासनिक अधिकारी नीलम नामदेव एक्का को जिले के प्रभारी सचिव नियुक्त किया है। जिले के प्रशासनिक परिप्रेक्ष्य में गृह (पुलिस) विभाग ने जिले में पुलिस अधीक्षक के रूप में 2018 बैच के आईपीएस पुष्कर शर्मा को पदस्थ किया है, जिसके पालन में पुष्कर शर्मा ने पदभार ग्रहण किया है। गौरतलब है कि जिले के नागरिकों को जिले से संबंधित कार्यो के लिए प्रभारी मंत्री, सचिव और कलेक्टर, एसपी से अपनी मांग, शिकायत आदि के संबंध में मुलाकात करना पड़ता है।

कलशयात्रा के साथ शिव महापुराण की हुई शुरुआत

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। स्कूल मैदान पवनी में संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। इसके कथा व्यास श्रीधाम वृंदावन की 11 वर्षीय पूज्या देविका दीक्षित एवम सात वर्षीय पंडित अभिराम दीक्षित होंगे।

आज 7 फरवरी को कलश यात्रा, मंडल पूजन के साथ महापुराण का शुभारंभ हुआ। वही 8 फरवरी को शिव महापुराण महात्म्य, 9 फरवरी को शिवलिंग प्राकट्य कथा, 10 फरवरी को श्री नारद जी द्वारा कामदेव पर विजय प्राप्त कथा,11 फरवरी को शंकर पार्वती एवं सती विवाह कथा, 12 फरवरी को भगवान कार्तिकेय के जन्म की कथा, 13 फरवरी को श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग कथा वर्णन एवं 14 फरवरी को हवन पूर्ण आहुति के साथ महाप्रसाद का वितरण होगा। कथा प्रारंभ प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से होगी। आयोजन समिति के पूर्णेन्द्र साहू साहू एवं राकेश साहू कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा के 9 प्रकरणों को दी मंजूरी

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर के.एल. चौहान ने जिले के आपदा राहत कोष शाखा और सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया था। निर्देश के पालन में अप्रैल से लेकर जनवरी तक के प्रकरण को प्रस्तुत किया गया, जिसमें जिले के 9 नागरिक जिनकी प्राकृतिक आपदा से मृत्यु हुई है, उनके आश्रित परिवारिक सदस्यों के लिए चार लाख रूपए का सहायता राशि स्वीकृत किया है। इसके अंतर्गत बिलाईगढ़ तहसील में सर्प काटने हुए मृत्यु प्रकरण में ग्राम छिर्रा के संदीप कुमार कुर्रे की मृत्यु पर पिता गनेशराम को, ग्राम पचरी के दिनेश लहरे की मृत्यु पर पत्नी ब्रिंटीबाई लहरे को, ग्राम दोमुहानी के धनेश्वरी बंजारे की मृत्यु पर पिता तीजराम बंजारे को, ग्राम टुंडरी की पूजा मिरी की मृत्यु पर उनकी माता कौशिल्या पति राधेश्याम को 4 लाख रूपए का राशि स्वीकृत किया है।

इसी प्रकार आकाशीय बिजली (गर्जना) हुए मृत्यु प्रकरण अंतर्गत सरिया तहसील के ग्राम डभरा के आकाशी सिदार की मृत्यु पर पिता दुष्यंत सिदार को, बरमकेला तहसील के ग्राम बोरे के नेहरू लाल पटेल की मृत्यु पर पत्नी नलिनी पटेल को, बिलाईगढ़ तहसील के ग्राम रमतला के रमायणमति की मृत्यु पर पुत्र रविन्द्र कुमार केंवट को 4 लाख रूपए का राशि स्वीकृत किया है। पानी में डूबने से हुए मृत्यु प्रकरण में बिलाईगढ़ तहसील के ग्राम प्रतापगढ़ सलिहा के लक्ष्मण नेताम की मृत्यु पर पत्नि कुमारी बाई नेताम को, सारंगढ़ तहसील के ग्राम छातादेई के सुशीला पटेल की मृत्यु पर उनके पति केशव प्रसाद पटेल को 4 लाख रूपए का राशि स्वीकृत किया है।

सीजीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा होगी आज

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा 11 फरवरी को राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 का आयोजन किया जाएगा। जिले में परीक्षा हेतु तीन परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिसमें 894 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर बिपिन मांझी ने परीक्षा केन्द्रों में पूर्ण तैयारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

गोबर गैस प्लांट में बिजली उत्पादन के नाम पर 35 लाख बर्बाद?

पर्याप्त गोबर नहीं मिलने के कारण प्लांट में लटका ताला

जगदलपुर/नवप्रदेश। डोंगाघाट में 35 लाख रुपए खर्च कर तैयार किया गया गोबर गैस प्लांट पर्याप्त गोबर नहीं मिलने के कारण दम तोड़ता नजर आ रहा है. एक साल पहले नगर निगम और छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण ने मिलकर इस योजना की शुरुआत की थी. पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने इस प्लांट का उद्घाटन किया था.

दरअसल, उम्मीद थी कि छत्तीसगढ़ के पहले बायोगैस प्लांट में बिजली उत्पन्न होगी, जिसके बाद प्रदेश के अन्य जगहों पर भी बायोगैस प्लांट स्थापित किए जाएंगे. लेकिन नगर निगम और छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण की इस योजना पर ताला लगता हुआ नजर आ रहा है.

प्लांट उद्घाटन के शुरुआती दौर में 590 यूनिट बिजली का उत्पादन भी किया गया. योजना के अनुसार प्लांट में उत्पादित बिजली को विद्युत वितरण कंपनी को बेचा जाना था, लेकिन यह काम भी नहीं हो पाया. प्लांट संचालित करने के लिए मवेशी पालकों से 2 रुपए किलो की दर से गोबर की भी खरीदी की जानी थी.

वहीं मामले में निगम आयुक्त हरीश मंडावी का कहना है कि प्लांट संचालन के लिए हर दिन 500 किलोग्राम गोबर की जरूरत होती है, लेकिन इतनी मात्रा में गोबर निगम को नहीं मिल पा रहा. इसलिए प्लांट को कुछ दिनों के लिए बंद किया गया है. वहीं गोबर के विकल्प के रूप में अन्य वेस्ट का उपयोग करने पर भी निगम विचार कर रहा है.

बता दें कि पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम कौड़िया के पास भीषण सड़क हादसा हुआ है. हादसे के वक्त कार में 3 लोग सवार थे. इस दौरान वाहन चालक कार से छिटककर पास से ही गुजर रहे हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया और उसकी मौत हो गई.

जानकारी के अनुसार, चालक का शव हादसे वाली जगह से 100 मीटर दूर झाड़ियों में पड़ा मिला. घटना की जानकारी मिलते ही पलारी पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

40 दिनों में 90 से ज्यादा केस दर्ज, सैनिक के घर लुटेरों का धावा

गरियाबंद में बढ़ रहा अपराध का ग्राफ, कट्टे की नोक पर नगदी और जेवर लूटकर फरार

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद. शहर में लगातार बढ़ते वारदात से भय का माहौल बनता जा रहा है. नए साल के 40 दिनों में कोतवाली में 90 से ज्यादा अपराध दर्ज हुए हैं. पेट्रोल पंप में लूट के सप्ताहभर बाद नगर सैनिक के घर बदमाशों ने धावा बोला और कट्टे की नोक पर 45 हजार लूटकर फरार हो गए. इसी रात राह चलते आमझर का युवक भी चोरी का शिकार हुआ. पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही.

बता दें कि बीते 2 फरवरी को जय लक्ष्मी पेट्रोल पंप में कट्टे की नोक पर हुई 15 हजार के लूट के मामले में नकाब पोश को पुलिस ढूंढ रही है. इधर गुरुवार की रात केशोडार में रहने वाले नगर सैनिक भोजराज के घर धावा बोल तीन नकाबपोशों ने फिर से कट्टा टिकाकर 2500 नगद व कुछ जेवरात समेत 45 हजार लूट लिए. इस दरम्यान तीन नकाबपोश ने भोजराम के सर के पास कट्टा टीकाने के अलावा उसके पीठ पर चाकू से वार भी किया है. उन्हें पीठ पर पांच टांके लगे हैं. पुलिस ने इस लूट के आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में मामल दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है.

इस घटना से कुछ घंटा पहले ही केशोडार मार्ग पर आमझर के युवक से मोबाइल व नगद की चोरी हुई है. कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है. नए साल की शुरुवात होते ही कोतवाली में पिछले 40 दिनों में 90 से ज्यादा अपराध दर्ज किया गया है. अपराध का यह आंकड़ा अब तक घटित वारदात से ज्यादा है.

19 जनवरी को पालिका गली में केनरा बैंक के सामने बाइक में रखे 50 हजार की उठाईगिरी हो या फिर 2 फरवरी को आत्मानंद स्कूल छात्र पर स्कूल में हुए मामूली विवाद के बाद घर लौटते समय दो आरोपियों द्वारा नुकीले वस्तु से हमला, इसी दिन ही पेट्रोल पंप में लूट की घटना भी हुई. इन वारदातों के बाद से कोतवाली क्षेत्र में भय बना हुआ है. गरियाबंद एसडीओपी पुष्पेंद्र नायक ने कहा की नया सवेरा के तहत लगातार नशाखोरी के खिलाफ अभियान चला कर कार्यवाही किया जा रहा है। अवैध शराब व अवैधानिक नशे के सामग्री जप्त कर लगातार कार्यवाही हो रही है,इसी के वजह से दर्ज अपराध का आंकड़ा बढ़ा हुआ है।लूट चोरी जैसे अपराध को अंजाम देने वालो को जल्द ही धर पकड़ किया जाएगा।हमारी टीम दिन रात इस पर लगी हुई है।जल्द ही खुलासा करेंगे।

सड़क निर्माण में अनियमितता, ग्रामीणों जनप्रतिनिधियों ने किया विरोध प्रदर्शन

बालोद/नवप्रदेश। जिले में लोक निर्माण विभाग की ओर से किए जा रहे सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने सड़क पर बैठकर ठेकेदार के विरोध में प्रदर्शन किया. 50 से अधिक लोगों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी, जनपद सदस्य राजेश चुरेंद्र और अनिल सुथार के नेतृत्व में यह विरोध प्रदर्शन किया.

गौरतलब है कि डौंडी विकासखंड के ग्राम गुजरा से अड़जाल जाने वाली सड़क के जीर्णोधार के लिए लगभग 30 लाख रुपए का कार्यादेश जारी किया गया है. इसमें गढ्ढों को भरकर दो परत में डामर डालना है, लेकिन ठेकेदार की ओर से निम्न स्तर का कार्य किए जाने, धूल मिट्टी को साफ किए बिना डामरीकरण का कार्य शुरू करने को लेकर आशंका व्यक्त की जा रही है कि आने वाली बरसात में ही पूरी सड़क उखड़ जाएगी.

मामले को बिगड़ता देख और इस प्रकार अधिकारियों की ओर से ठेकेदार को संरक्षण देने और कार्य की गुणवत्ता को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने पीडब्ल्यूडी ईई माधेश्वर प्रसाद को पूरी वस्तुस्थिति से अवगत करवाया. इसके बाद ईई एम प्रसाद ने प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को स्वयं निरीक्षण करने और खराब निर्माण को उखाड़कर दोबारा बनाने का आश्वासन दिया, तब जाकर ग्रामीण शांत हुए.वहीं, इस पूरे मामले को लेकर लोक निर्माण विभाग बालोद के ईई माधेश्वर प्रसाद ने बताया कि मैं खुद जगह को जाकर देखूंगा, जो भी अनियमितता पाई जाएगी उस पर कार्रवाई की जाएगी.

जुआ सट्टा अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई

भटगांव/नवप्रदेश। भटगांव थाना प्रभारी अमित भार्गव के द्वारा लगातार जुआ सट्टा अवैध शराब बिक्री को लेकर लगातार कार्रवाई किया जा रहा है जहा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब, जुआ, सट्टा जैसे अवैधानिक कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने हेतु कड़े निर्देश दिए गए है जिस पर अमल करते हुए थाना प्रभारी मय शासकीय वाहन छ्ग 03 ॖ 0226 में हमराह आरक्षक 152,254,338,255 के टाऊन पेट्रोलिंग पर रवाना हुआ था, जरिये मुखबीर सूचना मिला की नया तालाब के पास आम जगह ग्राम जुनवानी में कुछ जुआडियान रूपये पैसे की हार जीत का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है की सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहन को साथ लेकर घटना स्थल पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया। कुछ जुआडियान पुलिस को देखकर भाग निकले, मौके पर जुआडियान 52 पत्ती ताश से रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेलते रंगे हाथ पकडा गया, आरोपियों का नाम पता पुछने पर अपना अपना नाम 1. अभिषेक निराला पिता शिवकुमार उम्र 25 साल 2. हीरा टंडन पिता बाबूलाल उम्र 30 साल, 3. दिलीप यादव पिता शिवप्रसाद यादव उम्र 33 साल, 4. प्रकाश बंजारे पिता रामदास बंजारे उम्र 34 साल, 5. जमुना प्रसाद बंजारे पिता भजन लाल बंजारे उम्र 25 साल सभी साकिनान जुनवानी के फड़ एवं पास से नगदी जुमला 8,430/ रूपये नगदी एवं 52 पत्ती ताश, एक सफेद रंग का चाईना टार्च मिला जिसे समक्ष गवाहन मुताबिक जप्ती पत्रक जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया ।

कोर्ट के निर्देशों का पालन करें वरना सख्त कार्यवाही

ध्वनि प्रदूषण के संबंध में एसडीएम ने ली बैठक

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर जिला कांकेर के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (रा) भानुप्रतापपुर सुश्री आस्था राजपूत ने आज भानुप्रतापपुर के तहसील सभा कक्ष में सभी डीजे संचालक , मोटर आटो संचालक एवं विद्युत उपकरण विक्रेताओं की बैठक लेकर माननीय न्यायालय के आदेशों का पालन करने को निर्देशित किया। उन्होने सभी संचालकों एवं विक्रेताओं को कहा कि ध्वनि प्रदुषण विनियमन और नियंत्रण नियम 2000 में दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने को कहा । उन्होने कहा कि सभी डीजे संचालक अपने अपने डीजे में लिमिट मशीन लगा लेवें । न्यायालय के निर्देश मे जो ध्वनि की तीव्रता के मापदंड निर्धारित है उसी के अनुसार डेसीबल में डीजे बजाये ।जो ध्वनि का पैमाना निर्धारित है उसके अनुसार औद्योगिक क्षेत्रों में दिन के समय 75 व रात में 70 मानक, वाणिज्य क्षेत्र में दिन में 65 एवं रात में 55,आवासीय क्षेत्रों में दिन में 55 एवं रात में 45 मानक निर्धारित है। इसके साथ ही सभी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि शांति परिक्षेत्रों जैसे अस्पताल, स्कूल कालेजों छात्रावास आश्रमों, धार्मिक संस्थान,न्यायालय में दिन में 50 एवं रात्रि में 40 मानक का ही पाालन करें।इन नियमों का यदि पालन नहीं हुआ तो सभी डीजे संचालकों के विरूद्व सख्त कार्यवाही होगी। मोटर आटो संचालकों को बताया गया कि जो साइलेंसर एवं हार्न अवैध है उसे न अपने दुकान मे रखें न उसे किसी वाहन में लगाये। ऐसे किसी भी हार्न का उपयोग वाहनों मे वर्जित है जिससे ध्वनि प्रदुषण नियम के विरूद्व है। कोई भी ध्वनि प्रणाली यंत्र ध्वनि सौनक यंत्र को लगाकर ही उपयोग करना अनिवार्य है। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशांत पैकरा ने सभी डीजे संचालक एवं मोटर आटो पाटर्स संचालकों को उक्त नियमों का अक्षरशः पालन करने को कहा किसी भी स्थिति में नियमों की अवहेलना होने पर सख्ती से कार्यवाही की जावेगी। अतः सभी संचालक यह सुनिश्चित कर लें कि न्यायालय के दिशा निर्देशों के अनुरूप ही डीजे को बजाये एवं मोटर आटो दुकानों में प्रतिबंधित हार्न को बेचना या उसे वाहनों में लगाना भी वर्जित होगा। आज के बैठक में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशांत पैकरा, तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा, थाना प्रभारी भानुप्रतापपुर प्रेम प्रकाश अवधिया ,ओमप्रकाश सेन के साथ साथ भानुप्रतापपुर के सभी डीजे संचालक, विद्युत उपकरण विक्रेता एवं आटो मोटर पार्ट्स विक्रेता उपस्थित थे।

गर्भवती को जवानों ने डोली में बिठाकर पहुंचाया अस्पताल

ग़स्त पर गए जवानों व बस्तर फाइटर की महिला आरक्षकों ने तत्काल सहायता प्रदान की

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, सुन्दरराज पी0, उप पुलिस महानिरीक्षक दन्तेवाड़ा रेंज, कमलोचन कश्यप के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक गौरवराय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार वर्मन के निर्देशानुसार जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् जिला दंतेवाड़ा के लोहागाँव व आसपास क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थित की सूचना प्राप्त हुई थी। उक्त सूचना पर कपिल चंद्रा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, किरंदुल ज़िला दंतेवाड़ा के नेतृत्व में डीआरजी व बस्तर फाइटर का संयुक्त बल नक्सल गस्त सर्च अभियान पर रवाना हुए थे। वापसी के दौरान घोर नक्सल प्रभावित ग्राम लोहा गाँव में एक गर्भवती महिला जो प्रसव पीड़ा से व्याकुल थी व उनका गाँव किरंदुल अस्पताल से दस किलोमीटर दूर हैं। वो तत्काल अस्पताल जाने में असमर्थ थे! उपरोक्त परिस्थिति को देखते हुए ग़स्त पर गए जवानों व बस्तर फाइटर की महिला आरक्षकों ने तत्काल सहायता पहुँचाते हुए डोली का निर्माण करके गर्भवती महिला को उनके घर वाले व जवानों द्वारा डोली को कंधे पर उठाकर लगभग दस किलोमीटर पैदल चल कर किरंदुल अस्पताल में सुरक्षित प्रसव के लिए भर्ती कराया है! इस प्रकार ग़स्त पर गये जवानों द्वारा थकान के बावजूद मानवता का परिचय दिया।

भगवान शिव स्वयंभू हैं : देविका अभिराम

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। महाकाल ग्रुप पवनी के तत्वावधान में स्कूल मैदान पवनी में चल रहे संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा के द्वितीय दिवस श्री धाम वृंदावन से पधारे 11 वर्षीय कथा वाचिका देविका दीक्षित एवम सात वर्षीय अभिराम दीक्षित ने कहा हम सबके प्रिय भगवान शिव का जन्म नहीं हुआ है वे स्वयंभू हैं। लेकिन पुराणों में उनकी उत्पत्ति का विवरण मिलता है। विष्णु पुराण के अनुसार ब्रह्मा भगवान विष्णु की नाभि कमल से पैदा हुए जबकि शिव भगवान विष्णु के माथे के तेज से उत्पन्न हुए बताए गए हैं। विष्णु पुराण के अनुसार माथे के तेज से उत्पन्न होने के कारण ही शिव हमेशा योगमुद्रा में रहते हैं। श्रीमद् भागवत के अनुसार एक बार जब भगवान विष्णु और ब्रह्मा अहंकार से अभिभूत हो स्वयं को श्रेष्ठ बताते हुए लड़ रहे थे तब एक जलते हुए खंभे से भगवान शिव प्रकट हुए। विष्णु पुराण में वर्णित शिव के जन्म की कहानी शायद भगवान शिव का एकमात्र बाल रूप वर्णन है। इसके अनुसार ब्रह्मा को एक बच्चे की जरूरत थी। उन्होंने इसके लिए तपस्या की। तब अचानक उनकी गोद में रोते हुए बालक शिव प्रकट हुए।

अब तक तीन हजार से अधिक महिलाओं ने जमा किए आवेदन

नारायणपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना का लाभ प्रदेश के मूल निवासी विवाहित, विधवा, तलाकशुदा और परित्यकक्ता महिलाओं को मिलेगा। इस योजना में शामिल होने के लिए परिवार की आर्थिक आय ढाई लाख रुपए से कम वार्षिक रखी गई है। इस योजना का लाभ विवाहित 21 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं को मिलेगा। एक हजार रुपए सरकार की ओर से मिलना भी उनके आर्थिक विकास के लिए फायदेमंद साबित होगा। महिलाओं को मिलने वाली इस योजना का लाभ से उनके आर्थिक दशा में सुधार आएगी तथा यदि महिलाएं कुछ पैसा बचा लेती हैं तो आगामी भविष्य के लिए उसका उपयोग कर सकती है। इस योजना से महिलाओं की आर्थिक दशा में सुधार होगा थोड़ी-थोड़ी बचत कर वे अपने लिए आवश्यक जरूरत के समान खरीद कर अपना शौक भी पूरा कर सकेंगी। महतारी वंदन योजना को लेकर क्षेत्र में काफी उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है।

विजयनगर में श्री गणेश-भैरव का 32 कुंडीय महायज्ञ कल से

21 तक रहेगा संतों का जमावड़ा

बलरामपुर/नवप्रदेश। विजयनगर के पिपरादादर में 12 फरवरी से श्री गणेश भैरव महायज्ञ का आयोजन खाखी बाबा मठ हिंगोली महाराष्ट्र के यज्ञ सम्राट सियाराम दास की अगुवाई में तैयारियां की जा रही है। सरगुजा संभाग के इतिहास में पहली बार हो रहे इस 32 कुंडीय महायज्ञ में देश-विदेश के संतों और नागाओं का समागम होगा। 21 फरवरी तक चलने वाले महायज्ञ में भंडारा व प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

आयोजन समिति के अनुसार 12 फरवरी को सुबह 10 बजे शोभा यात्रा एवं ध्वजारोहण के साथ 21 कुंडीय श्री गणेश और 11 कुंडीय भैरव महायज्ञ की शुरुआत होगी। इसकी पूर्णाहुति 21 फरवरी को भंडारे के साथ समापन होगा। इस दौरान दक्षिण कौशल पीठ के संत राजीव लोचन दास महाराज दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक संगीतमयी श्री राम कथा का श्रवण कराएंगे। देश-विदेश से आए संतों का सुबह 10 बजे से 1.30 बजे तक विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन होगा। 13 फरवरी को नंदी श्राद्ध, मंडप प्रवेश, देव स्थापना पूजन, मंडप पूजन, अहर्णिमंथन, हवन आरती, 14 फरवरी को प्रातः 6.30 बजे शिवाभिषेक, देव पूजन एवं रोजाना हवन व आरती की जाएगी।

महाराज सियाराम दास की अगुवाई में हो रहा है महायज्ञ

श्री श्री 108 सियाराम दास महाराज के सानिध्य में 9 दिवसीय 32 कुंडीय श्री गणेश भैरव महायज्ञ का आयोजन किया गया है। गौरतलब है कि सियाराम दास महाराज के सानिध्य में करीब 2 वर्ष पूर्व विशाल यज्ञ का आयोजन रामपुर में किया गया था जो क्षेत्र का अब तक का सबसे बड़ा यज्ञ था। श्री गणेश भैरव महायज्ञ को लेकर पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है। उनके सानिध्य में कवर्धा के कठौतियां, महेशपुर उदयपुर, रवेली कवर्धा, बेमेतरा, रामपुर में यज्ञ हो चुके हैं। इस महायज्ञ को लेकर सियाराम दास महाराज का पिपरादादर पहुंच चुके हैं। उनके सानिध्य में रोजाना हवन, पूजन और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

संत समागम भी होगा

सरगुजा संभाग में पहली बार होने जा रहे 32 कुंडीय श्री गणेश व भैरव महायज्ञ में देश व विदेश से सैकड़ों संतों व नागाओं का समागम होगा। जिनके सानिध्य में श्रद्धालुओं को रोजाना विविध प्रसंगों पर प्रवचन भी सुनने को मिलेगा।

महिला उन्मुखीकरण कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। शक्ति वंदन अभियान के तहत सारंगढ में आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर के.एल चौहान सहित पूर्व विधायक केराबाई मनहर, सुभाष जालान शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत माता शारदा की पूजा वंदना से की गई। अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वसहायता समूह और बिहान से जुड़े संकुल संगठन के महिला पदाधिकारियों को योजनाओं के लाभ के लिए प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर कलेक्टर के.एल. चौहान ने कहा कि मानव जाति के शुरूआती विकास दिनों से ही भारतीय इतिहास में महिलाओं ने अपनी परचम लहराया है। रानी लक्ष्मीबाई ने झांसी का राजसिहांसन संभाला विदुषी ज्योतिबा फुले ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिया। बचपन में शिशु मां शब्द ही पहले सीखता है। अब शक्ति वंदन अधिनियम कानून भी नारी सशक्तिकरण के लिए पूरे देश में लागू हुआ है। आज सरकार मातृ शक्ति को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाओं का नाम शुरू किया है, जिसमें राशन कार्ड में महिला का नाम मुखिया के तौर पर किया गया है। पिता के संपत्ति पर भी पुत्री का हक है। देश, समाज और परिवार में महिला का भी पुरूष के समान बराबरी का हक, अवसर आज है।

इंग्लैंड के साथ बचे 3 टेस्ट के लिए टीम इंडिया का ऐलान

कोहली और श्रेयस बाहर, जडेजा-राहुल की वापसी, बुमराह भी खेलेंगे

स्पोर्ट्स डेस्क। इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी 3 टेस्ट के लिए शनिवार को टीम इंडिया का ऐलान हुआ। 17 सदस्यीय टीम से विराट कोहली और श्रेयस अय्यर बाहर हो गए हैं। वहीं रवींद्र जडेजा और केएल राहुल की वापसी हुई है।उधर, जसप्रीत बुमराह सीरीज के बाकी 3 मैच भी खेलेंगे। पहले कहा जा रहा था कि वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते उन्हें 2 टेस्ट से आराम दिया जा सकता है। आखिरी 3 टेस्ट राजकोट, रांची और धर्मशाला में खेले जाएंगे।

मीटिंग के पहले ही कोहली ने BCCI को अपनी अवेलेबिलिटी के बारे में बता दिया था। कोहली ने आखिरी मुकाबला अफगानिस्तान के खिलाफ 17 जनवरी 2024 का खेला था। वह निजी कारणों से सीरीज के शुरुआती 2 मुकाबले नहीं खेल सके, वह अब आखिरी 3 मैच भी नहीं खेलेंगे। विराट अपने करियर में पहली बार किसी होम टेस्ट सीरीज का कोई भी मुकाबला नहीं खेलेंगे।

दूसरे टेस्ट से बाहर हुए ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और बैटर केएल राहुल की टीम में वापसी हुई। दोनों पहले टेस्ट में इंजर्ड होने के बाद दूसरा मुकाबला नहीं खेल सके। हालांकि, BCCI ने यह भी कहा कि अगर दोनों फिट रहते हैं तभी उन्हें प्लेइंग-11 में शामिल किया जाएगा।

श्रेयस अय्यर को पीठ की दर्द की वजह से टीम से बाहर रखा गया है। उन्होंने दूसरे टेस्ट के बाद पीठ में दर्द की शिकायत की थी। श्रेयस शुरुआती 2 टेस्ट में भी कुछ खास नहीं कर सके थे। वह 4 पारियों में एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके।

शुरुआती 2 टेस्ट में 15 विकेट ले चुके तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पूरी सीरीज खेलेंगे। वह पिछले साल अक्टूबर-नवंबर में वनडे वर्ल्ड कप के बाद से लगातार इंटरनेशनल क्रिकेट खेल रहे हैं। टूर्नामेंट से पहले वह 18 महीने तक इंजरी के कारण बाहर रहे थे। ऐसे में फिटनेस को ध्यान में रखते हुए उन्हें आराम दिए जाने की रिपोर्ट्स आ रही थीं। उधर, दूसरा टेस्ट नहीं खेल सके मोहम्मद सिराज की टीम में वापसी हुई। पेसर्स में आकाश दीप को भी स्क्वॉड में शामिल किया गया, जबकि मध्य प्रदेश के आवेश खान को रणजी ट्रॉफी खेलने के लिए रिलीज कर दिया गया है।दूसरे टेस्ट में डेब्यू करने वाले रजत पाटीदार भी टीम में अपनी जगह बरकरार रखने में कामयाब रहे। उनके साथ सरफराज खान भी स्क्वॉड में शामिल हैं। श्रेयस और कोहली के बाहर होने से अब तीसरे टेस्ट में इन दोनों में से किसी एक को फिर मौका मिल सकता है। अगर टीम इंडिया ने 2 में से एक पेसर को बैठाने का फैसला किया तो रजत और सरफराज दोनों ही तीसरा टेस्ट खेल सकते हैं।

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल*, रजत पाटीदार, सरफराज खान, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा*, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और आकाश दीप।

5 मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। इंग्लैंड ने हैदराबाद में पहला मुकाबला 28 रन से जीता था। जबकि विशाखापट्टनम में दूसरा मुकाबला भारत ने 106 रन से जीता। 15 फरवरी से तीसरा टेस्ट राजकोट में खेला जाएगा। चौथा टेस्ट 23 फरवरी से रांची और 7 मार्च से 5वां टेस्ट धर्मशाला में होगा।

कोलिन्स को हराकर रिबाकिना अबू धाबी के क्वार्टर फाइनल में

अल रावदाह। नंबर 1 वरीयता प्राप्त ऐलेना रयबाकिना ने अबू धाबी ओपन के दूसरे दौर में अमेरिकी डेनिएल कोलिन्स को हराया, एक सेट और ब्रेक के बाद 2 घंटे और 17 मिनट में 4-6, 6-3, 6-3 से जीत हासिल की। पूर्व विंबलडन चैंपियन रयबाकिना ने अबू धाबी में हर बार अंतिम आठ में जगह बनाई है।

वह उस स्तर पर 2021 में आर्यना सबालेंका से और पिछले साल बीट्रिज़ हद्दाद माइया से हार गईं।कजाकिस्तान की खिलाड़ी के पास यहां अपने पहले सेमीफाइनल में भाग्यशाली हारने वाली क्रिस्टीना बुक्सा के खिलाफ पहुंचने का मौका होगा, जिन्होंने क्वालीफायर हीथर वॉटसन को 7-6(7-1), 7-5 से हराकर अपने पहले टूर-स्तरीय क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।कोलिन्स ने पहले सेट में जोरदार प्रदर्शन किया और दूसरे सेट में शुरुआती ब्रेक बढ़त हासिल कर ली, लेकिन रयबाकिना ने तत्काल ब्रेक बैक के साथ जवाब दिया। हालाँकि, वह अभी भी पूरे प्रवाह में नहीं थी, और फिर से सर्विस छोड़ने के लिए एक ड्रॉप शॉट का प्रयास किया और 3-2 से पीछे हो गई, डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट।इसके बाद कोलिन्स की सर्विस पर चार ड्यूस का संघर्ष हुआ और यह निर्णायक मोड़ साबित हुआ। रयबाकिना ने अपना चौथा ब्रेक प्वाइंट बदलकर स्कोर 3-3 कर दिया।निर्णायक मुकाबले की शुरुआत में रयबाकिना और कोलिन्स ने दो कड़े सर्विस ब्रेक का आदान-प्रदान किया। लेकिन वह रयबाकिना ही थीं जिन्होंने पांचवें गेम में सफलता हासिल की और बैकहैंड पास पाकर स्कोर 3-2 कर दिया।कोलिन्स की तीव्रता आखिरकार कम हो रही थी - विश्व नंबर 71 का अनुपात पिछले दो सेटों में 16 विजेताओं और 22 अप्रत्याशित त्रुटियों तक पहुँच गया था, जबकि रयबाकिना को खेल के उसी दौर में 12 अप्रत्याशित त्रुटियों के लिए 20 विजेता मिले थे। कोलिन्स की त्रुटियों को दूर करने के लिए गहरे रिटर्न से उतरते हुए, रयबाकिना ने जीत हासिल करने के लिए फिर से ब्रेक लिया।

विराट से जुड़ी गलत खबर देने पर डिविलियर्स ने मांगी माफी

जोहान्सबर्ग। अनुष्का शर्मा इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में हैं। इससे जुड़ी कई खबरें सामने आ चुकी हैं। हालांकि, विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने अब तक ऐसी कोई जानकारी साझा नहीं की है, लेकिन इस बीच दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने इस खबर पर मुहर लगा दी थी। मगर, अब वो भी अपने बयान से पलट चुके हैं।

एबी डिविलियर्स ने इसके लिए माफी मांग ली है और कहा है कि उनसे बहुत बड़ी गलती हो गई है।डिविलियर्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर में अपने कार्यकाल और मैदान के बाहर पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली के खास दोस्त रहे हैं।डिविलियर्स ने कहा, बिल्कुल परिवार पहले आता है, यह प्राथमिकता है, जैसा कि मैंने अपने यूट्यूब शो में कहा था। मैंने उसी समय एक बड़ी गलती की और हां गलत जानकारी साझा की, जो बिल्कुल भी सच नहीं थी।किसी को नहीं पता कि विराट इस समय कहां हैं। विराट के ब्रेक लेने का कारण जो भी हो, आशा है कि वह मजबूती से टीम में वापसी करेंगे।

इससे पहले डिविलियर्स ने कहा था कि कोहली दूसरी बार पिता बनने वाले हैं और यह उनका पारिवारिक समय है। यह भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों को पसंद नहीं आया और उन्होंने इंग्लैंड सीरीज को मिस करने के लिए कोहली की आलोचना की।हालांकि, अब दक्षिण अफ़्रीकी स्टार ने अपना बयान बदल दिया और स्थिति को शांत करने की कोशिश की।इंग्लैंड सीरीज शुरू होने से तीन दिन पहले 22 जनवरी को बीसीसीआई ने घोषणा की कि कोहली व्यक्तिगत कारणों से पहले दो टेस्ट से बाहर हो गए हैं।यह देखना दिलचस्प होगा कि चयनकर्ता अगले मैच के लिए टीम की घोषणा कब करते हैं, और क्या बीसीसीआई कोहली से जुड़ी सही जानकारी साझा करेगा यह भी एक बड़ा सवाल होगा।

बिजनेस

स्टॉक टिप्स देने वाले 10 एक्सपर्ट्स पर बैन

नई दिल्ली। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड सेबी ने एक बिजनेस टीवी चैनल पर पर आने वाले गेस्ट एक्सपर्ट्स समेत 10 फर्मों को इक्विटी मार्केट से प्रतिबंधित कर दिया। इसके साथ ही सेबी ने शेयरों में कथित हेराफेरी के जरिये इनके द्वारा जुटाए गए 7.41 करोड़ रुपये के गैरकानूनी लाभ को जब्त करने का निर्देश भी दिया है। सेबी ने अपनी जांच में पाया कि कुछ गेस्ट एक्सपर्ट समाचार चैनल पर शेयर संबंधी अपनी सिफारिशों के प्रसारण से पहले ही कुछ फर्मों को अपनी अनुशंसाओं के बारे में अग्रिम जानकारी साझा कर देते थे।

सेबी ने अपने अंतरिम आदेश में कहा कि अतिथि विशेषज्ञों किरण जाधव, आशीष केलकर, हिमांशु गुप्ता, मुदित गोयल और सिमी भौमिक से शेयर अनुशंसा संबंधी अग्रिम जानकारी के आधार पर निर्मल कुमार सोनी, पार्थ सारथी धर, एसएएआर कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड, मनन शेयरकॉम प्राइवेट लिमिटेड और कन्हैया ट्रेडिंग कंपनी ने उन सौदों को पूरा कर लाभ कमाया।

सेबी ने कहा कि इन संस्थाओं ने ऐसे शेयर सौदों के निपटान से 7.41 करोड़ रुपये का गैरकानूनी लाभ कमाया और इस लाभ को सहमति के तहत अतिथि विशेषज्ञों के साथ साझा भी किया गया। नियामक ने कहा कि इस तरह ये सभी संस्थाएं सौदा निपटान से हुई आय को जब्त करने के लिए

संयुक्त रूप से और अलग-अलग उत्तरदाई हैं। सेबी ने उन्हें तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया है। जाधव, केलकर, गुप्ता, गोयल और भौमिक दर्शकों को ट्रेडिंग एडवाइज देने में शामिल थे और उन्हें 'गेस्ट एक्सपर्ट' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। सोनी, धार, सार कमोडिटीज, मनन शेयरकॉम और कन्ह्या ट्रेडिंग को 'प्रॉफिट मेकर' कहा गया है और बाकी को 'एनेबलर्स'। फरवरी और दिसंबर 2022 के बीच चली सेबी की जांच में बैंक और अन्य डिटेल्स के साथ एसएमएस, व्हाट्सएप और टेलीग्राम चैट का विश्लेषण शामिल था। कुछ गेस्ट एक्सपर्ट ने शो से पहले सिफारिशें शेयर करने की बात स्वीकार की और सेबी को दिए गए बयानों में प्रॉफिट शेयरिंग मॉडल को स्वीकार किया।

सेबी ने अपनी जांच के तहत तलाशी और जब्ती अभियान भी चलाया था और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को जब्त किया था। सेबी ने संस्थाओं के बैंक खातों से डेबिट को बैन कर दिया है और उनकी म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स से रिडम्पशन को कम कर दिया है। इसके अलावा उन्हें डेरिवेटिव मार्केट में में अपनी ओपन पोजीशन को बंद करने के लिए तीन महीने की अनुमति दी है।

ईपीएफओ ने फाइनल की ब्याज दर, पीएफ खाताधारकों को मिलेगा रिटर्न

नई दिल्ली। ईपीएफओ निवेशकों के लिए खुशखबरी है। सूत्रों के अनुसार पीएफ पर मिलने वाले ब्याज को बढ़ाने का फैसला हुआ है। जानकारी के अनुसार 2023-24 के ब्याज दर 8.25 प्रतिशत होगी। इससे पहले के साल में यह 8.15 प्रतिशत थी। बता दें, पिछले 3 साल में यह सबसे अधिक ब्याज दर होगी। मार्च 2023 में ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए पीएफ ब्याज दर 8.15 प्रतिशत कर दिया था। वहीं, मार्च 2022 में वित्त वर्ष 2021-22 के लिए यह 8.10 प्रतिशत हो गया था। हालांकि, यह दर 1977-78 के बाद सबसे कम थी। लेकिन अब एक बार फिर ब्याज दरों में होने जा रहे इजाफे का फायदा 6 करोड़ से अधिक कर्मचारियों को होगा। शनिवार को श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में ईपीएफओ की 235वीं बोर्ड मीटिंग हुई। जिसमें ब्याज दरों को बढ़ाने पर मंजूरी दे दी गई। बता दें, बढ़ें ब्याज दरों की आधिकारिक जानकारी वित्त मंत्रालय की तरफ से अप्रवूल मिलने के बाद सार्वजनिक की जाएगी।

एक्स से ही मैसेज और ऑडियो-वीडियो कॉलिंग करेंगे एलन मस्क

फोन नंबर कर देंगे बंद; जानें वजह

नई दिल्ली। टेक अरबपति एलन मस्क ने एक्स के ऑडियो/वीडियो कॉलिंग फीचर को बढ़ावा देते हुए कहा कि वह अपना फोन नंबर बंद कर देंगे, ऑडियो और वीडियो कॉल के लिए केवल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स का उपयोग करेंगे। मस्क ने एक्स पर लिखा, कुछ महीनों में, मैं अपना फोन नंबर बंद कर दूंगा और टेक्स्ट और ऑडियो/वीडियो कॉल के लिए एक्स का उपयोग करूंगा। मस्क के इस कदम को एक्स की ऑडियो और वीडियो कॉलिंग क्षमताओं को बढ़ावा देने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। इन सुविधाओं को पिछले साल अक्टूबर में जारी किया गया था, तब से मस्क सक्रिय रूप से एक्स को एक सर्वव्यापी ऐप बनाने पर जोर दे रहे हैं। इस फीचर को पिछले साल अक्टूबर में लॉन्च किया गया था। जिसे चुनिंदा उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध कराया गया था। पिछले महीने, माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं के लिए ऐप से सीधे ऑडियो और वीडियो कॉल करने की सुविधा शुरू की थी। मस्क की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कई यूजर्स ने अपने विचार साझा किए। एक यूजर ने लिखा, 2027 में एलन मस्क ङ्क मैं अब अपने फोन का उपयोग टेक्स्ट या ऑडियो विजुअल के लिए नहीं कर रहा हूं।

इंस्टाग्राम पर यूजर्स को मिलेगा एआई फीचर, जानें कैसे करेगा काम

नई दिल्ली। मेटा के स्वामित्व वाला इंस्टाग्राम कथित तौर पर यूजर्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से मैजेस लिखने की अनुमति देने की कार्यक्षमता पर काम कर रहा है। ऐप शोधकर्ता एलेसेंड्रो पलुजी ने एक स्क्रीनशॉट शेयर किया है जो किसी अन्य यूजर्स को मैसेज भेजते समय 'राइट विद एआई' का ऑप्शन दिखाता है। पलुजी ने एक्स पर लिखा, इंस्टाग्राम एआई के साथ मैसेज लिखने की क्षमता पर काम कर रहा है।

उन्होंने कहा, यह संभवतः आपके मैसेज को अलग-अलग स्टाइल में फ्रेज करेगा, जैसे कि गूगल का मैजिक कंपोज कैसे काम करता है। मेटा धीरे-धीरे जेनरेटिव एआई फीचर्स की एक नई श्रेणी के साथ नए एक्सपीरियंस पेश कर रहा है जो लोगों के एक-दूसरे से जुड़ने के तरीकों का विस्तार और मजबूती प्रदान करता है। मेटा एआई एक असिस्टेंट है जिससे आप '1-ऑन-1' चैट कर सकते हैं या ग्रुप चैट में मैसेज भेज सकते हैं।

यह पिंच में रिकमेंडेशन्स दे सकता है, जब आपको मजेदार जोक्स की ज़रूरत हो तो आपको हंसा सकता है, ग्रुप चैट में डिबेट सुलझा सकता है और आम तौर पर सवालों के जवाब देने या आपको कुछ नया सिखाने के लिए मौजूद रह सकता है। कंपनी के अनुसार, हम अभी केवल अमेरिका में एआई शुरू कर रहे हैं। मेटा एआई के साथ बातचीत करने के लिए, एक नया मैसेज शुरू करें और हमारे मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर 'क्रिएट एन एआई चैट' सलेक्ट, या ग्रुप चैट में 'मेटा एआई' टाइप करें। मेटा एआई असिस्टेंट मिस्टर बीस्ट और चार्ली डी'मेलियो जैसी मशहूर हस्तियों पर आधारित दर्जनों एआई कैरेक्टर के साथ व्हाट्सएप, मैसेंजर और इंस्टाग्राम पर आ रहा है। कंपनी के अनुसार, मेटा एआई में रील्स आपको वीडियो रिव्यूज के आधार पर घूमने के स्थानों के बारे में निर्णय लेने, ट्यूटोरियल वीडियो के साथ एक नया डांस सीखने या उस प्रोजेक्ट के लिए कुछ प्रेरणा देने में मदद कर सकती है जिस पर आप काम कर रहे हैं।

राम चरण की फिल्म आरसी16 में नजर आएंगी जाह्नवी

अभिनेता राम चरण मौजूदा वक्त में अपनी आगामी फिल्म गेम चेंजर की शूटिंग में व्यस्त हैं।इस फिल्म में उनकी जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।गेम चेंजर की शूटिंग खत्म करने के बाद राम चरण अपनी अगली फिल्म पर काम शुरू करेंगे, जिसका नाम फिलहाल आरसी16 रखा गया है।ताजा खबर यह है कि इस फिल्म राम चरण की जोड़ी दिवगंत अभिनेत्री श्रीदेवी के बेटी और बेहतरीन अदाकारी जाह्नवी कपूर के साथ बनेगी।

आरसी16 के निर्देशन की कमान बुच्ची बाबू ने संभाली है। रिपोर्ट के अनुसार, निर्माताओं ने फिल्म में महिला प्रधान भूमिका निभाने के लिए जाह्नवी से संपर्क किया है। दोनों के बीच लगातार बातचीत जारी है।यह पहली बार होगा जब राम चरण और जाह्नवी साथ में काम करेंगे। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। आरसी16 को एक गांव आधारित फिल्म कहा जाता है, जो एक बाहरी मनोरंजन के रूप में बनाई गई है।

जाह्नवी को आखिरी बार वरुण धवन के साथ फिल्म बवाल में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।इस वक्त जाह्नवी की झोली में ढेर सारी फिल्में हैं। इन दिनों वह अपनी आगामी फिल्म देवरा की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसमें वह जूनियर एनटीआर के साथ नजर आएंगी।यह फिल्म 5 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।इसके अलावा जाह्नवी मिस्टर एंड मिसेज माही और उलझ में दिखाई देंगी।

फिल्म कुछ खट्टा हो जाए का पहला गाना जीना सिखाया जारी

गायक और संगीतकार गुरु रंधावा फिल्म कुछ खट्टा हो जाए के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं।फिल्म में रंधावा की जोड़ी सई मांजरेकर के साथ बनी है।7 फरवरी को फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया था, जिसकी कहानी रोमांस और कॉमेडी से भरपूर है।अब कुछ खट्टा हो जाए का पहला गाना जीना सिखाया जारी कर दिया गया है। इसमें रंधावा और सई एक-दूसरे के इश्क में डूबे नजर आ रहे हैं।

कुछ खट्टा हो जाए के पहले गाने जीना सिखाया को रंधावा ने परंपरा टंडन के साथ मिलकर गाया है। इस गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं।यह फिल्म 16 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान जी अशोक ने संभाली है।फिल्म में दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।इला अरुण, अतुल श्रीवास्तव, परेश गनात्रा और परितोष त्रिपाठी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। गाने के बारे में बात करते हुए सई ने कहा, जीना सिखाया एल्बम व्यक्तिगत रूप से मेरा पसंदीदा है। यह एक भावपूर्ण गाना है, और इसे बहुत खूबसूरती से गाया गया है।अभिनेत्री ने कहा कि यह गाना भावनाओं से भरपूर है। मुझे उम्मीद है कि लोग जीना सिखाया को भी पसंद करेंगे।सई और गुरु रंधावा-स्टारर कुछ खट्टा हो जाए आगरा पर आधारित है, यह रोमांटिक कॉमेडी एक आधुनिक जोड़े इरा मिश्रा (सई) और हीर चावला (गुरु) और उनके परिवारों के बारे में है जो दर्शकों को हंसाएंगी। फिल्?म का संगीत एल्बम काफी शानदार है।

न्यूज गैलरी

पं. दीनदयाल उपाध्याय को सीएम साय ने किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एकात्म मानववाद के प्रवर्तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने कहा है कि पं. दीनदयाल उपाध्याय एक ऐसे युगदृष्टा थे, जिनके विचारों व सिद्धांतों ने देश को एक प्रगतिशील विचारधारा देने का काम किया। श्री साय ने कहा कि उनकी विचारधारा राष्ट्र के पुनर्निर्माण और भारत के गौरव को पुनः स्थापित करने के लिए थी। उनके अंत्योदय सिद्धांत पर चलकर हम समस्त जनमानस का जीवन स्तर बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वे सदैव हमारे प्रेरणास्त्रोत रहेंगे।

राशि गबन कर पंचायत सचिव भागा, पुलिस ने भेजा जेल

कवर्धा/नवप्रदेश। एक पंचायत सचिव अपने पद का दुरुपयोग करते हुए सरकारी राशि को गबन कर लिया है. इसका खुलासा होते ही उसके खिलाफ स्नढ्रक्र दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. यह मामला कवर्धा जिले के ग्राम पंचायत नवागांव का है. इसकी गिरफ्तारी के बाद हड़कंप मचा हुआ है.

ये है मामला– दरअसल कवर्धा जिले के जनपद पंचायत क्षेत्र सहसपुर लोहरा के ग्राम पंचायत नवागांव में तत्कालीन सचिव गुलाब कश्यप ने 6 लाख तीन हजार रुपए को फर्जी तरीके से आहरण कर ली थी. यह राशि पंचायत के विकास काम के लिए थी. लेकिन पंचायत सचिव ने बिना काम कराए राशि को गबन कर लिया था. इस बड़ी राशि के गबन करने की जानकारी जनपद पंचायत के सीईओ को मिली। इसके बाद जनपद पंचायत के सीईओ ने सचिव के खिलाफ लोहरा थाने में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी सचिव गुलाब कश्यप के खिलाफ मामला दर्ज किया. एफआईआर दर्ज होने के बाद फरार आरोपी को खोज निकालने के लिए कवर्धा पुलिस जुट गई. पुलिस ने उसे खोज निकाला और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. पुलिस की इस कार्रवाई के बाद जिले के कई पंचायत सचिवों में हड़कंप मचा हुआ है।

अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के साथ पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 56 पाव देशी शराब, बिक्री रकम 700 रुपए और बाइक जब्त किया है। खमतराई पुलिस ने सुखा बांधा मैदान बंजारी नगर के पास अवैध शराब बेचते आरोपी गोटी लाल सायतोडे 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 22 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। इसी तरह गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी कमलेश मसीह 28 वर्ष के पास से 18 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने रावणभाठा मैदान के पास बाइक सवार आरोपी गोविंद यादव 30 वर्ष के पास से 16 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 400 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

कलयुगी पुत्र ने बुजुर्ग मां को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। डबरापारा चुनाभट्ठी में एक युवक ने अपनी बुजुर्ग मां से मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया बुधा बाई साहू 73 वर्ष डबरापारा चुनाभट्ठी की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि उसका बेटा आरोपी रविशंकर साहू 42 वर्ष शराब के नशे में घर आया और दरवाजा को लात मार रहा था, जिससे प्रार्थिया ने मना किया तो आरोपी ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर गंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 32 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पार्किंग में खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। बस स्टेण्ड भाठागांव पार्किंग में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी डालेन्द्र कुमार साहू 23 वर्ष ग्राम बलौदी पलारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीएस 0581 को भाठागांव बस स्टेण्ड के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 27 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 27 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। खम्हारडीह पुलिस ने कचना रोड में सरेआम शराब पीते आरोपी प्रदीप द्विवेदी 38 वर्ष व प्रसांत पटेल 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आजाद चौक पुलिस ने आरोपी अभिषेक शर्मा 36 वर्ष एवं आमानाका पुलिस ने आरोपी बाबुलाल प्रजापति 22 वर्ष, दीनानाथ साव 47 वर्ष, पंटस साव 52 वर्ष, रविंद्र साहू 35 वर्ष, स्वरूप सिंह 20 वर्ष, सतीष कुमार 45 वर्ष, विनोद राय 26 वर्ष व महाराज राम 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी रोहन महतो 24 वर्ष व आकाश दास 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी कृष्णा साहू 23 वर्ष, लोकेश सिन्हा 29 वर्ष व मनोज साहू 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। टिकरापारा पुलिस ने आरोपी ताराचंद साहू 26 वर्ष एवं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी अशोक कुमार मांडले 38 वर्ष व हेमंत कुर्रे 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी बसंत देवांगन 53 वर्ष व किशोर देवांगन 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी अर्जून महानंद 40 वर्ष, विवेक सांग 23 वर्ष व भुपेंद्र भारद्वाज 50 वर्ष एवं माना पुलिस ने आरोपी जसवंत भारती 40 वर्ष, सीदाम बर्मन 36 वर्ष व राजेश राय 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

अवैध गतिविधियों पर सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति : साय

- **मुख्यमंत्री ने अपराध पर लगाम लगाने पुलिस अधिकारियों को दिया कड़ा संदेश**

पुलिस के प्रति अपराधियों के मन में डर और आम जनता में सम्मान हो

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि अपराध, नशाखोरी और अवैध गतिविधियों पर हमारी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है। अपराधों पर लगाम नहीं लगी तो सबंधित जिले के पुलिस कप्तान पर कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में आज आयोजित पुलिस महानिरीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस को लेकर अपराधियों के मन में डर और आम जनता के मन में सेना की तरह सम्मान होना चाहिए।

नए कानून समयबद्ध तरीके से लागू हों यह सुनिश्चित किया जाए

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव ने अधिकारियों से कहा कि पुलिस का व्यवहार अपराधियों के लिए कठोर हो और आमजनों के लिए उतना ही नम्र और मृदु होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अवैध शराब, जुआ, सट्टा जैसी सामाजिक बुराईयां समाज को अंदर तक खोखला कर देती हैं। जब युवा इससे प्रभावित होते है तो यह सर्वाधिक चिंता जनक है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ा निर्देश देते हुए कहा कि यदि आपराधिक गतिविधियों पर लगाम नहीं लगेगी तो ना केवल संबंधित जिले के पुलिस कप्तान बल्कि थाना स्तर के पुलिस अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। श्री साय ने कहा कि पुलिस विभाग अनुशासित विभाग है, पुलिस अधिकारियों में यह अनुशासन दिखना चाहिए, जो अंततः अनुशासित और अपराध मुक्त समाज की स्थापना में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की दंड से न्याय की ओर की संकल्पना को स्थापित करने के लिए किये जा रहे प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि नए कानून समयबद्ध तरीके से लागू हों, यह सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश के माओवाद प्रभावित क्षेत्र में हमारे जवान कठिन परिस्थितियों में उनका डटकर मुकाबला कर रहे हैं। उन्होंने संदेश दिया कि छत्तीसगढ़ सरकार हर मोर्चे पर पुलिस कर्मियों के साथ खड़ी है और उनके सुविधाओं में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। पुलिस के कल्याण के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं। समय पर पदोन्नति, आवास, जरूरी अधोसंरचना सहित संसाधनों की आपूर्ति के लिए हमने व्यवस्थाएं की हैं, इसे आगे भी जारी रखेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ शासन के वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट का उल्लेख करते हुए कहा कि इस बजट में पुलिस विभाग के लिए बड़ी राशि आवंटित की गई है। यह बजट कानून का राज स्थापित करने में निर्णायक साबित होगा। उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सरकार के पहले बजट में गृह विभाग को काफी कुछ मिला है, पिछले वर्ष के बजट की तुलना में गृह विभाग के बजट में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस बजट में नक्सल ऑपरेशन में जाने वाले जवानों के लिये राशन का बैग और स्पाईक रेसिस्टेंट शूज का प्रावधान किया गया है, जिससे अब नक्सल ऑपरेशन में जाने वाले जवानों को सुविधा होगी। पुलिस विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारियों की सुविधाओं में वृद्धि के लिए भी इस बजट में प्रावधान किये गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री के हृदय में बड़े अधिकारी से लेकर आरक्षक तक के अधिकारी के लिए समान रूप से संवेदना है। हम सबका कर्तव्य है कि अपराध हुआ तो अपराधी को जल्द से जल्द पकड़ लें। श्री शर्मा ने कहा कि समाज में वातावरण बने कि अपराध ही न हो और इसी लक्ष्य के साथ अधिकारियों को अपने दायित्वों का पालन करना चाहिए।

बंधक बनाई गई जोगी दीपिका सुरक्षित लौटी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की त्वरित पहल से मस्कट में बंधक बनाई गई छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के खुर्सीपार निवासी जोगी दीपिका मानव तस्करों से बचकर सुरक्षित छत्तीसगढ़ पहुंच गई हैं। मुख्यमंत्री श्री साय को जब इस प्रकरण की जानकारी उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से मिली तो उन्होंने उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा को जोगी दीपिका को भारत वापस लाने के लिए हर संभव पहल करने के निर्देश दिए थे। छत्तीसगढ़ वापस आने के बाद जोगी दीपिका ने उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ सरकार के संवेदनशील पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री साय, उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा और वैशाली नगर विधायक रकेश सेन के प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मस्कट में बंधक बनाई गई जोगी दीपिका के मामले में ओमान स्थित इंडियन एम्बेसी से संपर्क कर जोगी दीपिका की मदद का आग्रह किया। उप मुख्यमंत्री सतत रूप से इंडियन एम्बेसी के संपर्क में रहे और लगातार अपडेट लेते रहे। इस दौरान उन्होंने दूरभाष पर मस्कट में जोगी दीपिका से बातचीत कर उन्हें भरोसा दिलाया कि छत्तीसगढ़ सरकार उन्हें सुरक्षित वापस लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। जल्द ही उनकी छत्तीसगढ़ सुरक्षित वापसी होगी। उप मुख्यमंत्री के लगातार प्रयासों से ओमान स्थित इंडियन एम्बेसी ने त्वरित कार्रवाई की, जिसके परिणाम स्वरूप दीपिका को सुरक्षित एम्बेसी लाया गया। इन प्रयासों का यह सुखद परिणाम रहा कि दीपिका सुरक्षित भारत पहुंची। छत्तीसगढ़ पहुंचकर जोगी दीपिका सबसे पहले उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा से मिलने पहुँची और उन्हें अपनी आपबीती सुनाई। जोगी दीपिका ने कहा कि आपकी मदद से ही आज मैं अपने वतन सुरक्षित लौट पाई हूं, नहीं तो मैं वहां जीवन भर बंधक ही रह जाती। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय, उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा और विधायक श्री रिकेश सेन के प्रति आभार प्रकट किया। उल्लेखनीय है कि दुर्ग जिले के निवासी जे. मुकेश ने पुलिस को आवेदन दिया था कि उनकी पत्नी जोगी दीपिका को घरेलू काम दिलाने के बहाने हैदराबाद निवासी अब्दुल्ला ने ओमान देश की राजधानी मस्कट निवासी हाफिज़ा के घर गत वर्ष मई 2023 में भेजा था।

बीजेपी नेता हत्याकांड के आरोपी की दुकान पर चला प्रशासन का बुलडोजर

कांकेर/नवप्रदेश। जिले के बहुचर्चित बीजेपी नेता असीम राय हत्याकांड मामले में प्रशासन का बुलडोजर रुकने का नाम नहीं ले रहा है। हत्याकांड में शामिल आरोपी सोमेन मंडल के अवैध दुकान पर प्रशासनिक अमले ने कार्रवाई की है। कुछ दिन पूर्व ही आरोपी पार्षद विकास पॉल के लॉज पर भी प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर हटाने की कार्रवाई की थी। हत्या कांड के बाद से लगातार इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ था। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद माहौल शांत हुआ। जिसके बाद हत्याकांड की साजिश रचने में शामिल आरोपी विकास पॉल के अवैध अतिक्रमण पर 23 जनवरी 2024 को बुलडोजर चलाया गया था। शनिवार सुबह से प्रशासन पहुंच कर आरोपी सोमेन मंडल के अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई कर रही है। मामले में तहसीलदार कुलदीप ठाकुर का कहना है कि सोमेन मंडल ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर दुकान निर्माण कराया है। जिस पर कार्रवाई की जा रही है।

गौरतलब है कि पखांजूर में 7 जनवरी को बीजेपी के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष असीम राय की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद से इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ था. पुलिस की टीम ने एसआईटी टीम का गठन किया गया था. टीम ने सबसे पहले हत्याकांड में शामिल 11आरोपियों को गिरफ्तार किया था. इसमें मुख्य आरोपी पखांजूर नगर पंचायत का अध्यक्ष व कांग्रेस नेता बप्पा गांगुली, कांग्रेस पार्षद विकास पाल, चांदीपुर का उप सरपंच जितेन्द्र बैरागी, मेडिकल संचालक सोमेन मंडल व अन्य का नाम शामिल है. इन्होंने मिलकर भाजपा नेता असीम राय की गोली मारकर हत्या करने की सुपारी 7 लाख रुपए में आरोपी विकास तालुकदार को दी थी. जिसे पुलिस ने महाराष्ट्र के चंद्रपुर से गिरफ्तार कर लिया है. वही दंतेवाड़ा से पुलिस ने आरोपी को हथियार उपलब्ध कराने वाले को भी गिरफ्तार किया है. इस तरह अब तक कुल 13 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

मुख्यमंत्री खाद्यान्न सुरक्षा योजना के तहत मिलेगा नि:शुल्क चावल

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार के वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना अंतर्गत 3 हजार 400 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री खाद्यान्न सुरक्षा योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को आगामी पांच वर्ष तक निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री दयालदास बघेल ने बताया कि महिलाओं एवं बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए फोर्टिफाइड राईस के वितरण के लिए 209 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

इसी प्रकार शक्कर वितरण के लिए 150 करोड़ रूपए, गुड़ वितरण के लिए 81 करोड़ रूपए, अंत्योदय अन्न योजना के अंतर्गत चना वितरण के लिए 400 करोड़ रूपए, रियायती दर पर आयोडिन नमक वितरण के लिए 139 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

महतारी वंदन योजना : 35 लाख 49 हजार से अधिक महिलाओं ने भरा आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आरंभ की गई महतारी वंदन योजना के लाभ के लिए बड़ी संख्या में आवेदन भरने का सिलसिला जारी है। इस योजना के तहत प्रदेश में 35 लाख 49 हजार 561 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार महतारी वंदन योजना के तहत पात्र महिलाओं से आवेदन लिए जा रहे है। प्रदेश भर में फार्म भरने के लिए महिलाएं बड़ी संख्या में आवेदन कर रही हैं। महिलाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। सभी जिलों में लग रहे कैंपों में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। महिलाओं का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से हर महीने मिलने वाली एक हजार रूपए की राशि से वह अपनी छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगी और सम्मानजनक जीवन निर्वाह कर सकेंगी। महतारी वंदन योजना के तहत वर्ष 2024-25 के बजट में 117 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। प्रतिवर्ष महिलाओं को 12000 रूपए मिलेगा। जिलावार प्राप्त आवेदन- महतारी वंदन योजना के अंतर्गत अब तक बालोद जिले में एक लाख 24 हजार 986, बलौदाबाजार में एक लाख 40 हजार 06, बलरामपुर में एक लाख 12 हजार 561, बस्तर में एक लाख 22 हजार 610, बेमेतरा में एक लाख 54 हजार 61 आवेदन जमा किए जा चुके हैं।

चाकू लहराता युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। नेवरा पुलिस ने चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार नेवरा पुलिस को सूचना मिली कि बाजार चौक बहेसर के पास एक युवक चाकू लहराकर आम लोगों को डरा धमका रहा है।

सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी अमरदास मानिकपुरी 44 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त कर धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

प्रदेश के करीब 49 लाख राशनकार्डधारियों ने किया नवीनीकरण का आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में अब 48 लाख 80 हजार 829 राशन कार्डधारियों ने नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 77 लाख राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 25 जनवरी से जारी है। राशनकार्ड नवीनीकरण 25 जनवरी से 15 फरवरी 2024 तक किया जा रहा है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले स्थान पर बालोद जिला में कुल 2 लाख 21 हजार 810 हितग्राहियों में से 1 लाख 81 हजार 892 हितग्राहियों ने अपना ऑनलाईन आवेदन जमा किया है। द्वितीय स्थान पर कांकेर जिले में कुल 1 लाख 87 हजार 999 हितग्राहियों में से 1 लाख 45 हजार 57 हितग्राहियों ने अपना ऑनलाईन आवेदन जमा किया है और तीसरे स्थान पर धमतरी जिले में कुल 2 लाख 42 हजार 320 हितग्राहियों में से 1 लाख 85 हजार 585 हितग्राहियों ने अपना ऑनलाईन आवेदन जमा किया है।

टैक्स चोरी करने वाले कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई

- **स्टेट जीएसटी विभाग की छापेमारी**

रायपुर/नवप्रदेश। नई सरकार के गठन होने के बाद स्टेट जीएसटी विभाग एक्शन मोड पर दिखाई दे रहा है. स्टेट जीएसटी विभाग कर चोरी करने वाले कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है. बुधवार को स्टेट जीएसटी विभाग के इंफोर्समेंट विंग ने कंधारी ट्रांसपोर्ट, कोरबा, फ्लावर क्वीन रायपुर और लक्ष्मी रूप प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है. साथ ही राजधानी रायपुर में एक तंबाकू गोदाम पर भी छापेमारी की. इन सभी से कुल 4 करोड़ रुपये का टैक्स मौके पर ही जमा करवाया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है, ताकि अधिक राशि जमा कराई जा सके। यह कार्रवाई स्टेट जीएसटी आयुक्त रजत बंसल के आदेश पर अपर आयुक्त प्रवर्तन प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में की गई है. स्टेट जीएसटी विभाग के अनुसार कर चोरी करने वालों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी, जिससे व्यवसाय में पारदर्शिता बढ़ाई जा सके और राजस्व बढ़ाने के सभी संभावित प्रयासों को जारी रखा जा सके. इसी कड़ी में राजधानी रायपुर के कई व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई है. स्टेट जीएसटी विभाग की टीम ने कई करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी है. कुछ प्रतिष्ठानों ने मौके पर ही कुल 4 करोड़ से ज्यादा जीएसटी भरा है. कर चोरी के मामले में छापेमारी से व्यापारियों में दिनभर हड़कंप मचा रहा।

रायपुर में सर्द हवाओं से फिर लौटी ठंड, तापमान में गिरावट जारी

- **आईएमडी ने जताई बारिश की संभावना**

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर सहित छत?तीसगढ़ में मौसम शुष्क बना हुआ है और तापमान में गिरावट जारी है। 9 फरवरी को उत्तर से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं के प्रभाव के कारण न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। मौसम विभाग का कहना है कि आगामी कुछ दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा और न्यूनतम तापमान में आने वाले दो दिनों में तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी।। 10 फरवरी से हवा की दिशा में बदलाव की संभावना है। मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी से आने वाली गर्म और नमीयुक्त हवाओं के कारण 11 से 14 फरवरी तक प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में बारिश की संभावना जताई है। 12 और 13 फरवरी को मध्य छत?तीसगढ़ में ज्यादा प्रभाव रहने की संभावना है।

अंबिकापुर रहा सबसे ठंडा

प्रदेशभर में गुरुवार को अंबिकापुर सबसे ठंडा रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री कम रहा। पेंड्रा रोड का न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, यह सामान्य से दो डिग्री कम रहा।

इसी प्रकार रायपुर का अधिकतम तापमान 28.0 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम और न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री ज्यादा रहा। आने वाले दिनों में भी मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा।

फरवरी के पहले सप्ताह में ठंड कम

मौसम विज्ञानियों के अनुसार बीते 10 वर्षों में इस वर्ष जनवरी का महीना सबसे कम ठंडा रहा। जनवरी के आखिरी सप्ताह को छोड़ दिया जाए तो पूरे महीने ठंड गायब रही। फरवरी का भी पहला सप्ताह बीत चुका है और ठंड कमतर रही, हालांकि अब न्यूनतम तापमान में गिरावट से ठंड बढ़ने के आसार हैं। गुरुवार को रायपुर सहित प्रदेश का मौसम शुष्क रहा। उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं के चलते तेज धूप में भी ठंडकता का अहसास रहा। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान इन दिनों सामान्य से ज्यादा है।

छत्तीसगढ़ लघुवनोपज प्रबंधक संघ की हड़ताल का तीसरा दिन

रायपुर/नवप्रदेश। नियमितीकरण समेत 4 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ लघुवनोपज प्रबंधक संघ की हड़ताल का आज तीसरा दिन है। सरगुजा से लेकर बस्तर तक प्रदेशभर के 902 प्रबंधक हड़ताल पर बैठे हैं।

प्रबंधकों की हड़ताल को अब वन कर्मचारी संघ ने भी अपना समर्थन दिया है। प्रबंधकों के हड़ताल पर चले जाने से मिलेट्स बेचने के लिए किसान भटक रहे हैं। दरअसल, 6 फरवरी से प्रदेश में लघुवनोपज प्रबंधक संघ के सदस्य अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। जिसका सीधा असर प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण मिलेट्स योजना पर पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना तहत 65 प्रकार के वनोपजों और तीन प्रकार के मिलेट्स जिसमें कोदो, कुटकी और रागी का संग्रहण प्राथमिक लघुवनोपज संघ के प्रबंधकों के माध्यम से किया जाता है।

प्रबंधकों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से प्रदेश में मिलेट्स खरीदी शून्य हो गई है। साथ ही ग्रामीण किसानों को मिलेट्स बेचने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।